ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
वैशाख कृष्ण पक्ष 15, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 08 मई 2024, वर्ष-25, अंक-95, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

आइए गर्व के साथ मतदान करें
मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव



पेज-12

संसेक्स 73,511.85 ▼-383.69
डॉलर 83.463 ▼-0.013

**रांची सर्राफा**
सोना (10 ग्राम) 67,650
चांदी (1 किलो) 87,500

# गरीब परिवार की महिला को देंगे एक लाख : राहुल

■ बीजेपी वाले आदिवासियों को वनवासी कहते हैं, वे आपके वन अंबानी को दे देंगे ■ हम किसानों का कर्ज माफ करेंगे, एमएसपी भी देंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा/गुमला।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की बागडोर संभालने वाले राहुल गांधी मंगलवार को झारखंड पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चाईबासा टाटा कॉलेज और उसके बाद गुमला के बसिया में कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के समर्थन जनसभा को संबोधित किया। जनसभाओं में उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन यदि सत्ता में आया तो देश के गरीब परिवारों का सर्वेक्षण कराया जायेगा। हर गरीब परिवार की एक महिला के खाते में हर वर्ष एक लाख रुपये डाले जायेंगे। आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का मानदेय भी दोगुना कर दिया जायेगा। उन्होंने आरक्षण बढ़ाने का भी वादा किया। राहुल ने जोहार शब्द से संबोधन की शुरूआत की। साथ ही कहा कि जोहार इसलिए बोला कि यह आदिवासियों का शब्द है। इसमें आपकी आवाज अच्छी सुनाई देती है। कहा जल, जंगल और जमीन पर पहला हक आदिवासी, दलित और पिछड़ों को है। बीजेपी वाले आदिवासियों को वनवासी कहते हैं वनवासी उसे कहते हैं जो वन में रहता है। वे आपके वन को अंबानी आदि को दे देंगे और वन समाप्त हो जाएगा तो आप भीख मांगने के लिए मजबूर कर दिया जाएंगे। ये आपका अधिकार को दबाना चाहते हैं लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे।




### हर महीने 8,500 रुपये टकाटक...टकाटक

राहुल ने कहा कि देश में सभी गरीब परिवार का लिस्ट तैयार किया जाएगा जिसमें वैसे आदिवासी, दलित और पिछड़े लोग होंगे जो गरीबी रेखा से नीचे हैं। ऐसे परविार की एक महिला के अकाउंट में हम 10 हजार, 20 हजार, 50 हजार नहीं बल्कि पूरा एक लाख प्रति वर्ष डाल देंगे। प्रत्येक माह 8,500 रुपया टकाटक... टकाटक। मोदी देश के 22 पूंजीपतियों को अरबपति बना रहे हैं लेकिन हम देश की करोड़ों महिलाओं को लखपति बनायेंगे। महिलाओं के अकाउंट को इसलिए चुना है क्योंकि महिलाएं 16 से 18 घंटे काम करती हैं।

**हम सभी मिलकर हेमंत सोरेन को जेल से निकालेंगे :** राहुल गांधी ने कहा कि एक साजिश के तहत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया है लेकिन किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हम सभी मिलकर उन्हें जेल से निकालेंगे। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन, चम्पाई सोरेन और झारखंड के तमाम आदिवासी हेमंत सोरेन के साथ खड़े हैं।

## भाजपा झारखंड का इतिहास मिटाना चाहती है : मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश के लिए निर्णायक है। हमने आदिवासियों-मूलवासियों का अस्तित्व बचाने के लिये सरना धर्म कोड बनाया लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने इसे रोक दिया। भाजपा यहां का इतिहास मिटाना चाहती है। हमने ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की लेकिन वो आगे नहीं बढ़ा। भाजपा पूरी तरह से आदिवासी-मूलवासी, पिछड़ा, दलित, गरीब विरोधी है। मुख्यमंत्री मंगलवार को चाईबासा टाटा कॉलेज व गुमला के बसिया में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भाजपा ने झारखंड में सबसे ज्यादा शासन किया लेकिन झारखंड को अलग दिशा में ले गए। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछड़ेपन की जिम्मेदार भाजपा है। ये रोजगार और आदिवासी मूलवासी कल्याण की बात नहीं करते। उन्होंने लोगों से अपील की कि पांच साल बाद मिला मौका गंवाना नहीं है। भाजपा को सत्ता से बेदखल करना है। चंपाई ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्राइमरी स्कूल बंद किए। गांव के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई। इनकी मंशा आदिवासी कल्याण की नहीं है।

## सिंह की दहाड़ की तरह वोट से तानाशाही ताकतों को दें जवाब : कल्पना सोरेन

कल्पना सोरेन ने भी इन चुनावी सभाओं को संबोधित किया। चाईबासा में कहा कि सिंहभूम शेरों की भूमि है, यहां लाखों शेर और शेरनियां हैं। देश की तानाशाही ताकतों जो हमें कुचलने,तोड़ने और झुकाने पर आमादा हैं, उन्हें अपनी दहाड़ से जवाब दीजिए वोट की ताकत से चोट कीजिए। तभी हम सभी के आत्मविश्वास और स्वाभिमान की रक्षा हो सकेगी। कल्पना सोरेन ने अपने पति के नए लुक का जिक्र करते हुए कहा कि हेमंत के नए लुक को हम सभी को मिल कर ताकत देनी है, नारों की गूंज सिर्फ आज ही नहीं 4 जून को भी सुनाई देनी चाहिए। कल्पना सोरेन ने मंच पर मौजूद राहुल गांधी की जम कर तारीफ करते हुए कहा कि इनकी दृष्टि काफी दूर तक है, ये सिर्फ झारखंड ही नहीं पूरे देश के आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, महिलाएं, बेरोजगार, सभी के लिए सोच रहे हैं, इसलिए इनके हाथ को मजबूत करना है।



### आज के मैच

SUNRISERS VS LUCKNOW SUPER GIANTS

**समय : 08 मई, 7:30 बजे से**
**स्थान : हैदराबाद**

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

### एक नजर

### झामुमो ने विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से किया निलंबित



**रांची।** झामुमो ने लोहरदगा सीट पर 'इंडिया' गठबंधन से बगावत कर स्वतंत्र प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित कर दिया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय की ओर से मंगलवार को जारी पत्र में कहा गया है कि चमरा लिंडा ने लोहरदगा सीट से नामांकन कर गठबंधन धर्म के विपरीत कार्य किया है। ऐसे में उन्हें पार्टी की केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर पार्टी के सभी पदों से मुक्त करते हुए सदस्यता से निलंबित किया जाता है। चमरा लिंडा विशुनपुर विधानसभा सीट से झामुमो के विधायक हैं और लोहरदगा लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर डटे हुए हैं। 'इंडी' गठबंधन के तहत यह सीट कांग्रेस को दी गई है, जिसने सुखदेव भगत को उम्मीदवार बनाया है।

### आजकल




# तीसरे चरण में 61.45 प्रतिशत मतदान, आंकड़े में बदलाव संभव



■ असम में सबसे ज्यादा 75 प्रतिशत, महाराष्ट्र में सबसे कम 53.40 प्रतिशत, बिहार-छत्तीसगढ़ में तीन की मौत

■ तीसरे चरण के साथ 20 राज्यों एवं यूटी में मतदान की प्रक्रिया पूरी, 543 लोस सीटों में से 283 पर हो चुका मतदान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को एक बार फिर 60 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है। चुनाव आयोग ने बताया कि रात आठ बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 11 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 93 सीटों पर 61.45 प्रतिशत मतदान हुआ। आयोग ने बताया कि चुनाव शांति पूर्ण रहा। हालांकि, सुबह पश्चिम बंगाल से हिंसा की छिटपुट खबरें प्राप्त हुई थीं। रात 8 बजे तक सबसे ज्यादा 75.26 प्रतिशत मतदान असम में होने की सूचना है। महाराष्ट्र में सबसे कम 54.77 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले। गोवा में 74.27 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत मतदान हुआ। कर्नाटक में 67.76 फीसदी, छत्तीसगढ़ में 66.99 फीसदी, दादर एवं नागर हवेली और दमन एवं दीव में 65.23 फीसदी और मध्य प्रदेश में 63.09 फीसदी मतदान हुआ। उत्तर प्रदेश से 57.34 प्रतिशत, गुजरात से 56.76 प्रतिशत और बिहार से 56.55 प्रतिशत मतदान की खबर है। पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ था। चुनाव आयोग ने बताया कि वोटिंग के आंकड़े अंतिम नहीं हैं तथा इनमें आगे बदलाव की संभावना है। वोटिंग के दौरान कई जगहों पर छिटपुट घटनाएं सामने आईं। कुछ जगहों पर लोगों ने वोटिंग का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### आधी से अधिक सीटों पर मतदान संपन्न

तीसरे चरण के साथ ही 20 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान की प्रक्रिया पूरी हो गई है। कुल 543 लोकसभा सीटों में से 283 पर मतदान हो चुका है। यानी लोकसभा की कुल सीटों में से आधी से अधिक पर मतदान संपन्न हो गया है। बाकी बचे चार चरणों में 260 संसदीय क्षेत्रों के लिए वोट डाले जाएंगे। गुजरात (25 सीट, क्योंकि सूरत सीट भाजपा निर्विरोध जीत चुकी है) और गोवा (2 सीट) समेत केंद्र शासित प्रदेशों दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव (1-1 सीट) में एक ही चरण में मतदान पूरा हुआ। तीसरे चरण में मतदान वाली अन्य सीटों में असम की 4, बिहार की 5, छत्तीसगढ़ की 7, मध्य प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10 और पश्चिम बंगाल की 4 सीटें शामिल हैं।

**बाबूलाल ने सीएम को लिखा पत्र**

### गोपनीय पत्र मिलने की सीबीआई जांच कराएं

**रांची।** भाजपा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ईडी द्वारा जब्त 35 करोड़ की राशि के मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में बाबूलाल ने कहा कि ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मुख्य सचिव को लिखे गए गोपनीय पत्र की प्रति ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के कर्मचारी के घर से मिला है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है कि कैसे एक गोपनीय पत्र निजी सचिव के कर्मचारी के आवास से मिला है। इसकी जांच कराई जाए। मरांडी ने पत्र में लिखा है कि देशभर में नोट के बंडल के साथ मुख्य सचिव का पत्र मिलने की चर्चा हो रही है। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# हमारी चुनावी प्रक्रिया व प्रबंधन दुनिया के लिए सीखने का विषय : प्रधानमंत्री

■ मीडियाकर्मी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, लोकतंत्र के पर्व को उत्सव के रूप मनाएं

■ शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आयोग, सुरक्षा बल व प्रशासनिक अधिकारियों को बधाई



**एजेंसी। अहमदाबाद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार सुबह अहमदाबाद के राणीप स्थित निशाल स्कूल में मतदान करने के बाद मीडिया से बातचीत में लोकतंत्र के पर्व को उत्सव के रूप में मनाने की अपील की। उन्होंन गर्मी में भागदौड़ कर रहे मीडिया के साथियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने को कहा। बोले, मीडिया में कंपटिशन भी इतना है कि आपको समय से आगे दौड़ना पड़ता है ऐसे में स्वास्थ्य का ध्यान राना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे मीडिया के मित्रों का बताना चाहते हैं कि हमलोगों के देश में भारत की चुनावी प्रक्रिया व प्रबंधन ऐसा है जो दुनिया के लोकतांत्रिक देशों के लिए सीखने का उदाहरण है। दुनिया की बड़ी बड़ी यूनिवर्सिटी को इसकी स्टडी करना चाहिए। आज दुनिया के 64 देशों में चुनावी प्रक्रिया है, सभी से तुलना करना चाहिए। इस वर्ष लोकतंत्र का उत्सव न सिर्फ भारत में है, बल्कि पूरी दुनिया में है। भारत ने दुनिया में जो भी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### 900 से अधिक चैनल पांच हजार से अधिक दैनिक समाचार पत्र

प्रधानमंत्री ने मीडिया का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में 900 से अधिक टीवी चैनल और 5 हजार से अधिक दैनिक अखबार निकलते हैं। सभी पूरी तरह से चुनाव के रंग में रंग जाते हैं। हरेक का प्रयास और यही मंथन है जो लोकतंत्र को मजबूत करता है, और देश को भी मजबूत सरकार देता है।

# काले धनकुबेरों के ठिकानों पर दूसरे दिन भी रेड

### करोड़ों के कैश बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को भी राजधानी के सात जगहों पर छापा मारा। जहां से करोड़ों रुपए कैश में बरामद होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार रांची के सिंह मोड़, रातू और आईटीआई बस स्टैंड के पास रहने वाले बिल्डरों के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। जबकि डोरंडा शुक्ला कॉलोनी के एक ठेकेदार राजीव कुमार सिंह उर्फ राजू सिंह के यहां भी ईडी ने छापेमारी की, जहां से डेढ़ करोड से अधिक की राशि मिलने की खबर है। जिसे गिनने के लिए बैंक से मशीन मंगवाई गई।



**मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव और जहांगीर छह दिनों की ईडी रिमांड पर :** सोमवार की सुबह चार बजे से शुरू हुई ईडी की छापेमारी मंगलवार के सुबह तीन बजे तक चली। उसके बाद ईडी ने संजीव लाल और नौकर जहांगीर को हिरासत में लेकर अपने साथ लेकर ईडी दफ्तर लेते गई। जहां पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के गिरफ्तार पीएस संजीव लाल,उनके नौकर जहांगीर आलम को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में संजीव लाल और जहांगीर से पूछताछ करने के लिए ईडी की ओर से दस दिनों की रिमांड मांगी गयी। इसके बाद कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। दोनों आरोपितों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजा गया। ईडी दोनों को बुधवार से रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

**पैरवी वाली पर्ची से प्रशासनिक खेमे में खलबली :** ईडी की छापेमारी के दौरान पैरवी वाली पर्ची मिली है, जिसके बाद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर


# इंडिया भविष्य की सरकार को उछाले गए मुद्दों से ऊपर गंभीर प्रयास करने होंगे



सुनील बादल

*हिंदुत्व* और जातीय जनगणना जैसे उछाले गए मुद्दों से अलग नए भारत में कुछ ऐसा भी हो रहा है जो न सिर्फ समय की मांग है बल्कि वैश्विक दौड़ में आगे रहने के लिए बाध्यकारी है । भारत अपने आर्थिक प्रक्षेपक और अपने विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये आवश्यक रणनीतियों के बारे में गंभीर चर्चा में रत है कि वर्ष 2025 तक भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य जो मुख्य रूप से समग्र सकल घरेलू उत्पाद के आसपास केंद्रित है, एक सामान्य नागरिक के हित या कल्याण के महत्त्वपूर्ण विषय की अनदेखी करता है और मुख्यतः प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर अधिक बल देता है। भारत के आर्थिक भविष्य की पुनर्कल्पना के लिए रघुराम राजन और रोहित लांबा की किताब **'ब्रेकिंग द मोल्ड: रीइमेजिनिंग इंडियाज इकोनॉमिक फ़्यूचर'** भारत के विकास मॉडल के समालोचनात्मक परीक्षण का प्रयास करती है। यह सवाल उठाती है कि क्या औद्योगिक विकास पर सेवा क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने से सतत विकास की राह पाई जा सकती है, जबकि यह विकसित एवं औद्योगीकृत अर्थव्यवस्थाओं में देखे गए ऐतिहासिक पैटर्न से एक भटकाव को प्रकट करता है।

भारत को अपनी अर्थव्यवस्था में अपने विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने में विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जहाँ विकास दर 20% या उससे कम रही है। इससे भारत के विकास में एक विशिष्ट




चरण को दरकिनार करने, कृषि अर्थव्यवस्था से एक प्रबल सेवा-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ने और इस तरह के संक्रमण की संवहनीयता के बारे में चिंताएं पैदा होती हैं। राजन और लांबा सूचना प्रौद्योगिकी के परिष्करण द्वारा विश्व व्यापार सेवा विकास में भारत के लिये एक अवसर की बात करते हैं।

चूँकि वैश्विक कंपनियां व्यावसायिक सेवाओं को अधिकाधिक आउटसोर्स कर रही हैं, भारत एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, बशर्ते वह 'स्केलेबिलिटी' की चुनौती को संबोधित कर सके।

### रोजगार संकट और युवा आकांक्षाएं

भारत एक रोजगार संकट का सामना कर रहा है, विशेषकर युवाओं (15-24 आयु वर्ग) के बीच, जहाँ बेरोजगारी दर 40% से अधिक है। युवा कामगार उच्च आकांक्षाएँ रखते हैं और देश को निजी नियोक्ताओं द्वारा पर्याप्त रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के लिये त्वरित उपायों की आवश्यकता है।

### सेवा क्षेत्र मॉडल से संलग्न चुनौतियां

भारत में वर्तमान सेवा क्षेत्र हाई-टेक सेवाओं में वृद्धि का अनुभव करते हुए भी रोजगार सृजन के मामले में, विशेष रूप से निम्न मूल्य-वर्द्धित एवं निम्न-कौशल सेवाओं में, चुनौती का सामना कर रहा है।

सेवा क्षेत्र का विभाजन युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप आय स्रोत उत्पन्न करने की इसकी क्षमता पर सवाल उठाता है।भारत में कौशल की कमी सेवा क्षेत्र के नेतृत्व वाले मॉडल के लिये एक उल्लेखनीय चुनौती है। 2.2 मिलियन स्नातक पैदा करने के बावजूद, अपर्याप्त प्रशिक्षण के कारण इनमें से अधिकांश को रोजगार हेतु अयोग्य माना जाता है। आनेवाली सरकार को इनपर ध्यान देना ही होगा।

# झारखंड में छठे चरण के चुनाव की स्क्रूटनी में 22 की उम्मीदवारी रद्द

■ सातवें चरण के लिए नामांकन के पहले दिन तीन ने भरा पर्चा

■ जब्ती का आंकड़ा एक अरब 10 करोड़ 36 लाख हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि छठे चरण के चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी में 22 उम्मीदवारों का पर्चा रद्द हो गया है। सबसे अधिक सात उम्मीदवारों का पर्चा गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से रद्द हुआ है। यहां अब कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। के. रवि कुमार मुख्य निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचन सदन, सेक्टर-2 धुर्वा में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। रवि कुमार ने बताया कि धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से तीन का पर्चा रद्द हुआ है। अब यहां कुल 25 उम्मीदवार बचे हैं। रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छह लोगों का पर्चा खारिज हुआ है। यहां से अब 27 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी छह लोगों का पर्चा रद्द हुआ है। यहां अब ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सातवें चरण में राज्य की तीन लोकसभा सीटों पर अधिसूचना जारी

निर्वाचन आयोग ने सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। सातवें चरण का मतदान एक जून को होगा। इसमें झारखंड की तीन लोकसभा सीटों राजमहल (अजजा), दुमका (अजजा) और गोड्डा में चुनाव होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। नामांकन की अंतिम तारीख 14 मई, नामाकंन की समीक्षा 15 मई और नाम वापसी की समय सीमा 17 मई रखी गयी है।

## एक नजर

### जहां सत्संग है वहीं आध्यात्मिक जीवन का आनंद है : निकुंज लाडली

**बेड़ो।** शिव हनुमान मंदिर के पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन साध्वी निकुंज लाडली ने श्रीमद् भागवत गीता के अलग-अलग प्रसंगों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रभु के चरण में ही सदगति मिल सकती है। उन्होंने भगवान श्री कृष्णा की लीलाओं का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान श्री विष्णु ने कृष्ण के रुप में बुराइयों का अंत करने के अवतार लिया था। इस मौके पर श्री कृष्ण के चरित्र का चित्रण किया गया। लोककलाकारों ने श्रीमद् भागवत गीता के पाठ के दौरान अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने आचार्य जितेंद्र पाठक के नेतृत्व में साध्वी निकुंज लाडली का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पूर्व वेद मंत्रोच्चार तथा शंख की प्रतिध्वनि के बीच यजमानों ने आचार्य जितेंद्र पाठक एवं यज्ञाचार्य पंडित सतीश के नेतृत्व में पर्णकुटी संस्कार, जलाधिवास, अन्नाधिवास तथा पुष्पाधिवास कार्यक्रम का आयोजन किया।

### साली से शादी का विरोध करने पर ससुर की हत्या का आरोपित दामाद गिरफ्तार

**दुमका।** साली से शादी का विरोध करने पर ससुर की हत्या करने वाले दामाद मेघु देहरी को शिकारीपाड़ा पुलिस गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। मामला थाना क्षेत्र की अति नक्सल प्रभावित गांव सातुपाड़ा गांव का है। चंदा देहरी (60) का दामाद मेघु देहरी घर जमाई के रूप में ससुर के घर में रह रहा था। वह वर्तमान समय में अपनी बड़ी साली रतनी रानी से शादी करना चाह रहा था, जिसका उसका ससुर चंदा देहरी विरोध कर रहा था। गत रविवार को जंगल की तरफ ले जाकर मेघु ने अपने ससुर को पत्थर से कूच-कूच कर हत्या कर दी। सूचना पाकर शिकारीपाड़ा पुलिस ने जंगल से चंदा देहरी का शव बरामद कर रतनी रानी के बयान पर मामला दर्ज करते हुए मेघु को गिरफ्तार करने में सफल रही।

महिलाओं ने देर शाम में कैंडिल मार्च का आयोजन किया

# 13 मई को सारे काम छोड़, सबसे पहले वोट डालने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड हुलसू पंचायत और ककरिया पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया परिसर में अलग-अलग जेएसएलपीएस एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं सहित महिला समूह की दीदीयों के द्वारा स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया । हुलसू में सेतू दीदी सविता देवी एवं जेंडर कोऑर्डिनेटर गुड़िया देवी के संयुक्त नेतृत्व में महिला समूह की दीदीयों के द्वारा रंगोली , मेहंदी का बेहतरीन प्रदर्शन कर आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया तथा लोगों को उनके मताधिकार के महत्व को समझाया । वहीं महिलाओं ने देर शाम में कैंडिल मार्च का आयोजन किया। इस दौरान सविता देवी के मार्गदर्शन में मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली, मतदाता शपथ दिलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया । सभी को मतदान के दिन अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया । इस मौके पर निजम देवी, कविता देवी, पिंकी देवी, बिरस देवी, सुमन देवी, सुमति देवी, लक्ष्मी देवी, मीना कुमारी शांति देवी, बसंती देवी, सविता देवी, लीलावती देवी सहित दर्जनों महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं ककरिया के राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर जेंडर सीआरपी चांदमनी कुमारी, सक्रिय महिला सिलीमा देवी, वी.ओ अध्यक्ष राजश्री देवी, सरिता देवी, आंगनबाड़ी सेविका सह बीएलओ मनीषा जयसवाल, रेणु डे, मिनु देवी, फुलवती कुमारी, शोभा देवी, सीता देवी, बबीता देवी, अफसाना परवीन, नसीमा परवीन , सविता देवी, ज्ञानी देवी रफीजन खातुन, वी.ओ.ए रीतू देवी,तेतरी देवी समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## निमंत्रण पत्र देकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया गया आमंत्रित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। निर्वाचन के दौरान रामगढ़ जिले में प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मतदाता जागरूकता के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस दौरान सर्वप्रथम रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक से सुभाष चौक रामगढ़ तक वॉकथॉन वॉक फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार सहित अन्य स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं सहायिकाओं सहित बड़ी संख्या में जिले वासियों ने वॉकथॉन में हिस्सा लिया।

## न्यूज बॉक्स

### रेलवे की संपत्ति को सुरक्षित रखना मेरी पहली प्राथमिकता : संजीव कुमार



**सिल्ली/मुरी।** रेलवे सुरक्षा बल मुरी पोस्ट में नए थाना प्रभारी के रूप में संजीव कुमार ने अपना योगदान दिया। योगदान देने के बाद उन्होंने कहा कि रेलवे की संपत्ति को सुरक्षित रखना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। हमारे कार्यक्षेत्र में किसी प्रकार का गैर कानूनी कार्य होने नहीं दिया जाएगा और उस पर पूरी तरह से नकेल भी कसा जाएगा। बताते चले की संजीव कुमार पूर्व में चक्रधरपुर और चाईबासा रेलवे सुरक्षा बल में थाना प्रभारी के रूप में काम कर चुके हैं।

### लालपुर में मैटिक्स एकेडमी का शुभारंभ



**रांची।** शिक्षा का गढ़ बनते रांची के लालपुर को अब एक नई सौगात मिलने जा रही है। लालपुर में मंगलवार को एक नए कोचिंग इंस्टीट्यूट मैटिक्स एकेडमी की शुरुआत हुई। मैटिक्स एकेडमी का मूल मंत्र है छात्रों के लिए सफलता की राह आसान बनाना। मैटिक्स एकेडमी के फाउंडर और निदेशक सूरज राम रंजन का कहना है कि हमारे राज्य के छात्र होनहार हैं। बस एक बेहतर मार्गदर्शन मिल जाए, तो वे किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। को-फाउंडर और उप निदेशक सिकंदर पोद्दार का मानना है कि छात्रों को कम कीमत पर अच्छी शिक्षा मुहैया कराना ही मैटिक्स एकेडमी का लक्ष्य है। मैटिक्स एकेडमी मुख्य रूप से आईआईटी जेईई, नीट, बोर्ड और ओलंपियाड की तयारी के लिए प्रतिबद्ध है। मैटिक्स एकेडमी की शुरुआत से यकीनन रांची और आसपास के छात्रों को लाभ मिलेगा।

## एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने मनाया 'अपनापन दिवस'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड में हर साल 7 मई को 'अपनापन दिवस' के रूप में मनाती है। इस दिन एमिटी यूनिवर्सिटी, झारखंड के चांसलर डॉ अतुल के. चौहान का जन्मदिन बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह दिन उस प्यार और सम्मान की भी याद दिलाता है, जो कैंपस समुदाय संस्थान को देता है और संस्थापक-अध्यक्ष डॉ अशोक के. चौहान के आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करता है। अपनेपन के अद्भुत दिन पर, डॉ अशोक के. श्रीवास्तव, कुलपति, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने तहे दिल से शुभकामनाएं दीं। कहा, आइए हम सर्वशक्तिमान से प्रार्थना करें कि वह हमारे चांसलर सर को अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद दें और उन्हें सफलता की अद्वितीय ऊंचाइयां प्रदान करें। 'अपनापन दिवस' को मनाने के लिए, कैंपस समुदाय 'गौ सेवा' करने के लिए 'कबीराज डेयरी फार्म' का दौरा करने के लिए एक साथ आया, जहां गायों को हरी पत्तेदार सब्जियां और गुड़ का प्रसाद दिया गया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने खेत के मेहनती श्रमिकों के बीच भोजन के पैकेट भी वितरित किए। इसके बाद, 'रूबी ओल्ड एज होम' का दौरा किया गया, जहां उन्होंने फल वितरित किए और बुजुर्गों को अपने जीवन के अनुभवों और भावनाओं को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही, चांसलर के लिए उनका आशीर्वाद मांगा।

## अक्षय तृतीया के मौके पर मारुति मंगल धाम में आयोजित होंगे धार्मिक अनुष्ठान



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के साईं मंदिर के निकट मारुति मंगल धाम में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर सामूहिक पूजा- अर्चना पूजा अर्चना की जाएगी। लापुंग प्रखंड के अंतर्गत लतरातु पंचायत के अंबा टोली गांव में (साईं मंदिर के निकट) धार्मिक एवं सामाजिक संस्था ₹मारुति मंगल परिवार₹ के द्वारा निमार्णाधीन ₹मारुति मंगल धाम ₹में आगामी 10 , मई 2024 दिन शुक्रवार को ₹अक्षय तृतीया₹ के शुभ अवसर पर सामूहिक पूजा पाठ एवं भंडारा का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर परिवार से जुड़े झारखंड के विभिन्न जिलों के सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष सदस्य भीड़ मारुति मंगल धाम पहुंचेगी । इस कार्यक्रम को लेकर मारुति मंगल परिवार के स्थानीय सदस्य एवं ग्रामीण जन काफी उत्साहित हैं और आवश्यक तैयारी को पूर्ण करने में लगे हुए है।

## मांडर डीलर संघ की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत निकली मतदाता जागरूकता रैली




**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** मतदाताओं को जागरूक करने एवं अपने वोट के अधिकार के प्रति सचेत करने के लिए मांडर डीलर संघ द्वारा मंगलवार को रैली निकाली गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड प्रमुख द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरूआत की गई। नेतृत्व करते हुए संघ के अध्यक्ष अमिताभ कुमार पाठक ने बतलाया कि यह रैली लोगों को बीच अपने वोट के अधिकार को बतलाने के लिए की गई है लोगों को यह बतलाना है कि हमें अपने वोट अधिकार एवं मतदाता होने के लिए गर्व का अनुभव करना चाहिए साथ ही इस रैली से लोगों को अपने वोट के लिए सजग होने एवं भारत के नागरिक का कर्तव्य बौद्ध के साथ वोट देने के लिए तत्पर रहने की बात समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए एक प्रयास है। रैली माडार प्रखंड कार्यालय से होते हुए मांडर चौक, मिशन चौक से वापस कंदरी करकरा पुंगी होते हुए वापस मांडर कार्यालय पहुंच कर एक सभा की गई। रैली में प्रमुख फिलिप्स सहाय एक्का, शंकर प्रसाद, कृष्ण, महमूद आलम, अशोक राम, सुनील सिंह, मसरूर अंसारी, नईम, मुमताज अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### दो हॉकी खिलाड़ियों के चयन पर हॉकी खूंटी ने जताया हर्ष

**खूंटी।** यूरोपीय टूर के लिए भारतीय जूनियर वुमेंस हॉकी टीम में खूंटी जिले की दो खिलाड़ियों बिनिमा धान और संजना होरो के चयनित होने पर हॉकी खूंटी के अधिकारियों, सदस्यों और उनके प्रारंभिक प्रशिक्षक ने खुशी जाहिर करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। इस संबंध में उनके कोच रहे दशरथ महतो ने कहा कि कुछ अंतराल के बाद खूंटी जिले से एक साथ दो हॉकी खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन होना खूंटी के लिए गर्व की बात है। ये दोनों खिलाड़ी जर्मनी, बेल्जियम और नीदरलैंड में 21 में से 29 मई तक विदेश की धरती में खेलेंगे। भारतीय टीम में दोनों खिलाड़ियों के चयन पर दशरथ महतो, सुशील टोपनो, परमानंद कुमार, जुनास मुंडू, बेंजामिन होरो सोमरा भेंगरा, मोगो धान, पीटर होरो करुणा पूर्ति, विश्वासी कंडुलना, निर्मल मिंज, बुधराम मिंज, बरनाबास टोपनो, जोसेफ हेमरोम आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' के तहत बूथों पर चला जागरूकता कार्यक्रम

# बीडीओ ने अपने साथ-साथ दूसरों को वोट देने के लिए प्रेरित करने को कहा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी प्रखंड के सभी 60 मतदान केंद्रों पर बूथ स्तर पर सोशल मीडिया कैंपेन 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व खलारी बीडीओ संतोष कुमार ने किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व 'कोई मतदाता छूटे नहीं' को लक्ष्य बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के द्वारा तथा सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ व जेएसएलपीएस दीदियों के द्वारा रैली निकालकर 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' का आयोजन किया गया। दीदीयां बैनर पोस्टर के साथ नारेबाजी करते हुए चल रही थी। मतदान केन्द्रों में रंगोली बनाई गई। मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ की गई। सामूहिक रूप से षपथ पाठ कराते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बीडीओ संतोष कुमार ने आम जन, युवा मतदाता, भविष्य के मतदाता, फर्स्ट टाइम वोटर से निर्धारित तिथि को वोट करने का अपील की। उन्होंने आम लोगों से मतदान करने व दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा। इसके साथ ही कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के अंत में इससे संबंधित फोटो व वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स पर 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' के साथ शाम 6 से रात 8 बजे तक अपलोड किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ के अलावा बीपीआरओ आदित्यनाथ झा, बीपीओ मनरेगा विनय कुमार, जेएसएलपीएस के पदाधिकारी व दीदी शामिल थे।


सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
### निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

## आम सूचना

लोकसभा निर्वाचन -2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के कार्यालय में राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। यही व्यवस्था सभी जिलों में भी की गयी है।

### राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष

TOLL FREE

Tel.: 0651-2440020/ 0651-2440022/ 0651-2440023/ 0651-2440024
Toll Free Number No.- 1800-331-1950, Voter Helpline Number- 1950

### जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 06572-221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूंटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श आचार संहिता /निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपर्युक्त दूरभाष /टॉलफ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान

PR No. 324540 (Election) 2024-25

# लोकतंत्र की रक्षा करने का एकमात्र साधन मतदान है : रेयेना खान

## झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता सप्ताह का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के मानविकी और सामाजिक विज्ञान स्कूल राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सहयोग से मतदाता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। विश्वविद्यालय स्तर पर इसके अंतर्गत 2 मई से 7 मई तक विभिन्न प्रतियोगिताओं, जैसे क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, लेख एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रेयेना खान ने कहा कि लोकतंत्र हम में है और लोकतंत्र हम से है। इसकी रक्षा करना हमारा धर्म है, हमारा कर्म है और इसका एकमात्र साधन मतदान है। आत्मदेव ठाकुर ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कभी इस राज्य का विधानसभा चुनाव, तो कभी दूसरे राज्य का विधानसभा चुनाव और कभी लोकसभा चुनाव की वजह से देश के संसाधनों का दुरुपयोग होता है। भारत में इतने तरह के मौसम नहीं होते, जितने समय के अंतराल में चुनाव हो जाते हैं। लद्दाख से आने वाले स्टैनजिन त्सेतान ने अपने भाषण में बताया कि भारत के राजनीतिक अभियान जमीनी स्तर पर बातचीत से लेकर डिजिटल प्रभुत्व, गलत सूचना जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस परिस्थिति में मतदाताओं को सावधान रहने की जरूरत है। इस प्रतियोगिता में सभी संकाय एवं विभाग के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर डीन डॉ अलोक गुप्ता, डॉ रवि रंजन, डॉ अपर्णा, डॉ बिभूति भूषण बिस्वास, डॉ सुभाष कुमार बैठा और शोध छात्रों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आगे इस श्रृंखला में नुक्कड़ नाटक और ग्राम चौपाल का भी आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र आसपास के लोगों को मतदान का महत्व समझाएंगे और उन्हें जागरूक करेंगे।



भाषण प्रतियोगिता में रेयेना खान को मिला प्रथम स्थान

## हिल व्यू चौक से बूटी मोड़ तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**रांची।** रांची नगर निगम के प्रशासक के आदेश पर सड़कों को जाम मुक्त तथा अतिक्रमण मुक्त बनाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को रांची नगर निगम द्वारा बरियातू रोड हिल व्यू चौक से बूटी मोड़ तक दंडाधिकारी व पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाया गया। इस क्रम में अवैध अस्थायी संरचनाओं को हटाते हुए सामान जब्त किया गया तथा नो वेंडिंग जोन में खड़ी दुकानों, ठेला-खोमचा, गुमटी और बांस-बल्ली को हटाया गया। इसके अलावा, सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की गई। बता दें कि अतिक्रमण मुक्त अभियान के पूर्व सभी दुकानदारों एवं विक्रेताओं को माइक के माध्यम से स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश निगम द्वारा दिया गया था।

# न्यूज बॉक्स

### आईएएस अधिकारी मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मनोज कुमार वर्तमान में पर्यटन सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उमाशंकर सिंह ओडिशा में चुनाव प्रेक्षक के रूप में पांच मई को ही चले गए हैं। ऐसे में उनके स्थान पर मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### डीएवी बरियातू में 13 को होगा साक्षात्कार

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में आगामी 13 मई को शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक 15 पदों के लिए साक्षात्कार होगा। इसमें वे अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिन्होंने मार्च माह में आयोजित डीएवी सीबीटी मार्च 2024 में क्वालीफाई किया है तथा इंटरव्यू के लिए आवेदन दिया है। इंटरव्यू प्रातः 8:00 बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा।

### दो लोगों ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर दो लोगों के खुदकुशी करने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। खुदकुशी का पहला मामला सदर थाना क्षेत्र के चूना भट्ठा का है, जहां सिंकू पासवान (36) ने खुदकुशी कर ली। सिंकू पासवान रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह चूना भट्ठा स्थित अपने ससुराल आया हुआ था। परिजनों के अनुसार ससुराल में ही उसका अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर सोमवार की रात जमकर झगड़ा हुआ था। इस वजह से सिंकू पासवान ने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मंगलवार को सिंकू के शव पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। दूसरा मामला सदर थाना क्षेत्र के भाभा नगर का है। विजय राम (56) ने अपने ही घर खुदकुशी कर ली। विजय राम रांची के एक डॉक्टर के यहां ड्राइवर के तौर पर काम किया करते थे। मामले की जानकारी मिलने पर सदर थाने की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। विजय का तबीयत खराब रहने के कारण उसने खुदकुशी की। थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि मंगलवार सुबह सदर थाना क्षेत्र में दो लोगों के अलग-अलग स्थानों पर खुदकुशी की है।

### रांची पुलिस ने उग्रवादियों के खिलाफ चलाया अभियान, एक बाइक बरामद



**रांची।** रांची पुलिस ने बुढ़मू थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के उग्रवादियों के जमावड़े की सूचना पर मंगलवार को छापेमारी की। पुलिस का भनक लगते ही उग्रवादी जंगल में भागने लगे। उग्रवादियों को पुलिस टीम ने काफी दूर तक पीछा किया, लेकिन वे घने जंगल एवं पहाड़ का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस टीम ने सर्च के दौरान उग्रवादियों द्वारा लूटा गया एक अपाची बाइक बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर खलारी डीएसपी के नेतृत्व में थाना प्रभारी बुढ़मू, क्यूआरटी और झारखंड जगुआर की टीम ने इलाके में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान उग्रवादियों का एक लूटा हुआ बाइक बरामद किया गया है।

### श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में हुआ सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ

**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ धूमधाम से संपन्न हुआ। इसका आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल ने किया था और यह 100वां कार्यक्रम था। इसका आयोजन प्रत्येक मंगलवार को होता है। अमरनाथ टेकरीवाल एवं इंदु देवी टेकरीवाल ने परिवार संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का प्रसाद अर्पित किया और परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा और पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा निवेदित की। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ किया।

### अमावस्या महास्नान पर्व आज

श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में खाटूधाम की परंपरा के अनुसार बुधवार (8 मई) को वैशाख माह के अमावस्या का स्नान कराया जाएगा। सुबह मंगल आरती के बाद मंदिर के आचार्य द्वारा विधि विधान से अमावस्या पर्व का स्नान कराया जाएगा। तत्पश्चात फूलों से बाबा श्याम को सजाकर नवीन पोशाक पहनाया जाएगा।

### श्री श्याम मंदिर में भंडारा 11 को

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 11 मई को 111वां श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों का आमंत्रित किया है। ये जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### सुरेंद्र सिंह बने श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुरेंद्र सिंह को श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान झारखंड के महानिदेशक के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया है। सुरेंद्र सिंह इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे। 23 अप्रैल को ही उन्हें भारत सरकार से वापस झारखंड भेज दिया गया था। कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

### राज्य में तपती गर्मी के बीच राहत बनकर बरसीं बारिश की बूंदें

**रांची।** राज्य में मंगलवार की शाम मौसम ने करवट ली। शाम होते ही राज्यवासियों को तपती गर्मी से थोड़ी राहत मिली। राजधानी रांची, रामगढ़ और गुमला समेत कुछ जिलों में तेज हवाओं के साथ छिटपुट बारिश हुई। दोपहर बाद कुछ जिलों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे लोगों को गर्मी की तपिश से राहत मिली। रांची में बूंदा-बांदी से मौसम सुहाना हो गया। राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया था। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आठ और नौ मई को राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। कई जगहों पर 10 और 11 को भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश देखने को मिलेगी। इस दौरान गरज के साथ वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। रांची, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका और देवघर में ओलावृष्टि हो सकती है। तेज हवाएं (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) भी चल सकती हैं। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## मतदान करें और अन्य को मतदान करने के लिए प्रेरित करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र में आगामी 25 मई को मतदान होने वाले हैं। आइए, हम सभी इस मतदान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और इस आलोक में हम सभी अपने आप को एंबेसडर के रूप में डालते हुए सीईओ ऑफिस द्वारा #मैंभीइलेक्शनएंबेस्डर के रूप में अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर सभी को टैग करें। इस कार्य में सभी विद्यालयों के जितने भी छात्र-छात्राएं हैं, वे सभी इलेक्शन एंबेसडर के रूप में कार्य कर सकते हैं। वह अपने माता-पिता, अपने सगे संबंधी, अपने नाते-रिश्तेदारों को मतदान वाले दिन मतदान के लिए बूथ पर जाने को आग्रह कर सकते हैं और अपने-अपने विद्यालयों में इलेक्शन से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम- जैसे पेंटिंग कंपटीशन, रंगोली कंपटीशन, डिबेट आदि संबंधित वीडियो बनाकर उसे भी #मैंभीइलेक्शनएंबेस्डर के साथ अपलोड कर सकते हैं।

### पद्मश्री मुकुंद नायक बने #मैंभीइलेक्शनएंबेस्डर का हिस्सा



पद्मश्री मुकुंद नायक ने लिखा, मैं भी अपना मतदान जरूर करूंगा। आप लोगों से भी मेरा आग्रह है कि अपना मतदान जरूर करें, जरूर करें #मैंभीइलेक्शनएंबेस्डर।

## पिछले दो वर्षों से बायोवेस्ट का नहीं हो रहा है निष्पादन

# रिम्स में गंदगी और बदबू से परेशान हैं लोग

**अमित कुमार। रांची**

राज्य के सबसे बड़े अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में रोजाना हजारों लोगों का इलाज होता है। और, इस कारण यहां पर गंदगी भी अधिक फैलती है। ऐसे में कचरे, खासकर बायोमेडिकल कचरे का उचित निष्पादन नहीं होने से अस्पताल में भर्ती रोगियों के लिए समस्या बढ़ जाती है। रिम्स से रोजाना काफी मात्रा में मेडिकल वेस्ट के रूप में कचरा निकलता है। इन कचरों का उचित तरीक से प्रबंधन नहीं होने से परेशानी बढ़ गई है। बदबू से लोग परेशान हैं। नियमतः बायोमेडिकल वेस्ट का निष्पदान रिम्स परिसर में निर्मित जैव चिकित्सा अपशिष्ट संग्रहन केंद्र में होना है, लेकिन वह पिछले दो वर्षों से खराब पड़ा हुआ है। इस वजह से कचरे को कार्डियो विभाग के बगल में फेंक दिया जाता है। वहां पर नगर निगम का चार कूड़ादान रखा गया है। इसमें सूखे और गीले दोनों ही कचरे को एक ही जगह पर जमा कर दिया जाता है। ऐसे में दंत विभाग की ओर बढ़ने पर इन कचरे की बदबू का सामना करना पड़ता है।





### हाई कोर्ट ने भी उठाया है सवाल

अस्पताल से निकल रहे मेडिकल वेस्ट का मानक के अनुसार निष्पादन नहीं होने पर हाई कोर्ट ने भी सवाल उठाया है। रिम्स में बायोवेस्ट मैनेजमेंट पूरी तरह से फेल है। कुछ कचरे को बायोवेस्ट कलेक्शन सेंटर में रखा जाता है। यहां भी दो कमरे में सामान्य कचरे के साथ मिलाकर फेंक दिया गया है। इससे यहां पर चारों ओर बदबू फैली हुई है।

### बैग में अलग-अलग रखना है कचरा को

मेडिकल वेस्ट की सूची तैयार है, लेकिन उसके अनुसार प्लास्टिक बैग में कचरे को भर कर नहीं रखा जाता है। बायोवेस्ट मैनेजमेंट के मानक के अनुसार कचरे को निष्पादन के लिए ब्लू, लाल तथा पीला बैग में रखना होता है।



### कहां-कहां है गंदगी

रिम्स में नए ट्रॉमा सेंटर के पीछे इलाहाबाद बैंक के सामने गंदगी का अंबार है। इसके अलावे, डॉक्टर के वाहन स्टैंड के किनारे कचरा भरा पड़ा है। यहां पर अधिकांश लोग पेशाब करते हैं, जिससे आसपास के क्षेत्रों में दुर्गंध फैल गया है। रैन बसेरा के पास गंदगी भरी पड़ी है। इसके आसपास बड़ी संख्या में ठेले-खोमचे लगे होते हैं। ब्लड बैंक से वार्ड की ओर जाने पर लोगों द्वारा पान खाकर थूक देने से पूरे गलियारे में बदबू फैला रहता है।

> सफाई करने वाली एजेंसी को बेहतर साफ-सफाई के लिए हिदायत दे दी जाएगी। कचरे के निष्पादन के लिए एजेंसी की चुनाव प्रकिया भी जल्द की जाएगी। साथ ही, बंद पड़े जैव चिकित्सा अपशिष्ट संग्रहन केंद्र को जल्द ही सुचारू रुप से चलाया जाएगा।
>
> हिरेंद्र बरुआ, अधीक्षक, रिम्स।

## सीसीएल में नवनियुक्त प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में प्रतिभा को निखारने और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ नवनियुक्त अधिकारियों को कंपनी के विविध कार्यों से परिचित कराने के उद्देश्य से मंगलवार को मैनेजमेंट ट्रेनी इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में निदेशकगणों ने प्रशिक्षुओं को अमूल्य सलाह दिए एवं अपने कार्य अनुभवों को साझा किया।

मौके पर सीसीएल निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, जीएम (एचआरडी) आरके पांडेय, जीएम (अधिकारी स्थापना) एसके ठाकुर, जीएम (ऑपरेशन) मेराज अहमद और एचओडी (श्रमशक्ति) कविता गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। आज कुल 12 प्रबंधन प्रशिक्षुओं ने कंपनी में अपने पेशेवर जीवन के यात्रा शुरू की। इनमें एक महिला खनन इंजीनियर भी शामिल थीं, जो कंपनी के कार्यबल में विविधता और समावेशिता को प्रदर्शित करता है। जीएम (एचआरडी) आरके पांडेय ने कार्यक्रम के आरंभ में सभी गण्यमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया।

### चैंबर की डायरेक्ट टैक्स उप समिति की हुई बैठक

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की डायरेक्ट टैक्स उप समिति की बैठक मंगलवार को उप समिति चेयरमैन दीपक गरोडिया एवं जेपी शर्मा की अध्यक्षता में चैंबर भवन में हुई। बैठक में कहा गया कि ट्रस्ट सोसाइटी के रजिस्ट्रेशन, एक्जेंप्शन, हियरिंग एवं सर्च एंड सर्वे केस के लिए भी पटना स्थित कार्यालय जाना पड़ता है। इससे सभी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके लिए उपाय सुझाया गया कि झारखंड में प्रिंसिपल कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स का पद होना चाहिए, ताकि सभी को सुविधा हो सके और हर काम के लिए पटना का रुख नहीं देखना पड़े बैठक में कहा गया कि भविष्य निधि एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के भुगतान में अगर एक दिन भी विलंब हो तो उसे आयकर विभाग द्वारा अस्वीकार करार कर दिया जाता है। इस प्रावधान में सुधार की जरूरत है। आयकर (अपील) विभाग में काफी समय से कई सारी फाइले लंबित चल रही हैं, इसका निपटारा जल्द से जल्द होना चाहिए।

# रांची में ड्रग्स की खरीद-बिक्री की जड़ तक पहुंचना होगा : हाई कोर्ट





**डीजी सीआईडी को एक्शन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया**

**झालसा को प्रतिवादी बनाया गया, अगली सुनवाई 14 मई को**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलवार को रांची शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर मौखिक नाराजगी जताते हुए कहा कि राजधानी रांची में ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं रहा है। रांची एसएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी राजधानी में ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक नहीं लगा पा रहे हैं। ड्रग्स बिक्री के मुख्य सूत्रधार पर पुलिस को एक्शन लेना चाहिए। ड्रग्स की खरीदी-बिक्री की जड़ तक पुलिस को पहुंचना होगा।

कोर्ट ने कहा कि पुलिस केवल छोटे-छोटे ड्रग्स विक्रेताओं को ही पकड़ रही है। ड्रग्स की खरीद-बिक्री के मुख्य सूत्रधार अभी भी खुले घूम रहे हैं, जिसके कारण ड्रग्स के कारोबार पर रोक नहीं लग पा रहा है। कोर्ट ने मामले में डीजी सीआईडी को ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोकथाम पर एक्शन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही, मामले में झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि रांची में जिन थाना क्षेत्रों में ड्रग्स की खरीद-बिक्री अभी भी चल रही है, वहां के थाना इंचार्ज ने क्या कार्रवाई की है। इसके अलावा, जो पुलिस अधिकारी ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने में असफल रहे, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है। साथ ही, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को भी ड्रग्स की रोकथाम पर राज्य की पुलिस एजेंसी के साथ मिलकर कार्रवाई करने को कहा है। राजधानी रांची में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर छपी खबर को हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। खंडपीठ ने कहा था कि सुखदेव नगर थाना इलाके में जो भी ड्रग्स के कारोबार करने वाले दुकानदार या अन्य लोग शामिल हैं, उन्हें चिह्नित किया जाए और उनकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाए।

# 'बेहतर झारखंड' विषय पर इंटरैक्टिव मीटिंग कल, सीतारमण रहेंगी उपस्थित

## एफजेसीसीआई ने किया है आयोजन, चैंबर भवन में हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्वी भारत में निवेश की संभावनाओं को देखते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) एक इंटरैक्टिव मीटिंग आयोजित कर रहा है। इसमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगी। इंटरैक्टिव मीटिंग का विषय 'बेहतर झारखंड' है। इसका आयोजन 9 मई को दिन में 11:00 से 02:00 बजे तक होटल रेडिशन ब्लू में होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को कार्यकारिणी समिति और पूर्व अध्यक्षों की संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री के एयरपोर्ट पर आगमन से लेकर कार्यक्रम स्थल पर उचित व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सदस्यों को कार्य की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री और स्टेकहोल्डर्स के बीच संवाद होने से प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने की संभावना बनेगी और उद्यमियों का प्रोत्साहन होगा। बैठक का आयोजन मौजूदा आचार संहिता के अनुसार ही संपन्न होगी। इंटरैक्टिव मीटिंग में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य नवजोत अलंग, साहित्य पवन, संजय अखौरी, पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया, अरूण बुधिया, पवन शर्मा, विनय अग्रवाल, कुणाल अजमानी उपस्थित थे।

### एसआर डीएवी पुंदाग में इलेक्शन एंबेसडर प्रतियोगिता

**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग में इलेक्शन एंबेसडर प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसके अंतर्गत कक्षा षष्ठ से नवम तक के विद्यार्थियों ने ऑनलाइन तथा ऑफ लाइन मोड में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कक्षा षष्ठ के विद्यार्थियों ने मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के लिए बैज बनाए। कक्षा सप्तम के विद्यार्थियों ने सुंदर पोस्टर बनाकर मतदान के महत्त्व को दर्शाया। कक्षा अष्टम के विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता को पत्र लेखन के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कक्षा नवम के विद्यार्थियों ने स्लोगन तथा कार्टून बनाकर मतदान करने का संदेश दिया। प्राचार्य एसके मिश्र ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए बैज, पोस्टर, स्लोगन, कार्टून की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थी देश के भावी कर्णधार है। इसलिए उनका मतदान के प्रति जागरूकता अभियान का हिस्सा बनना प्रशंसनीय है।

## मारवाड़ी कॉलेज में 'कैंपस टू कॉरपोरेट' विषय पर वेबिनार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज रांची के प्लेसमेंट सेल और की टेक्नो सॉल्यूशंस ने 'कैंपस टू कॉरपोरेट' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। यहां छात्रों ने रिज्यूमे बनाने और कवर लेटर बनाने के बारे में सीखा।

वेबिनार की मेजबानी की टेक्नो सॉल्यूशंस की एचआर मैनेजर आयुषी सिन्हा ने की। वे मारवाड़ी कॉलेज रांची की पूर्व छात्रा और एमबीए 2016-2018 की गोल्ड मेडलिस्ट हैं। वे बेंगलुरु से वेबिनार के लिए मारवाड़ी कॉलेज से जुड़ीं। कालेज प्रबंधन ने कहा कि छात्रों के विकास के लिए इस तरह का वेबिनार आने वाले समय में भी किया जाएगा। इस वेबिनार को सफल बनाने में प्लेसमेंट असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर अनुभव चक्रवर्ती और स्टूडेंट प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर आदित्य नाथ टंडन ने अहम भूमिका निभाई।

### वर्चुअल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव : मांगा गया ऑनलाइन आवेदन

**रांची।** हिताची में महिला ट्रेनी एसोसिएट पद के लिए ऑफलाइन आवेदन मांगा गया है। किसी भी स्ट्रीम के ग्रेजुएट विद्यार्थी, जिनकी उम्र 24 साल से कम है, वे इस सेलेक्शन प्रॉसेस में रजिस्ट्रेशन के लिए अपना ऑनलाइन आवेदन 8 से 17 मई तक मारवाड़ी कॉलेज के ऑफिशियल वेबसाइट के प्लेसमेंट सेल के पेज पर जाकर कर सकते है। रजिस्टर्ड विद्यार्थी को मेल द्वारा कैंपस ड्राइव की जानकारी दे दी जाएगी। जो छात्राएं फाइनल ईयर से अप्लाई करेंगी, उनका ज्वाइनिंग सेमेस्टर 6 के बाद आएगा।




# ईडी की पूछताछ में बार-बार बेहोश हो रहा था संजीव

**प्रवीण प्रियदर्शी। रांची**

झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम से मंगलवार तक की प्रारंभिक पूछताछ में कई रहस्य उजागर हुए हैं। ईडी की रेड और पूछताछ के दौरान संजीव लाल बार-बार बेहोश होता रहा। यह भी पता चला कि संजीव की पत्नी की कंस्ट्रक्शन कंपनी में बिल्डर मुन्ना सिंह पार्टनर है। मालूम हो कि संजीव लाल के नौकर और एक बिल्डर मुन्ना सिंह के घर से ईडी ने सोमवार को 35 करोड़ 23 लाख रुपया बरामद किया था। अब ईडी इस मामले में झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ की तैयारी कर रही है। एजेंसी की ओर से उन्हें जल्द ही समन भेजा जाएगा। नौकर जहांगीर आलम ने ईडी के प्रारंभिक पूछताछ में कबूल किया है कि वह कमीशन और रिश्वत की रकम का केयरटेकर था, जिसके एवज में उसे महीने के करीब 15 हजार रुपये मिलते थे। जहांगीर को मंत्री आलमगीर ने ही अपने पीएस संजीव कुमार लाल के यहां नौकरी पर रखवाया था। सूत्रों ने बताया कि जहांगीर आलम मंत्री आलमगीर के पुत्र तनवीर के ससुराल पक्ष से जुड़ा है। सबसे पहले तनवीर ने ही उसे अपने व्यवसाय में काम दिया था। इसके बाद कुछ दिनों तक उसने मंत्री के आवास पर भी काम किया। तनवीर के कहने पर ही संजीव लाल ने उसके लिए रांची के गाड़ीखाना में सर सैयद रेजीडेंसी अपार्टमेंट में फ्लैट लिया था। संजीव उसे हर एक-दो दिन में उसे रुपयों का बैग या थैला देते थे, जिसे वह इस फ्लैट की आलमारियों में लाकर रखता था। ईडी ने संजीव लाल के आवास से भी 10 लाख और उनकी पत्नी की कंस्ट्रक्शन कंपनी के पार्टनर बिल्डर मुन्ना सिंह के आवास से 2 करोड़ 93 लाख रुपये जब्त किए हैं। हालांकि, संजीव कुमार लाल ने शुरूआती पूछताछ में इनकार किया था कि जहांगीर के फ्लैट से मिली रकम उसकी है, लेकिन पुख्ता सबूत और जहांगीर के बयान के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। नोटों की बरामदगी के बाद ईडी के अधिकारियों ने संजीव लाल, जहांगीर, मुन्ना समेत अन्य से पूछताछ की। मुन्ना सिंह ने भी स्वीकार किया कि उसके आवास से बरामद रकम सर सैयद रेसीडेंसी स्थित फ्लैट पर पहुंचानी थी।



## सरकार ने ईडी के पत्र को लीक कर अधिकारियों तक पहुंचा दिया

छापेमारी में ईडी ने कई कागजात भी बरामद किए हैं, जिनमें बीडीओ की ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़े ब्योरे हैं। इनमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की ओर से बीडीओ की पोस्टिंग के लिए की गई पैरवी का भी जिक्र है। इसके अलावा ईडी की ओर से राज्य के मुख्य सचिव को ग्रामीण विकास विभाग में गड़बड़ियों को लेकर एफआईआर दर्ज करने के लिए लिखी गई एक चिट्ठी भी मिली है। माना जा रहा है कि सरकार ने ईडी की चिट्ठी पर कार्रवाई करने के बजाय उसे लीक कर विभाग के अफसरों तक पहुंचा दिया।

## मंत्री पुत्र देते हैं किसी भी काम की सहमति

कांग्रेस पार्टी और ग्रामीण विकास मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि विभाग में कोई भी काम बिना कमीशन के नहीं होता। काम किसे देना है इसपर पहली सहमति मंत्री पुत्र ही देते हैं। इसके बाद संजीव लाल इसे कागजी जामा पहनाते हैं। टेंडर फाइनल होने के पहले ही एक किस्त कैश में संबंधित ठेकेदार से लिया जाता है। वैसे ग्रामीण विकास विभाग के लिए यह कोई नई बात नहीं है। लगभग हर सरकार के कार्यकाल में यही व्यवस्था रही है। तनवीर ने सिर्फ पहले से चले आ रहे कमीशन दर को दो प्रतिशत बढ़ा दिया और कमीशन की आधी रकम काम अवार्ड होने के पूर्व नकद मांगी जाने लगी। सूत्र बताते हैं कि तनवीर कभी खुद पैसा नहीं लेते, वह कमीशन की रकम तय करता है। पैसे का लेनदेन संजीव लाल ही करता था लेकिन उसपर निगाह रखने के लिए जहांगीर को उसके साथ अटैच किया गया था।

# मोदी से प्रभावित अल्पसंख्यकों ने भाजपा का दामन थामा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव से ठीक राजधानी रांची में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भाजपा का दामन थामा। मंगलवार को मोहम्मद अनवर अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए । मोहम्मद अनवर का स्वागत रांची के विधायक सीपी सिंह ने पट्टा पहना कर किया। अरगोड़ा स्थित भाजपा सांसद के कार्यालय में सैकड़ों मुस्लिम सहित अन्य समुदायों के लोगों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित हो कर भाजपा में शामिल हुआ। यह कार्यक्रम वरूण साहू के द्वारा करवाया गया। मोहम्मद अनवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश दिन-प्रतिदिन प्रगति के पथ पर है। देश में सभी समुदायों को एक समान देखते, उनका हर योजना सभी के लिए बराबर है, उन्होंने कहा कि सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हमारे प्रधानमंत्री कुशल नेतृत्व का परचम लहरा रहे हैं।

# सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं ने बीएजी की बैठक में लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और लोगों को वोटिंग के प्रति जागरूक करने के लिए #मैंभीइलेक्शनएंबेस्डर अभियान का आयोजन किया गया। संध्या 5 से 6 के बीच, मतदान केंद्रों पर सखी मंडल से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं ने बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) की बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों जैसे शपथ, रैली, रंगोली, हस्ताक्षर कैंपेन इत्यादि के माध्यम से लोगों को वोट देने के लिए जागरूक किया।

पलाश (जेएसएलपीएस) के राज्य कार्यालय में भी बिष्णु सी परिदा, मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने सभी राज्यकर्मियों को वोटिंग से जुडी विभिन्न जानकारियां साझा की और वोट करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मियों ने मतदान शपथ के साथ-साथ मतदाता हस्ताक्षर अभियान में भी हिस्सा लिया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए पलाश (जेएसएलपीएस) द्वारा सभी ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल्स पर शाम 6 बजे से 8 बजे तक हैशटैग #मैंभीइलेक्शनएंबेस्डर के साथ राज्य भर में बूथ अवेयरनेस ग्रुप द्वारा किए गए विभिन्न गतिविधियों जैसे रंगोली, मेहंदी, पोस्टर एव साइकिल रैली, शपथ, मतदाता हस्ताक्षर अभियान आदि के फोटो, वीडियो को शेयर कर लोगों से मतदान करने की अपील की गई।



**#मैं भी इलेक्शन एंबेस्डर के साथ विभिन्न गतिविधियों के फोटो, वीडियो को शेयर कर लोगों से मतदान करने की अपील की**

# राज्य की अर्थव्यवस्था पर डाका डाल रही इंडी गठबंधन सरकार : सुदेश महतो

## कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से जीतेगा एनडीए : अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने मंगलवार को बुंडू में एनडीए की बैठक में इंडी गठबंधन सरकार पर जोरदार हमला किया है। आजसू नेता ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था पर राज्य सरकार ने डकैती किया है, राज्य को खोखला कर दिया है। राज्य का आलम देख रही है जनता। ये सरकार राज्य के बेरोजगार युवाओं का गुनहगार है। गुनाह की सजा लोकतंत्र की अदालत में मिलेगी। उन्होंने कहा कि साढ़े चार साल के कार्यकाल में सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। इन्होंने अपने कारनामों से राज्य का नाम पूरे देश में बदनाम किया है। नीति, नियोजन का वादा कर सत्ता में आने वाले लोग खान संपदा को लूटने में मग्न हैं। जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए हम आपसी समन्वय और साझेदारी के साथ खूंटी समेत राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे।**

## तीसरी बार पीएम बनेंगे नरेंद्र मोदी

बैठक में शामिल केंद्रीय मंत्री सह एनडीए के खूंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि एनडीए का हरेक कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को फिर से एकबार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। इस परिश्रम का सुखद परिणाम चार जून को देखने को मिलेगा। कार्यकताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से जीत की पटकथा लिखेगा एनडीए। खूंटी की जनता देश में सुशासन और दूरगामी लक्ष्य रखने वाली सरकार बनाने के लिए अपना मतदान हमारे पक्ष में अवश्य करेगी। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी गंजल ईकिर मुण्डा, रमेश मुण्डा, राम दुर्लभ सिंह मुण्डा, जिप सदस्य विजय मानकी, केंद्रीय सचिव सुधा मुण्डू, केंद्रीय सदस्य रमेश भगत, अडकी प्रमुख कृष्ण सिंह मुण्डा, तमाड प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, बुण्डू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, राधिका देवी, दुति कृष्ण मुण्डा, उमेश नायक, हरदेव महतो, सुनिता देवी, प्रेम कुमार गुप्ता, कन्हाई सिंह, योगेश्वर महतो, सुमित्रा देवी संतोष महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## आदिवासियों का विकास राज्य सरकार के एजेंडे में ही नहीं

सुदेश महतो ने कहा कि जनजातीय समाज का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में कभी रहा ही नहीं। इनका उद्देश्य सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करना है। यह सरकार जनजाति वर्ग का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए कर रही है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इस समाज के गौरवपूर्ण विरासत को सुरक्षित और अक्षुण्ण रखते हुए उनके विकास के लिए कार्य करना हमारा दायित्व है।

## नए सदस्यों का स्वागत

पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में आवश्यक राजनीतिक परिवर्तन में आप सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। हर गांव हर घर तक अपनी पहुँच बनाए और पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुँचाने का कार्य करें।

## इन्होंने ली पार्टी की सदस्यता

**चरण उरांव, कारण उरांव,भकतु उरांव,अशोक दास,पुरनु मुंडा,जितेन उरांव,अजीत मुंडा,दिलीप यादव,मुकेश उरांव,शालित उरांव,समीर उरांव,विष्णु उरांव,मुकेश उरांव,लालू उरांव,मुनिश उरांव,लखिन्द्र उरांव,अजीत उरांव,दीपक उरांव ,पिंकी कुमारी, पूजा देवी सनोका देवी पुष्पा देवी, सुपति देवी, कोकिला देवी, विशोला देवी (अड़की), विशोला देवी (बुंडू), कुसुम देवी बसंती कुमारी, सुनीता कुमारी, प्रदीप महतो समेत अन्य कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।**

# न्यूज बॉक्स

## लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस पर्यवेक्षक ने की बैठक, दिए कई निर्देश



**रांची।** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण समापन के लिए आईपीएस सह रांची लोकसभा क्षेत्र के पुलिस पर्यवेक्षक जलिंदर डी सुपेकर ने मंगलवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित अन्य वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की.इस दौरान पुलिस पर्यवेक्षक ने चुनाव को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में पुलिस पर्यवेक्षक के जरिए आदर्श आचार संहिता के दौरान जिला पुलिस की ओर से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।समीक्षा के क्रम में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और व्यापार के विरुद्ध पुलिस एवं उत्पाद विभाग के संयुक्त टीम के जरिए छापेमारी करने, मादक पदार्थों के खरीद-बिक्री और भंडारण एवं उसमें संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ छापेमारी करने, शास्त्र अधिनियम के तहत आरोप पत्रित आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा असामाजिक तत्त्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके आलावा सक्रिय अपराधियों के खिलाफ समर्पित सीसीए प्रस्ताव की समीक्षा करते हुए सभी अपराधियों के खिलाफ नियत अवधि में कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया।

## रांची हवाई अड्डा पर कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी का किया भव्य स्वागत



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के झारखंड आगमन पर रांची एयरपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस नेताओं द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, अशोक चौधरी, केशव महतो कमलेश,रमा खलको, अंबा प्रसाद, विनय सिन्हा दीपू,सोनाल शांति, संजय लाल पासवान ऋषिकेश सिंह, कुमार राजा, गौरव सिंह, रियाज अंसारी, उज्जवल तिवारी, राकेश किरण महतो, अमित सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे।

## राजधानी में पानी की समस्या का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता : धर्मेंद्र

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और रांची लोकसभा सीट के उम्मीदवार धर्मेंद्र तिवारी ने कहा है कि खूंटी में स्थित लतरातु डैम से राजधानी रांची को जोड़ कर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना उनकी पहली प्राथमिकता है। भाजमो के तिवारी अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान राजधानी वासियों को भरोसा दिया कि मौका मिलने पर वे पानी की समस्या पर सबसे पहले कार्य करेंगे। भाजमो के तिवारी ने कहा कि अभी धुर्वा डैम, गेतलसुद डैम, कांके डैम से रांची को जलापूर्ति होती है। ये ज्यादा दिनों तक चलेगा नहीं क्योंकि बीतते वक्त के साथ राजधानी की आबादी बढ़ रही है, संसाधन कम होते जा रहे हैं। तरफ किसी भी राजनीतिक दल का ध्यान और सरोकार नहीं रहा। राष्ट्रवादी पार्टी का चादर ओढ़े भाजपा, जिसने झारखण्ड में सबसे ज्यादा समय तक शासन किया, उसने भी पानी के मुद्दों को कभी भी जनमुद्दा नहीं बनाया, बल्कि इसे पैसा कमाने का जरिया बनाया, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण स्वर्णरेखा नदी एवं हरमू नदी का गंदा नाला में तब्दील होना है।

## जदयू के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक चौधरी निष्कासित

**रांची।** जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सह संथाल परगना प्रमंडल प्रभारी अशोक चौधरी को छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया। चौधरी पर जदयू पार्टी के विरोध में बैठक बुलाने, प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ बयान देने, पार्टी के अनुशासन को भंग करने और दल विरोधी गतिविधि में शामिल होने का आरोप है। इस संबंध में मंगलवार को जदयू के महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी भगवान सिंह ने उनके निष्कासन से सम्बंधित पत्र जारी किया। इसकी सूचना जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी दे दी गई है।

## सोशल मीडिया पर # मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कर रहा ट्रेंड

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के कार्यालय द्वारा # मैंभीइलेक्शनएंबेसडर हैशटैग अभियान सोशल मीडिया 'एक्स' पर मंगलवार शाम में ट्रेंडिंग में आ गया। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अभियान से जुड़े सभी मतदाताओं, पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं सोशल मीडिया के इंफ्लुएंसर को धन्यवाद कहा। रवि कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के प्रति मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित इस सफल अभियान में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लाखों की संख्या में पोस्ट हुए। इस तरह के अभियान से सोशल मीडिया से जुड़े मतदाताओं को जागरूक करने में सहायता प्राप्त होगी।

## सीईओ ने बुंडू के दो मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

# वोट देने में मतदाता को हुई परेशानी तो करेंगे कड़ी कार्रवाई : के रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिले के बुंडू प्रखंड क्षेत्र के दो मतदान केन्द्रों का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को निरीक्षण किया। उन्होंने बुंडू के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के मतदान केंद्र संख्या 69 एवं राजेंद्र आश्रम कन्या मध्य विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या 72 का निरीक्षण किया। सीईओ के रवि कुमार ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण, मतदाता मार्गदर्शिका के वितरण एवं अब्सेंट, शिफ्ट, डेथ (एएसडी) सूची के अद्यतीकरण कार्य की गहराई से छानबीन की। इस कार्य में शिथिलता मिलने पर नाराजगी जताते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यदि संबंधित पदाधिकारी की लापरवाही के कारण किसी भी मतदाता को मताधिकार के प्रयोग में परेशानी की शिकायत आई तो कड़ी कार्रवाई होगी। निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य ससमय संपन्न कराए जाने के लिए सभी जिलों के लिए कैलेण्डर तय हैं। जिनकी भी जहां जिम्मेवारी है उन्हें निर्धारित समय से पूरा करना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जहां लगातार दिशा-निर्देश दे रहे हैं, वहीं बूथों का निरीक्षण कर निर्देश पर अमल की निगरानी भी कर रहे हैं।



## निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारियों को तैयारी में गति लाने का निर्देश

के रवि कुमार ने निर्वाचन कार्य की तैयारी में गति लाने का निर्देश दिया। साथ ही शिथिलता बरते जाने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने मतदाता मार्गदर्शिका एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण में तेजी लाते हुए शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही एएसडी की अपूर्ण सूची को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं की सहायता के लिए नियुक्त किये जाने वाले वालिंटियर से संबंधित सूची एवं मतदान केंद्र जागरुकता समूह की सूची का भी अवलोकन कर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## रांची सदर एसडीओ ने किया मतदाता पर्ची का वितरण

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सभी संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मतदाता पर्ची वितरण का पर्यवेक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को रांची सदर एसडीओ सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 63-रांची उत्कर्ष कुमार ने नगड़ा टोली क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-278 के मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची के वितरण का शुभारंभ किया। सदर एसडीओ ने शांति अपार्टमेंट में जाकर मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया। रेडियम रोड अवस्थित रामेश्वरम अपार्टमेंट में मतदान केंद्र सं-61 में बीएलओ के साथ मतदाता पर्ची का वितरण किया। इसके बाद कार्ट सराय रोड अवस्थित महालक्ष्मी टावर मतदान केंद्र सं-146 में भी मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63-रांची, संबंधित बीएलओ एवं संबंधित बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# लोस चुनाव में मतदाता पहचान पत्र बांटने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा डाक विभाग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में लोकसभा चुनाव के चौथे, पांचवें, छठे और सातवें चरण में मतदान होना है। इससे पहले सभी नए मतदाताओं तक मतदाता पहचान पत्र पहुंचाने की कवायद में डाक विभाग भी जुटा है। विभागीय कर्मचारी नया वोटर आईडी कार्ड लोगों तक पहुंचाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इस संबंध में रांची के शहीद चौक स्थित डाक विभाग के कार्यालय में तैनात मुख्य डाकपाल एस गोराई ने बताया कि लोगों के घरों तक वोटर आईडी कार्ड पहुंचाने के लिए करीब 55 डाकिया काम कर रहे हैं, जबकि 15 से 20 कर्मचारी कार्यालय में लगातार कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीने से यह काम लगातार चल रहा है। अब तक 15 से 20 लाख लोगों तक वोटर आईकार्ड पहुंचाने का काम किया गया है। साथ ही 25 मई से पहले रांची जिले के बचे हुए 55 से 60 हजार वोटर कार्ड मतदाताओं तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। डाक विभाग के कर्मचारी नवनीत कुमार और नवीन कुमार का कहना था कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक व्यक्ति को शामिल होना चाहिए। यदि एक व्यक्ति भी मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाता है तो इसका असर देश की सरकार बनाने पर पड़ेगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति तक नया वोटर कार्ड पहुंचाने के लिए डाक विभाग जी-तोड़ मेहनत कर रहा है। 25 मई से पहले सभी के घरों तक नया वोटर आईकार्ड पहुंचे। इसके लिए सभी कर्मचारी युद्धस्तर पर लगे हुए हैं। जिन मतदाताओं के घर पर आईकार्ड पहुंचा और वो किसी कारणवश कार्ड रिसीव नहीं कर पाए उनको फोन कर कार्यालय बुलाया जा रहा है, ताकि हर मतदाता मतदान से पहले वोटर आईडी कार्ड प्राप्त कर लें और आसानी से वोट कर सकें। डाकघर के कार्यालय में नया वोटर आईडी कार्ड लेने पहुंची मतदाता सुमन मांझी ने कहा कि जिस तरह से डाक विभाग जिले के प्रत्येक नागरिक को उनका वोटर कार्ड तत्परता से पहुंचा रहा है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि रांची में मतदान के दिन ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान केंद्र तक पहुंचेंगे और मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगे।



### हजारीबाग संसदीय सीट से 17 प्रत्याशियों में किसे मिलेगी जीत, जानें युवा मतदाताओं की आवाज

# कर्मठ, शिक्षित के साथ ही रोजगार देने वाले को चुनेंगे युवा

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

18वीं लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए चुनाव प्रक्रिया गतिशील है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने 14-हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से एनडीए के मनीष जायसवाल, इंडी के जय प्रकाश भाई पटेल, बसपा के मो मोईन उद्दीन अहमद, भाकपा के अनिरुद्ध कुमार, लोकहित अधिकार पार्टी के कुंज बिहारी कुमार, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के छठी देवी, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डे.) के निशांत कुमार सिन्हा, भारतीय आजाद सेना के प्रकाश सोनी, समता पार्टी के भुनेश्वर बेदिया, झारखंड पार्टी के राज कुमार, भागीदारी पार्टी के श्याम बिहारी प्रजापति सहित संजय कुमार मेहता, अभिषेक कुमार, मनोज कुमार बेदिया, विनोद कुमार राणा, शशि भूषण केसरी और मो सेराज का निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पर्चा स्वीकृति की घोषणा करते हुए उन्हें चुनाव चिन्ह भी आवंटित किया हैं. बुधवार से सभी प्रत्याशियों का प्रचार-प्रसार तेज हो जायेगा. ऐसे में सबसे ज्यादा उत्साहित नए मतदाता हैं. जो अपने मत का प्रयोग करने के लिए बेताब हैं. इसी क्रम में बरही-21 विस के नए मतदाताओं ने जो कुछ कहा, वह इस प्रकार है

### क्षेत्र का विकास करने वाले को ही दें वोट

इसबार वैसे प्रत्याशी को वोट दें जो जनता के साथ-साथ क्षेत्र का विकास करने वाला हो और उसी के संबंध में सोचे। लोगों को मूलभूत समस्याएं पर ध्यान केन्द्रित कर उसका विकास करे। स्वास्थ्य, सड़क, बिजली व शिक्षा पर पूरी तरह से ध्यान दे, ताकि लोग खुश रहें और फिर मौका दें।



**भोला राम :** पहली पहली बार मतदान करने जा रहे बाराटांड़ निवासी भोला राम ने कहा कि सरकार को बेरोजगारों पर ध्यान देना होगा. परीक्षा प्रणाली सशक्त करना होगा, जिससे पेपर लीक या रि एग्जाम जैसे घटनाओं का सामना न करना पड़े. यहां तो हर एक परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों को या तो कैंसिलेशन या कोर्ट का मुंह देखना पड़ता है.



**अमृता कुमारी :** हजारीबाग रोड में की रहने वाली अमृता ने भी अपने क्षेत्र के लिए जुझारू, निष्ठित, नसमर्पित और शिक्षित सांसद चुनने की बात कही. वह कहती है कि जन प्रतिनिधि ऐसा हो जो हर लोगों का ख्याल रखे ओर विकास ही उसकी पहली प्राथमिकता हो। न कि वह जनता को सिर्फ बहलाए।



**नेहा कुमारी :** बाराटांड़ की ही रहने वाली नेहा ने नए सांसद से महिलाओ के लिए सोचने वाला हो. गरीब और आर्थिक रूप से पिछड़े महिलाओ के लिए योजनाएं तो है परंतु प्रक्रिया जटिल है, इसे सुगम बनाया जाए, जीपीएस व ऑनलाइन आधारित प्रक्रिया के तहत देने की व्यवस्था हो जहां बिचौलियों का कोई जगह नही मिले.



**पंकज यादव :** देवचंदा के रहने वाला पंकज ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में वह पहली बार भाग लेने जा रहा है. उसने बताया कि उनका सांसद रोजगार, न्याय और विकास को लेकर समर्पित होना चहिए. क्योंकि जनता के लिए सिर्फ विकास ही एक मुद्दा है। जो लोगों के लिए ही रहता है।



**अनीका कुमारी :** पहली इसबार मतदान को लेकर उत्सुक अनीका ने बताया कि संसदीय चुनाव स्थानीय मुद्दे पर नही बल्कि राष्ट्रीय मुद्दे पर लड़े जाते है. देश को सशस्कत, विकासशील और बहुआयामी गति में साथ देनेवाले सांसद के साथ अपने क्षेत्र को रोजगरमय बनाने वाले व्यक्ति को ही वह पसंद करती है.



**नूपुर कुमारी :** तिलैया रोड निवासी नूपुर कुमारी का कहना है कि उसके जनप्रतिनिधि युवाओं की आवाज बने. एक लाख या दो लाख का अनुदान नहीं बल्कि हर एक बेरोजगार के लिए स्थाई रोजगार की व्यवस्था करे. वर्तमान समय में पढ़ लिखकर जितना युवा बेरोजगार है इसका अनुमान लगाया नहीं जा सकता है।

## न्यूज बॉक्स

### कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने जेपी भाई पटेल पक्ष में किया चुनावी दौरा



**हजारीबाग।** कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने महागठबंधन से लोकसभा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के पक्ष में चुनावी सरगर्मी को और तेजी दी। उन्होंने कटकमदाग प्रखंड के कटकमदाग पंचायत में बांका गांव, संलगांवा पंचायत में पकरार गांव, और कटकमसांडी प्रखंड के कंचनपुर पंचायत में गोविंदपुर और हेदलाग गांवों का दौरा किया। श्री सिंह ने लोगों के साथ स्थानीय चुनावी मुद्दों पर चर्चा की और उनके समस्याओं को सुना। उन्होंने चुनावी लक्ष्यों और कांग्रेस पार्टी के उत्कृष्ट योजनाओं को लेकर लोगों को जागरूक किया तथा पार्टी के नयाय पत्र से अवगत कराया। इस संवाद के माध्यम से, श्री सिंह ने लोगों की समस्याओं का हल निकालने का आश्वासन दिया और उन्होंने जनता के विकास और सुधार के लिए पार्टी के कामकाज की भूमिका पर भी चर्चा की। मुख्य रूप से, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, सुधीर कुमार कुशवाह, नारायण कुशवाहा विकास कुशवाहा रंजीत यादव, उपेंद्र कुशवाहा, अदित्य कुमार इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### सिविजिल एप पर करें आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत, 100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई

**हजारीबाग ।** लोकसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद करके यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सी विजील मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है। सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है।

### विहिप की मासिक बैठक संपन्न निरंजन बने प्रखंड अध्यक्ष




**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में विहिप की मासिक बैठक संपन्न हुई. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन केशरी व संचालन जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार ने किया. बैठक में मुख्य रूप से विहिप जिला मंत्री अरविन्द मेहता शामिल हुए. बैठक की शुरूआत बीते माह में लिए गए प्रस्तावों के समीक्षात्मक चर्चा से हुई. जिला मंत्री ने सीता नवमी की चर्चा करते हुए 12 से 18 मई के बीच प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में इसे हर्षोल्लास मनाने की बात कही. इस अवसर पर अधिकाधिक कार्यक्रम आयोजित कर लोगो के बीच सीता नवमी के प्रति जागरूकता लाने पर जोर दिया. इसके साथ ही विहिप प्रखंड उपाध्यक्ष को प्रखंड अध्यक्ष के रूप में पदोन्नति की घोषणा किया. विदित हो कि प्रखंड अध्यक्ष का जिला कोषाध्यक्ष में प्रोन्नति होने के बड़ा यह पद रिक्त था. जिसे उपस्थित लोगो ने करतल ध्वनियों से स्वागत किया. नव निर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की मजबूती व विकास को लेकर वह सदैव तैयार रहेंगे. इसके साथ हीं लोकतंत्र की महापर्व में बरही प्रखंड में 60% मतदाताओं की उपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की बात कही. सभी कार्यकर्ताओ से योजना बनाकर मतदाताओं को बुथ तक ले जाने और मतदान कराने की कोशिश करने की अपील की गई. बैठक में जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, जिला मिलन प्रमुख सुमंत पांडे, प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष संजय राणा, बजरंगदल सहसंयोजक नीतेश कुमार, संजय यादव,विजय राणा आदि कई लोग मौजूद थे.

### अतिक्रमण को लेकर प्रशासन मुस्तैद, पुलिस बल के साथ इंस्पेक्टर ने किया निरीक्षण



**बरही ।** चौक सहित आसपास क्षेत्र में फिर से अतिक्रमण नहीं हो इसे लेकर प्रशासन फिलहाल पूरी तरह सजग नजर आ रहा है. पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार पुलिस बल के साथ बरही के चारो रोड सहित चौक का भ्रमण कर अतिक्रमणकारियों को चेताया. उन्होंने बताया कि सड़क या चौक क्षेत्र में दुकान लगाने वाले या अतिक्रमित करने वाले दंडित होंगे. उन पर कानूनी कारवाई की जायेगी. उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस प्रशासन आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है. परंतु इस कार्य के लिए आप सबों का सहयोग अति अनिवार्य है. चौक क्षेत्र खाली रहने से पिछले तीन दिनों से गाड़ियों के जाम लगने का सिलसिला पूरी तरह समाप्त हो चुका है. स्थानीय सहित पैसेंजर और वाहन चालकों को राहत मिली है. स्थानीय लोगो ने बताया कि अभी भी कुछ दुकानदार सड़को किनारे बैठने के प्रयास में रहते है, इस दिशा में पेट्रिलिग दस्ते को भी सख्त होने की आवश्यकता है.

### सरकारी आदेश का निजी विद्यालय उड़ा रहे हैं धज्जियां,बीईईओ ने मांगा स्पष्टीकरण

**बरकट्ठा।** भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने केजी से लेकर आठ तक की कक्षा सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय को अगले आदेश तक बंद रखने का निर्देश जारी किया है। वही प्रखंड के बेड़ोकला पंचायत अंतर्गत कई निजी विद्यालय खुले रखने की शिकायत बीईईओ किशोर कुमार को मिली। जिसमें मॉर्डन पब्लिक स्कूल बेडोकला, पैरामाउंट पब्लिक स्कूल बेड़ोकला, विजन पब्लिक स्कूल बेडोकला, संजय गांधी उच्च विद्यालय बेडोकला, विद्या निकेतन बेडोकला में शैक्षणिक कार्य किये जाने की सूचना मिली। विदित हो कि बीईईओ किशोर कुमार को संकुल साधन सेवी विनोद कुमार शर्मा के द्वारा निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में शैक्षणिक कार्य किये जाने की लिखित सूचना दी गई थी।सूचना के आलोक में बीईईओ ने उक्त विद्यालय के प्राचार्य को सरकारी आदेश की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर उपलब्ध कराने को कहा है। पत्र में लिखा है कि किस कारण विद्यालय खुला रखकर पठन-पाठन कार्य किया जा रहा है।

## एक नजर

### आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**गिद्दी।** झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय डाड़ी की छात्राओं ने मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। आवासीय बालिका विद्यालय डाड़ी की छात्राओं ने वार्डन और शिक्षिकाओं के नेतृत्व में विद्यालय परिसर से रैली निकाल कर गिद्दी सी ट्रैकर स्टैंड पहुंचकर नुक्कड़ सभा की। छात्राओं ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव में 20 मई को सभी को मतदान करने अवश्य जाने की अपील की। इसके पहले विद्यालय में छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और वैज बनाने का कार्य करके भी मतदाताओं को जागरूक किया। रैली में विद्यालय की वाडेन कुमारी ज्योति, शिक्षिका रीना कुमारी, ममता भारती, रिंकी कुमारी, सुमन कुमारी, और लेखापाल राजकुमार साह उपस्थित थे।

### अतिक्रमण के नाम पर बेरोजगारों को हटाने का हो रहा है प्रयास

**रामगढ़।** ऐतिहासिक शनिचरा हाट बाजार से अतिक्रमण के नाम पर जीविका चला रहे बेरोजगारों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। यह बात शनिचरा बाजार में दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने उपायुक्त रामगढ़ को ज्ञापन सौंपने के बाद सोमवार को कही। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि शनिचरा बाजार हाट एक ऐतिहासिक बाजार है, यहां पर हम पूर्वजों के समय से ही अपने कृषि उत्पाद वस्तुओं की खरीद-ब्रिकी करते आ रहे हैं। व्यवसाय से जीविकोपार्जन किया करते हैं। बाजार का अस्तित्व सार्वजनिक स्थल के रूप में रहा है। यह भूमि सैरात की है। जिसका रकवा 11 एकड़ 31 डिसमिल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकारी कर्मचारी की ओर से गहरी साजिश के तहत पंजी दो में छेड़छाड़ कर भू-माफिया कब्जा करने का प्रयास वर्ष 2017 से ही कर रहे हैं। हमसभी दुकानदारों ने मिलकर बचाया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शनिचरा बाजार हाट की 5 एकड़ 76 डिसमिल जमीन ही नगर परिषद रामगढ़ को हस्तांतरित किया गया है।

### गारंटी कार्ड वितरण को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न

# इंडी उम्मीदवार को जिताने का लिया गया संकल्प




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

हजारीबाग संसदीय सीट से इंडी उम्मीदवार के जीत की रणनीति बनाने को लेकर रसोईया धमना पंचायत में कांग्रेसियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. बैठक पंचायत अध्यक्ष मो तैयब की अध्यक्षता व पंचायत प्रभारी रिजवान अली के नेतृत्व में आयोजित किया गया. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पंचायत प्रभारी ने कहा कि यह चुनाव तानाशाह व डपोरशंखी शासन के खिलाफ है. जनता के बीच भाजपा की विफलत और कांग्रेस के पांच गारंटी को पहुंचाना है. लोगो को उनके हक और अधिकार के प्रति जागरूक करते हुए बीते 10 वर्षो के त्राहिमाम को समझाना है. पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मतदाता भी बदलाव के मुड में है ऐसे में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से कुशल, अनुभवी और सौम्य इंडी उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल की जीत के लिए समर्पित भाव से जनता के बीच जाना है. उन्हे कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर राहुल गांधी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बनाने के लिए प्रेरित करना है. इसके साथ सभी बूथ प्रभारियों को कांग्रेस पार्टी की गारंटी कार्ड वितरित करते हुए कांग्रेस पार्टी की पांच न्याय गारंटी को विस्तार से बताया गया. साथ ही गारंटी कार्ड को जन जन तक पहुंचाने की बात कही गई.

### विश्व रेड क्रॉस दिवस पर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन

# लोग रक्तदान शिविर में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें : डीसी

- 18 वर्ष से 60 वर्ष के आयु तक के हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए : तनवीर सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

मानवता के प्रति हर कोई एक दूसरे की मदद के लिए बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करता है इसी दृष्टिकोण से विभिन्न संस्थाओं के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा मंगलवार 8 मई विश्व रेड क्रॉस दिवस के शुभ अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान के स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हजारीबाग के नए समाहरणालय भवन में आयोजित किया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर सुबह 10:30 बजे विधिवत रूप से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डीसी नैंसी सहाय सहित कई जिला पदाधिकारी शामिल रहेंगे। हजारीबाग रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा प्रत्येक वर्ष विश्व रेड क्रॉस दिवस के दिन ऐसी कार्यक्रम आयोजित की जाती है। ताकि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे को रक्त की कमी ना हो हजारीबाग जिले में करीब 200 से भी अधिक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे हैं। रक्तदान शिविर को लेकर हजारीबाग की डीसी नैंसी सहाय ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें बहुत ही सराहनीय कार्य भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा किया जा रहा है, पदाधिकारी एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देता हूं। मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन विश्व रेड क्रॉस दिवस के दिन किया गया है। 18 वर्ष आयु से 60 वर्ष के आयु तक के हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस कार्यक्रम में समस्त हजारीबाग वासी सादर आमंत्रित है आप आए रक्तदान कर मानवता के प्रति मिसाल पेश करें।

# शिक्षा के साथ जागरूकता से बदलें पुरानी सोच, रहें बीमारियों से दूर : दीपा कुमारी




**दीपा कुमारी ने मासिक धर्म से जुड़ी बुनियादी बातों और स्वच्छता के महत्व को समझाया**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में सी.एस.आर. सीसीएल द्वारा मासिक धर्म के प्रति जागरुकता फैलाने के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को मासिक धर्म की स्वच्छता, इससे जुड़े मिथकों और तथ्यों के बारे में शिक्षित किया गया। इस आयोजन में न केवल छात्राओं ने भाग लिया, बल्कि शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में, विद्यालय की आचार्या शुक्ला चौधरी ने मासिक धर्म के प्रति समाज में फैली गलतफहमियों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, शिक्षा का अर्थ केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता भी है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञ दीपा कुमारी ने मासिक धर्म से जुड़ी बुनियादी बातों और स्वच्छता के महत्व को समझाया। छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन के उपयोग और निपटान के सही तरीके भी बताए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन सी.एस.आर. नोडल अधिकारी आशीष झा,ज्योति प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में हुआ।इस अवसर पर सीसीएल द्वारा विद्यालय में नैपकिन वेंडिंग और निष्पादन मशीन लगाई गयी। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने इस कार्यक्रम के लिए सीसीएल रजरप्पा का आभार प्रकट किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्या ममता कुमारी, अंकिता रानी, रिंकी, मालविका, गायत्री कुमारी, ललिता गिरी, पूनम सिंह, ज्योति राजहंस, आरती झा, डॉ गायत्री आदि की प्रमुख भूमिका रही।

### विवाहित महिला को कुंवारे लड़के से हुआ प्यार

# दोनों साथ रहने को राजी



**9 दिन बाद प्रेमी और प्रेमिका पहुंचे थाना, सुरक्षा की लगाई गुहार**

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

कहते है जब प्यार चढ़ा परवान तो सब कुछ जायज हो जाता है। ऐसा ही मामला थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत सलैया की विवाहित महिला का प्रकाश में आया है ।महिला ने कुंवारा लड़का से प्यार किया। इस बाबत प्रेमिका महिला लक्ष्मी कुमारी पिता राजकुमार मंडल बरकट्ठा थाना में 9 दिन बाद प्रेमी के साथ पहुंची और आवेदन देकर अपने जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है। जिसमें उन्होंने बताया कि विक्की दास पिता गोवर्धन दास ग्राम सलैया निवासी से प्यार कर शादी कर ली हूॅं। जिसकी जानकारी परिजनों को मिलने के बाद परिजनों ने थाना में आवेदन दिया था। जिसके बाद हम मंगलवार को दोपहर बरकट्ठा थाना आकर सुरक्षा की गुहार लगाई हूं। वहीं लक्ष्मी कुमारी ने बताया की 13वर्ष की उम्र में परिजनों ने मेरी शादी राजस्थान के भीलवाड़ा में करवाई थी। जहां पूर्व पति और परिजनों द्वारा मारपीट व प्रताड़ित किया जाता था। 28 अप्रैल को फरार होकर मंदिर में विक्की दास से शादी रचा ली ।वहीं प्रेमी विक्की दास ने भी लक्ष्मी से शादी करने व एक दूसरे के साथ आजीवन रहने की बात कबुल की। शादी को लेकर बाजार में चर्चा जोरों पर है। प्रेमिका लक्ष्मी कुमारी की एक पुत्री 4 वर्ष की है जो अपने पिता के साथ भीलवाड़ा में रह रही है।

# भाजपा के कई वरिष्ठ सदस्यों ने प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व व स्थानीय जिला भाजपा के तानाशाही रवैया से अपमानित होकर हजारीबाग लोकसभा के समर्पित कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी से अपना पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा प्रदेश नेतृत्व झारखंड प्रदेश व भाजपा जिला अध्यक्ष हजारीबाग तथा रामगढ़ को सौंप रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है संगठन द्वारा लगातार अपनी अनदेखी और अवहेलना किए जाने से अपने आप को अपमानित महसूस कर रहे हैं। हम कार्यकर्ताओं को जानबूझकर इस लोकसभा के चुनाव कार्य से निकल बाहर किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि लोकसभा के चुनाव में पूर्व में जिन कार्यकताओं को चुनाव कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी उनको बिना कारण ही हटा दिया गया। इस्तीफा देने वालों ने आरोप लगाया कि शीर्ष नेतृत्व ने भी कोई संज्ञान नहीं लिया है। सब ऊपर से लेकर नीचे तक मिले हुए हैं। समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता जो भाजपा के शुरूआती काल से पार्टी की सेवा करते आ रहे हैं, उनको अपमान का घूंट पीना पड़ रहा है।

### प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

**गोला।** गोला के महलीडीह गांव में सोमवार को श्री श्री अनंत श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय महायज्ञ को लेकर सुबह 6 बजे सैकड़ों महिला, पुरुष, बच्चे व युवतियां मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। यहां यज्ञ समिति की ओर से उपलब्ध कलश को अपने सिर में उठा कर सपाही नदी पहुंचे। जहां आत्मदर्शी श्री श्री रामशरण गिरी महराज के नेतृत्व में आचार्य मनीष कुमार पांडेय, लोकेश गिरी, आदित्य गिरी, रामसेवक गिरी, अनिल गिरी वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना के पश्चात कलशों में जलभराई की गई। इसके बाद महिलाएं नगर भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंची। यहां बने यज्ञशाला में पूजा अर्चना के बाद कलशों को स्थापित किया गया। इसके बाद अमृत पान कर पूजा प्रारंभ हवन किया गया। यजमान पोकलाल महतो व पत्नी जुगली देवी, रामनाथ महतो दंपति कुन्ती देवी, मनोहर कुमार दंपती शीला देवी, प्रेमनाथ यादव, नागेंद्र महतो दंपती बबिता देवी ने पूजा अर्चना कर आहुति दी।

### अनिरुद्ध कुमार के समर्थन में मांगा वोट, कहा-

# लोकतंत्र व संविधान का गला घोट रही है केंद्र की मोदी सरकार : भुवनेश्वर मेहता




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार के समर्थन में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, नेमन यादव, राजेंद्र प्रसाद ने गहन चलाया। लइयो, झारखंड, केदला, घाटो, तापीन, चीची के कई गांवों और कॉलोनी में जनसंपर्क अभियान चलाकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार के समर्थन में ईवीएम मशीन के क्रम संख्या 4 में हसुआ जौ की बाली छाप पर बटन दबाकर विजय बनाने की अपील की। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के संपत्तियों को बेचने में लगी है। कोलियारियां बंदी के कगार पर है। आउटसोर्सिंग में काम करने वाले मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी तक नहीं दिया जा रहा है। सारे सार्वजनिक कल कारखानों को पूंजीपतियों के हवाले किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर करना जरूरी है। झारखंड सरकार के मंत्री कांग्रेसी निजी सचिव के नौकर के घर 40 करोड रुपए का मिलना झारखंड मे मची लूट को साबित करती है। 5 से 10 प्रतिशत पहले पैसा लेकर टेंडर मैनेज करने के नाम पर बड़ा खेल ग्रामीण विकास में चल रहा है। जिसका नतीजा नोटों को ढेर से मिला। वही बीजेपी और कांग्रेस दोनो एक समर्थित उम्मीदवार है। दोनो एक सिक्के के दो पहलू है ।जेपी पटेल अभी तक विधानसभा से इस्तीफा नहीं दिया है। दोनों उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी का ही है ।हजारीबाग लोकसभा की चुनाव में त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति बन रहा है। जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी विजयी होगी ।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि देश मोदी के हाथ में लोकतंत्र एवं संविधान सुरक्षित नहीं है। लगातार संविधान को बदलने के लिए केंद्र सरकार बेताब है।

## एक नजर

### चोरी की स्कार्पिओ के साथ एक युवक गिरफ्तार, गया जेल

**दारू ।** थाना प्रभारी शफीक अंसारी ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पुनाई पंचायत के जरगा से एक सफेद रंग की स्कार्पिओ के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक्का नाम सुजीत कुमार पिता वकील ठाकुर है को की टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो का रहने वाला है जिसे चोरी की सफेद् रंग की स्कॉर्पियो वाहन संख्या बी आर 31 पी ए 5286 के साथ जरगा से गिरफ्तार किया गया। इस मामले मे बरामद वाहन बिहार क्षेत्र का है जिसकी बिस्तृत जानकारी नही मिल पायी है।गिरफ्तार युवक को मंगलवार को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

### भीषण गर्मी में विद्यालयों को खुला पाया, तो होगी कार्रवाई : बीईओ

**टाटीझरिया।** भीषण गर्मी पड़ने के कारण झारखंड सरकार ने वर्ग छह से 8वीं तक की कक्षाएं को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है परंतु प्रखंड के कुछ निजी विद्यालय सरकार के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे है कोई विद्यालय 9वीं और 10 वीं कक्षा के आड़ में 5 वीं कक्षा से चला रहे है तो कोई छ॔ से विद्यालय संचालित किए हुए है क्या कहते है बीइयो_ बीईयो राकेश कुमार ने कहा की सरकार द्वारा 30 अप्रैल से भीषण गर्मी को देखते हुए छह से 8वीं तक की कक्षाएं बंद करने का निर्देश जारी किया गया है उस पर भी कुछ निजी विद्यालय खुले हुए है मैं सीआरपी और बिआरपी को आदेश दिए है की यदि कोई भी प्रखंड में निजी विद्यालय खुला पाया मिलेगा तो इसकी लिखित सूचना करे तुरंत करवाई की जाएगी सूचना नही मिलने पर सीआरपी और बिआरपी पर करवाई की जाएगी सीआरपी दयाल प्रसाद ने कहा की बहुत से विद्यालय ट्यूशन पढ़ाने के बहाने बच्चों को विद्यालय बुला रहे है।

### बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**झुमरीतिलैया।** कोडरमा लोकसभा सीट के लिए 20 मई को मतदान है। इसे लेकर मंगलवार की सुबह बिशुनपुर रोड स्थित होली चाइल्ड स्कूल की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने रैली निकाली गई। रैली विभिन्न इलाकों से होते हुए पुनः स्कूल पहुंची। स्कूल में अच्छे भारतीय होने की शपथ लेते हुए कार्यक्रम समाप्त हो गई। रैली में शिक्षक, बच्चों ने स्लोगन की तख्तियां पहले मतदान- फिर जलपान, वोट देने जाना है- अपना फर्ज निभाना है, 20 मई को वोट करेगा कोडरमा आदि का संदेश दिया। इसमें प्रिंसिपल प्रियंका ओझा, पूनम, रूपाली आदि शामिल थे।

### अवैध महुआ शराब के खिलाफ चला छापेमारी अभियान

**सतगावां।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर अवैध महुआ शराब के खिलाफ तुरिया टोला खवासडीह में मंगलवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान 500 किलो जावा महुआ, शराब बनाने वाले उपकरण को बरामद कर घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया गया। साथ ही जावा महुआ को नष्ट किया गया।

### डाककर्मियों ने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का लिया संकल्प

**हजारीबाग।** रिफॉर्मेटरी स्कूल डाकघर में कॉलेज मोड, कोर्रा व रिफॉर्मेटरी स्कूल डाकघर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण डाकघर नगरी चुरचू, मोरंगी, बभनबै, भेलवारा, धेगुरा मोड़, कदमा, गदोखर, सलगावां, रेवली, चंदवार, जगदीशपुर, ओरिया, रोला, सितागढा, बहिमर, डॉड़, कटकमसांडी, लूपुंग, पबरा, पेलावल, रोमी, शाहपुर, सुल्ताना के डाककर्मियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है, डाक विभाग मतदाता पहचान पत्र वितरण के लिए पूरी तरह कृत संकल्पित है इसलिए हमें हर हाल में मतदाता पत्र मिलते ही संबंधित व्यक्ति को इसे देना है। हमें अपने आसपास के लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। मौके पर रेफरोमेट्री स्कूल के उप डाकपाल रौशन कुमार सिंह, डाक सहायक प्रियम राज, अंजली कुमारी सहित काफी संख्या में डाककर्मी उपस्थित थे।

# कोलेबिरा के जताटांड़ में सिर्फ चुनाव में आती है बिजली

## वर्ष 2008 में विभाग ने गाड़े थे खंभे, चुनाव के समय जुगाड़ से दिया जाता है विद्युत कनेक्शन



**◆अंधेरा पाकर गांव में घुस आते हैं जंगली हाथी, घरों को पहुंचाते हैं नुकसान**

नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत जताटांड़ गांव एक ऐसा गांव है जहां आजादी से लेकर अब तक बिजली नहीं पहुंच पाया है।एक तरफ देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है साथ ही लोकतंत्र का महापर्व मनाने जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जताटांड के ग्रामीण बिजली के बिना अंधकार में रह रहे हैं। वहीं उनके भविष्य भी अंधकार की ओर बढ़ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जताटांड गांव में बिजली के खंभे वर्ष 2008 में विभाग के द्वारा गाड़े गए किंतु अब तक उस बिजली के खंभे में ना तो बिजली पहुंची ना तो बिजली के तार, जबकि गांव के कुछ घरों में बिजली के बिना बिजली के मीटर लगा दिए गए हैं। गांव में लगभग 50 से अधिक परिवारों का घर है। गांव वालों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से जब बात किया तो उनके द्वारा कहा गया कि हमारे पास खंभे में लगाने के लिए पर्याप्त तार नहीं है। जिसके लिए प्रत्येक घरों से पैसा चंदा कर खंबो में तार लगाया जाएगा। गांव में 50 से अधिक घर हैं जिसमें नल जल की योजना के तहत सिर्फ एक ही जल मीनार लगाया गया है, अब उसकी भी हालत जर्जर स्थिति में है। पेयजल विभाग में इस विषय पर शिकायत करने पर भी अब तक जल मीनार को ठीक नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि 5 साल में एक बार हम लोग लोकतंत्र का महापर्व मानते हैं तभी हमें सिर्फ एक-दो दिनों के लिए बिजली का दर्शन होता है वह भी सिर्फ मतदान केंद्र पर, मतदान जैसे ही समाप्त होता है और बिजली भी चली जाती है जैसे कि मानो बिजली खुद वोट देने आई और वोट देकर चली गई। गांव के सभी परिवार बीपीएल कार्ड धारक हैं लेकिन इस गांव में शायद ही किसी सरकारी योजना इस गांव तक पहुंचती है। जब मतदान का समय होता है तभी प्रत्याशी, विधायक, मंत्री या अन्य पदाधिकारी इस गांव में नजर आते हैं। अन्यथा किसी को भी इस गांव की चिंता नहीं है। अक्सर इस गांव में जंगली हाथी भी घुस आते हैं और कई घरों को धंसा कर अनाज भी खा जाते हैं। इससे हमेशा जान माल की खतरा बना रहता है। जब जंगली हाथी किसी घर या मकान को धसाती है एवं अनाज को नष्ट करती है तो ग्रामीण मुआवजे के लिए कई बार प्रखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय के इर्द-गिर्द चक्कर काटना पड़ता है।वही देश के भविष्य युवाओं एवं छात्र-छात्राओं का कहना है कि उन्हें पढ़ाई लिखाई करने में बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है राशन डीलरों के द्वारा उन्हें प्रत्येक परिवार सिर्फ 1 लीटर केरोसिन तेल दिया जाता है जो पूरे महीने इस्तेमाल करने के लिए और अपर्याप्त होता है।

### हज यात्रियों को पोलियो ड्रॉप व मेनेंजाइटिस का दिया गया टीका

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित जलवाबाद मदरसा मदीनतुर रसूल परिसर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए जायरीन हज यात्रियों को हज की जानकारी दी गयी। इसके बाद स्वास्थ विभाग द्वारा पोलियो ड्रॉप और मेंजाइटिस का टीका,प्रमाणपत्र दिया गया। इस दौरान हाजी मौलाना शाहदत हुसैन ने दर्जनों हज यात्रियों को हज से जुड़ी बारीकियों से आगाह कराते हुए हज के अरकान और जरूरी कागजात साथ रखने की बात कही। बता दें कि डीएस डॉ. रंजीत कुमार के निर्देश पर डॉ. अब्दुल रहमान की उपस्थिति में स्वास्थ्य कर्मी मो अरमान समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने जायरीन हज यात्रियों को पोलियो ड्रॉप पिलाया। जबकि मेंजाइटिस का टीका और प्रमाणपत्र दिया गया। इसको लेकर कलान्द्रीया एशोसिएशन ट्रस्ट के अध्यक्ष हाजी आफताब ने बताया कि 2024 में जिले से मास्टर अख्तर हुसैन, अंजुम आरा, मो जलील, मंजूर आलम, नूर जहां खातून, सलमा खातून, मो असगर, मो इनामुल, मास्टर अजहर हुसैन, शहनाज बेगम सहित 24 जायरीन हज ए मुबारक के लिए जल्द ही मक्का मदीना के लिए रवाना होंगे।

**वाहन कोषांग का उपायुक्त ने किया निरीक्षण**

# बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान सुनिश्चित करने का निर्देश



**रूट चार्ट के अनुसार कौन वाहन किस बूथ तक आसानी से जा सकता है, उसका समुचित आकलन करने की बात कही**

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने जिला परिवहन कार्यालय में संचालित परिवहन कोषांग का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा ने निरीक्षण के दौरान लोकसभा आम निर्वाचन के लिए वाहन की उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक कार्यों की समीक्षा की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा ने वरीय पदाधिकारी, वाहन कोषांग -सह- जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव को वाहन की उपलब्धता उसकी आवश्यकता का समुचित आकलन करने का निर्देश दिया। रूट चार्ट के अनुसार कौन वाहन किस बूथ तक आसानी से जा सकता है उसका समुचित आकलन करने की बात कहीं। उन्होंने ने कहा कि सभी वाहन समय पर पहुंचे इसके लिए वोटिंग से एक दिन पूर्व ईंधन, छोटी- बड़ी सभी गाड़ी की स्थिति का आकलन कर लिया जाए। जिस की किसी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने विधानसभा वार वाहन की उपलब्धता एवं उनका ठहराव सुनिश्चित कराने, तेल कूपन, गेट पास एवं खर्च उपलब्ध कराने, इसके अलावा वाहन चालकों के आराम के लिए टेंट, खाना आदि की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी चालकों एवं खलासियों का पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।मौके पर परिवहन कोषांग में कार्यरत कर्मी गण उपस्थित थे।

## लोस चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ता करें मेहनत : अग्रवाल



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** शहर के प्रिंस चौक सोनारटोली में झापा के चुनावी कार्यालय का उदघाटन फीता काटकर किया गया। मौके पर पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष मतियस बागे, युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का, कार्यकारी अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष विष्णु दयाल शर्मा आदि ने संयुक्त रुप से फीता काटा। मौके पर पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष ओपी अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को लोस चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरुरत बतलाई। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही लोक सभा चुनाव में झापा खूंटी लोस में भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी केवल ठगने का काम करती है। वही झापा सभी वर्गों के लिए बिना किसी भेदभाव के काम करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा को धर्म के नाम पर लोगों को ठगने का काम कर रही हैं। झारखंड पार्टी कांग्रेस और भाजपा दोनों को जवाब देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ आदिवासी समाज और अल्पसंख्यक समाज को ठग कर केवल वोट लेने का काम करती है। मौके पर जिया ठाकुर, मुकेश, दीपक, अनमोल, सुनीता दास, मंटू, सहित काफी संख्या में पार्टी पदधारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोलबा प्रखंड के पालेमुंडा गांव में मतदाताओं को पुलिस ने किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा प्रखण्ड के पालेमुंडा गांव में मतदाताओ को बोलबा पुलिस ने जागरूक किया। इस मौके पर बोलबा थाना के एसआई सोनू पाठक एवं पुलिस टीम आरसी मध्य विद्यालय समसेरा बूथ पर शतप्रतिशत मतदान कराने के लिए पालेमुंडा ग्रामवासियों से उन्होंने 13 मई को पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपना वोट बूथ में डालने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी मतदाता भाइयों एवं बहनों को अपना कीमती वोट जरूर देने की अपील किया है । साथ ही उन्होंने किसी तरह की कोई प्रलोभन में आकर वोट नही करने की सलाह दी। इस मौके पर टेटरटोली,मझेतोली में भी चुनावो को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर लुंभुसिंह,महेश्वर सिंह, बी सिंह के अलावा ग्रामीण महिलाएं पुलिस के जवान उपस्थित थे।

# संवाद कार्यक्रम में भाजपा नेता ने मोदी के पक्ष में वोट के लिए लोगों से की अपील



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** खूंटी लोकसभा अंतर्गत सिमडेगा विधानसभा के कुरडेग मंडल के बड़की बिउरा शक्ति केंद्र में आयोजित संवाद कार्यक्रम में पूर्व सिमडेगा के एसपी एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता राजीव रंजन सिंह मुख्य रूप से सम्मिलित होकर सम्मानित नागरिकों से संवाद कर भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ,जिला उपाध्यक्ष मनोज साय,उमाकांत साय,सुनो साय मंडल उपाध्यक्ष कृष्णकांत सिंह एवं अन्य लगभग 500 की संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित थे। श्री सिंह ने लोगों को 10 वर्षों में प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के कल्याणकारी सम्पन्न कार्यों एवं खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद अर्जुन मुंडा के 5 वर्षों के विकास के कार्यों से अवगत कराते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जाने वाले उज्वला योजना, जन धन योजना,पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान),जल जीवन मिशन (नल से जल),बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)जैसी योजनाएं भारत को विकसित एवं मजबूत बनाने का काम की है। साथ ही उन्होंने कहा की चुनाव में भाजपा को 400 सीटों से जिताना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आने वाला 5 साल देश के दशा और दिशा को निर्धारित करेगा। मौके पर कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**रामनवमी महासमिति एवं रामनवमी संरक्षण समिति ने उपायुक्त से मुलाकात की, किया सम्मानित**

# राम दरबार की प्रतिमा व हनुमान चालीसा भेंट की



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** मंगलवार को रामनवमी महासमिति एवं रामनवमी संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में रामनवमी के सफलतापूर्वक समापन को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग समाहरणालय परिसर स्थित उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त नैंसी सहाय और सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार शिवाशीष को कांस्य से बनी राम दरबार की प्रतिमा व हनुमान चालीसा भेंट कर धन्यवाद दिया ।साथ ही साथ ही जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दिया । मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा की रामनवमी के सफलतापूर्ण समापन में जिला प्रशासन के साथ साथ रामनवमी महासमिति , रामनवमी संरक्षण समिति के साथ साथ सभी बुद्धिजीवी वर्गों, सामाजिक संगठनों एवं हजारीबागवासियों का है भरपुर योगदान वहीं कहा कि इस वर्ष की रामनवमी पूरी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई । इसमें रामनवमी महासमिति , रामनवमी संरक्षण समिति ,जिला प्रशासन के साथ साथ अन्य सभी हजारीबाग के बुद्धिजीवी वर्गों एवं सामाजिक संगठनों का भी भरपूर सहयोग रहा । सभी ने बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की , जिसके कारण इस वर्ष की रामनवमी काफी सौहाद्रपूर्ण वातावरण में भव्य आयोजन के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई, जो कि हजारीबाग के लिए एक मिसाल है । मौके पर रामनवमी महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव , रामनवमी संरक्षण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, राजेश गोप, ओम प्रकाश गोप, प्रीतम सिंह, निलंकार, रितेश यादव , साकेत सिंह, अनीश सिंह, दिलीप कुमार, संजय यादव, रविन्द्र यादव, डब्बू यादव, पवन यादव, मनीष गुप्ता, किस्सू मिश्रा, रंजीत यादव के साथ साथ महासमिति के कई कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया गया जागरूक

**चंदवारा।** रामेश्वर मोदी-महादेव मोदी प्लस टू हाई स्कूल चंदवारा में सोमवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें हेडमास्टर राधेश्याम शुक्ला ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान के महत्व को बताते हुए सभी से 20 मई को होने वाले मतदान के प्रति जागरूक किया। नामांकन प्रभारी धनंजय उपाध्याय ने नए सत्र के नामांकन के लिए जानकारी दी। संचालन जयप्रकाश पासवान ने किया। स्कूल प्रबंधन समिति ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे मिलन कुमार रजक, अमित पासवान, सत्यम कुमार, सिम्पी, सूरज कुमार, उज्जवल कुमार, सुमन, कृतिका भारती, स्वाति को सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल प्रबंध समिति अध्यक्ष बाल गोविंद स्वर्णकार, हेडमास्टर राधेश्याम शुक्ला, शिक्षक धनंजय उपाध्याय, विजय नंदन यादव, अरुण कुमार, दिग्विजय कृष्णा, अजीत कुमार, मनु तिवारी, निशी सागर, संमता त्रिवेदी, वंदना बाला, गोविंद प्रसाद आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बानो के मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मतदान के लिए किया जागरूक



**सिमडेगा।** जिले के प्रतिष्ठित मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में संस्थान की छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया । इस दौरान बताया गया कि सभी छात्राएं सभी कार्यों को छोड़कर सबसे पहले सुबह 7:00 से लेकर शाम 5:00 बजे तक मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा लेकर इस बार सिमडेगा जिले को 80% से अधिक मतदान वाला जिला बनाने में सहयोग करें इस दौरान सभी लोगों ने नारे लगाकर संकल्प लिया। वहीं संस्थान के समन्वयक रविकांत मिश्रा ने भी अपने लोकतांत्रिक अधिकार का शत प्रतिशत प्रयोग कर सबों से मतदान करने का आग्रह किया तथा इस महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही। मौके पर पिरामिल फाउंडेशन के कुमार सौमेन, रितेश मिश्रा ने भी सभी छात्राओं को मतदान करने की अपील की। मौके पर जीएनएम की प्राचार्या एरेन बेक, एएनएम की प्राचार्या प्रभा सुरीन, सीनियर टयूटर अल्बिना टोपनो, टयूटर निभा खलखो, टयूटर लीला कुमारी , प्रिया कुमारी, माटील्डा तिर्की, लीलावती साहू आदि उपस्थित थे।

### सामग्री कोषांग का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**सिमडेगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने समाहरणालय परिसर में स्थित सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदानकर्मियों के लिए तैयार पैकेटों की जानकारी ली। इसके अलावा चुनाव कार्य में प्रयोग होनेवाली सामग्री की जानकारी लेते हुए सामग्री सूची लेकर एक-एक सामग्रियों का मिलान किया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग की ओर से तय तमाम जरूरी सामग्री को पैकेट में डाल लें। उन्होंने छुटे हुए सामग्रियों ससमय पैकेट में डालने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी सहित सामग्री कोषांग के कर्मी गण उपस्थित थे।

### जेसीबी मशीन ने किया चापाकल को क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में आक्रोश

**सतगावां।** प्रखंडके ईटाय में जेसीबी मशीन ने चापाकल को क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में नल जल योजना के तहत पाइप के लिए गड्ढे खोदने में लगी जेसीबी मशीन ने चापाकल को क्षतिग्रस्त कर दिया। नल जल आपूर्ति योजना के संवेदक की लापरवाही से एक तो सड़क पर डस्ट फैला देते हैं, जिससे आए दिन बाईक दुर्घटना हो रही है। सड़क से डस्ट की सफाई ठीक से नहीं करते हैं। कार्य संतोषजनक नहीं है। इसकी जांच की मांग सरकार से की है। ग्रामीणों ने कहा है कि चापाकल खराब होने से इस भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या से परेशानी बढ़ गई है। जल्द से जल्द इसे ठीक नहीं किया गया, तो लोगों की परेशानी बढेगी। ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि इनके द्वारा सकरी नदी के समीप कटहरवा में बनाए गए पेयजल आपूर्ति भवन की चारदीवारी में घटिया ईट का प्रयोग किया गया है, जिससे दिवाल अभी से ही फटना शुरू हो गया है।

### स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिमडेगा।** मंगलवार को जिला प्रशासन के द्वारा पार्वती महिला कालेज में मतदाता स्वीप जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सिमडेगा डीसी अजय कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।इस मौके पर गीत नृत्य एवं स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा नुकड़ नाटक,दिखा कर मतदाओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर झारखंड के नागपुरी लोक गायक सह संगीत नाटक एकेडमी दिल्ली द्वारा सम्मनित जगदीश बड़ाईक को भी मतदाता जागरूक गीत गाने के लिए निमन्त्रण दिया गया था। जगदीश बड़ाईक ने मतदाता जागरूकता गीत गाया,गीत बोल ( भारत के बनाब महान करप मतदान,भारत के बनाब महान )गीत का प्रस्तुति दिया।प्रस्तुति के बाद सिमडेगा डीसी के द्वारा लोक गायक को अंगवस्त्र एवं प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला के सभी विभाग के पदाधिकारी मौजुद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन का एवं चक्रिय संसथान के संयोजक सत्यव्रत ठाकूर जी का विशेश सहयोग रहा।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में करियर काउंसलिंग का आयोजन

**कोडरमा।** मॉर्डन पब्लिक स्कूल में सोमवार को कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसमें स्कूल के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार और सत्र के मुख्य परामर्शदाता सेवानिवृत ब्रिगेडियर अमर नारायण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। प्राचार्य ने स्वागत भाषण के बाद कार्यक्रम का शुरू हुआ। अमर नारायण ने बड़े सहज और रोचक ढंग से विषय प्रवेश कराया और रक्षा सेवाओं में रोजगार के विभिन्न अवसरों पर विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों के सामने साझा की। उन्होंने सीडीएस,एनडीए, टीईएस जैसी रक्षा सेवा की शाखाओं के बारे में विस्तार से बताया। श्री नारायण ने अपने 38 साल के अपने अनुभवों को भी विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इस पूरे सत्र का आयोजन कलास 10 वीं, 12वीं के विद्यार्थियों के लिए किया गया था। सत्र के उत्तरार्ध में प्रश्नोत्तर के माध्यम से विद्यार्थियों ने कई जानकारी प्राप्त किया। धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी शिक्षक दीपेश सिंह ने किया।

## एक नजर

### लोयाबाद में वज्रपात से महिला की मौत, दो जख्मी

**धनबाद ।** लोयाबाद कोक प्लांट ऊपर धौड़ा में मंगलवार की शाम करीब सात बजे वज्रपात होने एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं घायल हो गई हैं. एक ही परिवार की तीनों महिलाएं (रिश्ते में गोतिनी) शौच के लिए मुहल्ले के निकट फुटबॉल मैदान की ओर जा रही थीं। तभी तेज गरज के साथ बिजली चमकी, जिसकी चपेट में तीनों आ गईं। घटना में लालमोहन पासवान की पत्नी बुरी तरह झुलसकर जख्मी हो गई। दो अन्य घायलों में ईश्वर पासवान व दिनेश पासवान की पत्नी हैं।

### जांच में तीन प्रत्याशियों का नामांकन रद्द

**धनबाद।** धनबाद की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा की उपस्थिति में मंगलवार को धनबाद लोकसभा सीट पर हुए सभी 28 नामांकन पत्रों की जांच की गई। इस मौके पर उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि मौजूद थे। जांच में तीन प्रत्याशियों हीरालाल शंखवार, नारायण गिरी व गौतम कुमार महतो का नामांकन जरूरी कागजात के अभाव में रद्द कर दिया गया। डीसी ने बताया कि नौ मई को दिन के तीन बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान 25 मई को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। नामांकन पत्रों की जांच में सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, आरओ सेल के नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### झामुमो का विधानसभा स्तरीय कार्यालय खुला

**पोटका।** पोटका के हाता में मंगलवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती ने विधानसभा स्तरीय प्रधान चुनावी कार्यालय का उद्घाटन विधायक संजीव सरदार के साथ फीता काट कर किया। इस अवसर पर समीर मोहंती ने कहा कि लोकसभा में बदलाव का जनता ने मन बना लिया है।

## पीएम के कार्यक्रम को लेकर भाजपा नेताओं ने कसी कमर

# भाजपा ही एकमात्र पार्टी जो सबका साथ सबका विकास चाहती है : नागेंद्र महतो

**राष्ट्रीय नवीन मेल। बिरनी गिरीडीह** 16 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरा के मद्देनजर बिरनी प्रखंड क्षेत्र के अडवार मैदान पेशम का मंगलवार को भाजपा नेताओ ने जायजा लिया। संगठन प्रभारी कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और नरेंद्र मोदी सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता। पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश का चहुमुखी विकास हुआ है। सभी वर्ग के लोगो के साथ साथ सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। इसलिए पीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पूरी तन्मयता से जुट जाएं। इस अवसर पर बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि पीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी भाजपा के नेता व कार्यकर्ता तैयारी में जुट जाएं। क्योंकि भाजपा ही एक पार्टी है जो सबका साथ और सबका विकास चाहती है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा कि कोडरमा सहित 14 सभी सीट पर जीत तय है । इस मौके पर जमुआ विधायक केदार हाजरा, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, सूरज सुमन, निरंजन कुमार, अमित यादव, लक्ष्मण सिंह, नवीन सिन्हा, लक्ष्मण दास, परमेश्वर मोदी, कामेश्वर पासवान, मुनिया देवी, राजेन्द्र राम , देवनाथ राणा, सुभाष सिंह, नारायण पांडेय, रणजीत राय समेत कई लोग के अलावा बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार, भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज आदि भी उपस्थित थे।



## आठ जून को आयोजित होगी मोटर वाहन दुर्घटना वाद



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मनोज प्रसाद के आदेशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवम राजेश कुमार बग्गा के नेतृत्व में आज दिनांक 7 मई 2024 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से आगामी दिनांक 8/6/2024 को मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों के लिए आयोजित किए जाने वाले विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवम राजेश कुमार बग्गा ने कहा कि मोटर वाहन दुर्घटना वाद में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए प्रदान किया गया है। इन दिशा निर्देशों का अनुपालन विभिन्न स्तरों पर किए जाने से मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित पक्षकारों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है तथा अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन हो सकता है। इसी के तहत झालसा रांची के निर्देशानुसार 8 जून 2024 को गिरिडीह न्याय मंडल में मोटर वाहन दुर्घटनावद से संबंधित मामलों के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत में पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने के लिए सभी स्टेकहोल्डर को मिल जुल कर कार्य करने की आवश्यकता है। इसमें बीमा कंपनी के विद्वान अधिवक्ताओं एवं क्लेमेंट के अधिवक्ताओं की अहम भूमिका हो जाती है। इसी कड़ी में आज आप लोगों के साथ विचार विमर्श करने हेतु इस बैठक का आयोजन किया गया है, ताकि इस विशेष लोक अदालत में गिरिडीह न्याय मंडल से मोटर वाहन दुर्घटना वाद संबंधित मामलों का अधिक से अधिक निष्पादन कर पक्षकारों को इसका त्वरित लाभ प्रदान किया जा सके।

## सरकार जनता बनाती है लेकिन यहां ईडी-सीबीआई बना रही : विनोद सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन उम्मीदवार विनोद सिंह ने कहा कि आजादी के बाद से खुद को जनता का सेवक कहने वाले प्रतिनिधियों की संपत्ति दिन दुगुनी - रात चौगुनी बढ़ी है। आज जनता गरीब है और प्रतिनिधि करोड़पति, जिसमें सबसे ज्यादा संख्या भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की है। कहा कि दोनों खेमों में भ्रष्टाचार व्याप्त है यदि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कार्यवाई होती तो सबसे ज्यादा कार्यवाई की मात्रा भाजपा के नेताओं के यहां होती। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज आलम यह है कि भ्रष्टाचार करें लेकिन कमल के फूल के नीचे करें ताकि कीचड यहां जमा हो और कमल पुष्पित और पलवित हो। उन्होंने कहा कि आज देश में एक ऐसे आयोग की जरूरत है जो विधायक और सांसद के जितने से पहले और जितने के बाद की सम्पति की जांच करे। कहा कि सरकार जनता बनाती है लेकिन यहां ईडी और सीबीआई ही सरकार बना रही है। विनोद सिंह मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के लिए गांवा प्रखंड गए थे। वापसी के क्रम में तिसरी चौक पर उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान उक्त बातें कहीं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री जनता के बीच किए गए सभी दावों पर विफल साबित हुए हैं। उन्होंने कोडरमा में जनसभा के दौरान कहा था कि क्षेत्र में में माइका की चमक लौटेगी, जमुआ में कहा था कि गिरिडीह को आकांक्षी जिला बनाया जायेगा। नतीजा यह हुआ कि प्रधानमंत्री आवास भी बंद हो गया। उन्होंने कहा कि यह सरकार महंगाई, विकास और रोजगार के नाम पर बनी थी लेकिन हालात बदलने की जगह केवल नाम बदला गया। कहा कि जो चार सौ सीटों की मांग कर रहें हैं वे मनरेगा की मजदूरी ?400 क्यों नहीं कर रहें हैं? मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल, मुन्ना गुप्ता, मुन्ना राणा,राजकुमार शर्मा,मुमताज अंसारी, छोटू यादव,मुन्द्रिका यादव आदि मौजूद थे।

## 66.9 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** पुलिस ने चाकुलिया के भोंडोशोल के घर से 66.9 किलो अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जब्त गांजे की कीमत लगभग 35 लाख रुपये है। आरोपी टीकाराम सोरेन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। एसएसपी कौशल किशोर ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि सोमवार दोपहर चाकुलिया के भोंडशोल में टीकाराम सोरेन के घर में छापेमारी कर चार बोरी में रखे गए 32 पैकेट गांजा जब्त किया गया। इसका वजन 66.9 किलो था। उन्होंने बताया कि इस मामले में तीन और तस्करों के नाम सामने आए हैं, जिनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि इनके द्वारा ओडिशा से गांजा लाकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई की जाती थी। पुलिस के लिए यह एक बड़ी कामयाबी है। इसके अलावा, पुलिस ने गुप्त सूचना पर जादूगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तरी इचरा टोला धरमडीह में एक महिला पवनी उरांव को अवैध शराब का कारोबार करते पकड़ा। उसके घर से विभिन्न ब्रांडों के 184 पीस केन बीयर, 224 पीस शराब की बोतल और आठ लीटर महुआ बरामद किया गया, जिसका मूल्य लगभग एक लाख रुपये है। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### यह जीत ऐतिहासिक जीत होगी : दिनेश यादव

**गिरिडीह।** बेंगाबाद प्रखंड के छोटकी खरगडीहा पंचायत स्थित असगंदो जंगल के समीप प्रांतीय यादव महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में आगामी लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया और चुनावी रणनीति तैयार की गई। बैठक में यादव समाज के लोगों सर्वसम्मति से कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में दिलीप वर्मा को समर्थन का निर्णय लिया। मौके पर मौजूद सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव ने कहा कि यह जीत ऐतिहासिक जीत होगी और निश्चित रूप से इतिहास अपने आप को फिर से दोहराएगा। हम सभी दिलीप वर्मा के साथ हैं और निश्चित रूप से जनता का पूरा समर्थन उनके साथ है।

### लोस चुनाव को लेकर एसएसपी ने पदाधिकारियों संग की बैठक

**घाटशिला।** लोकसभा चुनाव को लेकर घाटशिला एसडीपीओ कार्यालय में मंगलवार को वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कौशल किशोर एवं ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने एसडीपीओ, डीएसपी एवं विभिन्न थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की. एसएसपी ने कहा कि अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र के मतदान केंद्र तथा कलेक्टर तक की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा विभिन्न थाना प्रभारी के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन तथा मतदान कर्मियों के आने-जाने के समय कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। अर्ध सैनिक बल के साथ-साथ जिला पुलिस बल के जवान को तैनात किया जाएगा।उन्होंने कहा कि कई मतदान केंद्र पूर्व में नक्सल क्षेत्र था वैसे बुथ पर सुरक्षा के व्यापक व्यवस्था की जाएगी।

### बस दुर्घटना में अर्द्धसैनिक बल के एक जवान की मौत, 10 घायल



**गिरिडीह।** बगोदर थाना क्षेत्र के बगोदरडीह में मंगलवार को हुए सड़क दुर्घटना में एसएसबी जवानों को लेकर जा रही एसएसटी बस सड़क हादसे का शिकार हो गई। जिसमें एक अर्धसैनिक बल के एक जवान की मौत हो गई। जबकि 10 जवानों के घायल होने की सूचना मिल रही है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी दीपक कुमार शर्मा, एसडीपीओ धनंजय राम और बगोदर थाना प्रभारी सुख सागर सिंह सहित कई अधिकारी घटनास्थल पहुंचे और राहत बचाव कार्य में जुट गए। बताया जाता है कि एसएसटी टुरिस्ट बस एसएसबी जवानों को लेकर गिरिडीह से गढ़वा लेकर जा रही थी। बस की तेज रफ्तार होने के कारण बगोदरडीह के पास हाइवे पर बस असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में एक जवान की मौत हुई है ।


**अपराध अनुसंधान विभाग (CID) झारखण्ड, राँची।**

सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य में कहीं भी किसी प्रकार की आकस्मिकता की स्थिति में (महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, प्राकृतिक आपदा दुर्घटना आदि संबंधी सहित) 1. डायल 112 में कॉल करके 2. एप्प के माध्यम से 3. एस0एम0एस0 के माध्यम से 4. Email-dial112@jhpolice.gov.in एवं 5. Website-https://jh.erss.in में Log in कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची।
राजा–रानी कोठी नेपाल हाउस एरिया
डोरंडा, राँची।

PR 324519 CID(24-25)D



कार्यालय
**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची**
(व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोशांग)
(exmonitoringcellranchi@gmail.com)

**-: प्रेस विज्ञप्ति :-**

**चुनाव से संबंधित बैठक एवं अन्य हेतु बैंकवेट हॉल/होटल/फार्म हाउस आदि के राजनैतिक दल/निर्दलीय अभ्यर्थी के द्वारा उपयोग के संबंध में अनुदेश।**

आसन्न लोकसभा (आम) निर्वाचन–2024 के मद्देनजर राँची जिला के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सभी बैंक्वेट हॉल/होटल/फार्म हाउस आदि के संचालकों को सूचित किया जाता है कि उनके संचालन स्थल (बैंक्वेट हॉल/होटल/फार्म हाउस आदि) में राजनैतिक दल/निर्दलीय अभ्यर्थी के द्वारा निर्वाचन (चुनाव) हेतु आयोजित बैठक एवं अन्य से संबंधित निम्नवत् सूचना व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोशांग, कमरा संख्या–G-1, ब्लॉक 'ए', समाहरणालय भवन, राँची को आयोजन समाप्ति के 24 (चौबीस) घंटे के अन्दर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

1. आयोजन की तिथि।
2. आयोजन स्थल (पूरा पता सहित)।
3. आयोजन का प्रकार (बैठक/आदि)।
4. आयोजनकर्त्ता का नाम/राजनैतिक दल।
5. आयोजन का कुल खर्च।
6. आयोजन खर्च का भुगतान किसके द्वारा किया ।
7. आयोजन में कुल उपस्थित व्यक्ति।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, राँची

PR 324520 Ranchi (24-25)_D



**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग**
**(पोस्टल बैलेट–सह–मतपत्र कोषांग)**

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या 52/2023/SDR/Vol.IV दिनांक 31.10.23 के द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश तथा निर्वाचन शाखा, हजारीबाग का ज्ञापांक 745/निर्वा0 दिनांक 27.04.24 के आलोक में लोक सभा आम चुनाव–2024 के तहत 14–हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत प्रतिनियुक्त सेक्टर दण्डाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस कर्मी, AVES चालक, उपचालक आदि को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराये जाने हेतु चयनित Facilitation Centre/ Special Facilitation Centre/ Postal Voting Centre(PVC) के लिए निम्नलिखित नोडल पदाधिकारी/ मतदान कर्मियों को प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग के पत्र संख्या 174दिनांक 03.05.2024 के द्वारा की गई थी। उक्त आदेश में आंशिक संशोधन निम्नरूपेण किया जाता है:–

| क्र0 | केन्द्र का नाम | चयनित स्थल का नाम | मतदान किये जाने की तिथि एवं समय | मतदाता का प्रकार | आवंटित कार्य दायित्व | पदाधिकारी / कर्मी का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Facilitation Centre | प्रमण्डलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा में केन्द संख्या 1 | 10.05.24 TO 17.05.24 TRAINING PERIOD | सेक्टर दण्डाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर | FACILITATION CENTRE INCHARGE | KUMAR MAYANK BHUSHAN | CO SADAR | CIRCLE OFFICE, SADAR | 7004456537 |
| | | | | | POLLING OFFICER | BASUDEO PRASAD | PARA TEACHER | MIDDLE SCHOOL SILWAR KHURD, HAZARIBAGH, 412-27 | 6207052170 |
| | | | | | POLLING OFFICER | SANJAY KUMAR | PARA TEACHER | UPG M.S. CHURCHU, HAZARIBAGH, 412-16 | 7368023022 |
| | | | | | POLLING OFFICER | DHIRENDRA KUMAR | PARA TEACHER | UPG HIGH SCHOOL HUPAD, HAZARIBAGH, 412-56 | 8825281787 |
| | | | | | RESERVE | AKHILESH NARAYAN | PARA TEACHER | UPG M.S. DUMAR, HAZARIBAGH, 412-34 | 7903140276 |
| 2 | Facilitation Centre | प्रमण्डलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा में केन्द संख्या 2 | 10.05.24 TO 17.05.24 TRAINING PERIOD | सेक्टर दण्डाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर | FACILITATION CENTRE INCHARGE | PRASANT KUMAR | CO KATKAMDAG | CIRCLE OFFICE, KATKAMDAG | 6204494806 8210278469 |
| | | | | | POLLING OFFICER | JALESHWAR RANA | PARA TEACHER | UPG M.S. DUMAR, HAZARIBAGH, 412-34 | 6299713387 |
| | | | | | POLLING OFFICER | AWADHESH KR.MEHTA | PARA TEACHER | UPG M.S. DUMAR, HAZARIBAGH, 412-34 | 9431976712 |
| | | | | | POLLING OFFICER | AVINASH KR. SINGH | PARA TEACHER | UPG M.S. BANAHAPPA, HAZARIBAGH, 412-32 | 9931118138 |
| | | | | | RESERVE | PURENDRA KUMAR | PARA TEACHER | MIDDLE SCHOOL NAGWAN, HAZARIBAGH, 412-15 | 7739345779 |
| 3 | Facilitation Centre | प्रमण्डलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा में केन्द संख्या 3 | 10.05.24 TO 17.05.24 TRAINING PERIOD | सेक्टर दण्डाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर | FACILITATION CENTRE INCHARGE | JAYANT TIWARI | PRO. EX MAGISTRATE | DC OFFICE HAZARIBAG | 8210284215 |
| | | | | | POLLING OFFICER | PRAKASH SHARMA | PARA TEACHER | UPG HIGH SCHOOL SARAUNI, HAZARIBAGH, 412-64 | 8294056172 |
| | | | | | POLLING OFFICER | MAHESH PRASAD | PARA TEACHER | UPG HIGH SCHOOL SARAUNI, HAZARIBAGH, 412-64 | 6299085697 |
| | | | | | POLLING OFFICER | SACHIT KUMAR | PARA TEACHER | UPG.HIGH SCHOOL MORANGI, HAZARIBAGH, 412-58 | 9973283109 |
| | | | | | RESERVE | KUNJLAL GOPE | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL MATWARI (HINDI), HZB 412-69 | 9123149875 |
| 4 | Facilitation Centre | प्रमण्डलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा में केन्द संख्या 4 | 10.05.24 TO 17.05.24 TRAINING PERIOD | सेक्टर दण्डाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर | FACILITATION CENTRE INCHARGE | SANTOSH GUPTA | DSE, HAZARIBAG | DSE OFFICE HAZARIBAG | 9470301181 6263954168 |
| | | | | | POLLING OFFICER | UMESH KUMAR MEHTA | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL SEKHA, HAZARIBAGH, 412-22 | 9507559723 |
| | | | | | POLLING OFFICER | SHIV KUMAR SINGH | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL HUTPA, HAZARIBAGH, 412-33 | 9934125186 |
| | | | | | POLLING OFFICER | RAKESH KUMAR | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL HUTPA, HAZARIBAGH, 412-33 | 8084361449 |
| | | | | | RESERVE | DILIP RAM | PARA TEACHER | PRIMARY SCHOOL GURHET, HAZARIBAGH, 412-37 | 9931568611 |
| 5 | Facilitation Centre | प्रमण्डलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा में केन्द संख्या 5 | 10.05.24 TO 17.05.24 TRAINING PERIOD | सेक्टर दण्डाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर | FACILITATION CENTRE INCHARGE | RAMJI PRASAD GUPTA | CO, ICHAK | CIRCLE OFFICE ICHAK | 6204604487 |
| | | | | | POLLING OFFICER | SANTOSH KUMAR RAVIDAS | PARA TEACHER | GIRLS PRIMARY SCHOOL LAKHE, HAZARIBAGH, 412-10 | 7635080905 |
| | | | | | POLLING OFFICER | MANOJ KUMAR | PARA TEACHER | UPG P.S. MANDAIKHURD BHUIYATOLI, HZB 412-14 | 9304142327 |
| | | | | | POLLING OFFICER | SHANKAR KUMAR RAM | PARA TEACHER | UPG P.S. GURWA, HAZARIBAGH, 412-42 | 9939507276 |
| | | | | | RESERVE | JITENDRA KUMAR RAM | PARA TEACHER | UPG P.S. CHAYA, HAZARIBAGH, 412-31 | 8538925242 |
| 6 | Facilitation Centre | समाहरणालय भवन स्थित दूसरा तल्ला में पुलिस कार्यालय | 10.05.24 TO 17.05.24 10:00 AM TO 5:00 PM | पुलिस पदाधिकारी / पुलिस कर्मी | FACILITATION CENTRE INCHARGE | REKAH RANI | CDPO SADAR | CDPO SADAR URBAN, HAZARIBAG | 9934203884 |
| | | | | सेक्टर दण्डाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस कर्मी, निर्वाचन कार्य में सम्मिलित वाहन चालक/उपचालक | POLLING OFFICER | SATENDRA KUMAR | PARA TEACHER | UPG P.S. CHANO-II, HAZARIBAGH, 412-06 | 6201473129 |
| | | | 18.05.24 TO 30.05.24 TRAINING PERIOD | | POLLING OFFICER | ARVIND KR.SINGH | PARA TEACHER | UPG P.S. MARIAMTOLA, HAZARIBAGH, 412-77 | 8709635485 |
| | | | | | POLLING OFFICER | PRADEEP KUMAR RANA | PARA TEACHER | UPG P.S. CHUTIARO, HAZARIBAGH, 412-35 | 9955008590 |
| | | | | | RESERVE | RAVINDRA RAM | PARA TEACHER | UPG P.S. BHELWATAR, HAZARIBAGH, 412-20 | 6202622112 |
| 7 | Facilitation Centre | संत कोलम्बा कॉलेज फुटबॉल मैदान | 10.05.24 TO 17.05.24 TRAINING PERIOD | निर्वाचन कार्य में सम्मिलित वाहन चालक/उप चालाक | FACILITATION CENTRE INCHARGE | RAJ MOHAN TURI | CO, CHURCHU | CIRCLE OFFICE, CHURCHU | 9431381385 9162214128 |
| | | | | | POLLING OFFICER | PURNESHWAR RAM | PARA TEACHER | UPG P.S. BELAMUNDWAR, HAZARIBAGH, 412-41 | 8986656431 |
| | | | | | POLLING OFFICER | AKBAR ALI KHAN | PARA TEACHER | UPG P.S. BAKASPURA, HAZARIBAGH, 412-53 | 9708689284 |
| | | | | | POLLING OFFICER | RANBINDRA KUMAR | PARA TEACHER | UPG P.S. MASIPIRI, HAZARIBAGH, 412-02 | 9852765737 |
| | | | | | RESERVE | AJAY KUMAR | PARA TEACHER | UPG P.S. BELAMUNDWAR, HAZARIBAGH, 412-41 | 8210807514 |
| 8 | Special Facilitation Centre | समाहरणालय भवन स्थित भूतल (Ground Floor) में स्तनपान कक्ष | 10.05.24 TO 30.05.24 TRAINING PERIOD | अन्य जिला के मतदाता जिनकी प्रतिनियुक्ति इस जिला में निर्वाचन कार्य हेतु की गई है। | FACILITATION CENTRE INCHARGE | SHAILI BALA | CDPO SADAR | CDPO SADAR RURAL, HAZARIBAG | 9470931576 |
| | | | | | POLLING OFFICER | PRADEEP PRASAD | PARA TEACHER | MIDDLE SCHOOL SILWAR KHURD, HAZARIBAGH, 412-27 | 8789658154 |
| | | | | | POLLING OFFICER | RAVI KISHORE DEO | PARA TEACHER | MIDDLE SCHOOL SILWAR KHURD, HAZARIBAGH, 412-27 | 8709647535 |
| | | | | | POLLING OFFICER | MANOJ RAVIDAS | PARA TEACHER | MIDDLE SCHOOL SILWAR KHURD, HAZARIBAGH, 412-27 | 6202467112 |
| | | | | | RESERVE | KHEMAN GOPE | PARA TEACHER | MIDDLE SCHOOL OREYA,HAZARIBAGH, 412-08 | 9931141978 |
| 9 | Postal Voting Centre (PVC) | | 10.05.24 TO 30.05.24 TRAINING PERIOD | Absentee Voter of Essential Services (AVES) | FACILITATION CENTRE INCHARGE | NILU RANI | CDPO ICHAK | CDPO OFFICE ICHAK | 8809432641 |
| | | | | | POLLING OFFICER | MD.ATAULLAH | PARA TEACHER | URDU MIDDLE SCHOOL MANDAI, HAZARIBAGH, 412-03 | 8210773525 |
| | | | | | POLLING OFFICER | ROHIT KR. GUPTA | PARA TEACHER | MIDDLE SCHOOL KASIYADIH, HAZARIBAGH, 412-63 | 7631203964 |
| | | | | | POLLING OFFICER | SANJIT KR.SINGH | PARA TEACHER | MIDDLE SCHOOL JAGDISPUR, HAZARIBAGH, 412-19 | 9931558575 |
| | | | | | RESERVE | KULESHWAR PRASAD KUSHWAHS | PARA TEACHER | UPG HIGH SCHOOL SINDUR, HAZARIBAGH, 412-11 | 9123283385 |

**नोट :– लोक सभा आम चुनाव 2024 अन्तर्गत संसदीय क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु निर्धारित तिथि एवं सुविधा केन्द्र की विवरणी निम्नवत है:–**

| पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | म्तदान का समय | संसदीय क्षेत्र | सुविधा केन्द्र का नाम | मतदान दल |
|---|---|---|---|---|
| 08.05.2024 से 10.05.2024 तक | 9.00 बजे से 5.00 बजे तक | सिंहभूम, खूँटी, लोहरदग्गा, पलामू | प्रमण्डलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा में **केन्द संख्या 1** | कम संख्या 01 का मतदान दल कार्य करेगा। |
| 14.05.2024 से 17.05.2024 तक | 9.00 बजे से 5.00 बजे तक | गिरीडीह,धनबाद, रॉची, जमशेदपुर | प्रमण्डलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा में **केन्द संख्या 2** | कम संख्या 02का मतदान दल हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के अलावे संबंधित संसदीय क्षेत्र का भी मतदान का कार्य करेंगे। |
| 24.05.2024 से 25.05.2024 तक | 9.00 बजे से 5.00 बजे तक | राजमहल,दुमका, गोड्डा | प्रमण्डलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा में **केन्द संख्या 3** | कम संख्या 03 का मतदान दल कार्य करेगा। |

**आवश्यकता पड़ने पर उक्त टीम के कार्य को आगे की तिथि के लिए भी कार्यान्वित किया जायेगा।**

अधोहस्ताक्षरी के आदेश ज्ञापांक 452/निर्वा0 दिनांक 01.04.24 द्वारा Facilitation Centre/ Special Facilitation Centre के लिए **Dedicated ARO** के रूप में अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग तथा Postal Voting Centre(PVC) हेतु अनुमण्डल पदाधिकारी, बरही पूर्व से नियुक्त है।

**निर्देश :–**

1. संबंधित केन्द्र के FACILITATION CENTRE INCHARGE के द्वारा प्रपत्र 13A को अभिप्रमाणित करेंगे तथा Polled PBs ,वं अन्य कागजातों को प्रपत्र–। में प्रतिदिन सहायक निर्वाची पदाधिकारी, पोस्टल बैलेट, हजारीबाग को उपलब्ध करायेंगे।
2. संबंधित केन्द्र के Polling Officer के द्वारा पोस्टल बैलेट एवं अन्य कागजात मतदाताओं को उपलब्ध कराने से पूर्व प्रपत्र 13। एवं 13B में पोस्टल बैलेट का क्रमांक अंकित किया जायेगा। साथ ही List of Voters indelible ink ,oa Postal Ballot का प्रभार लेते हुए मतदान कार्य सम्पन्न करेंगे।
3. उप निर्वाचन पदाधिकारी, हजारीबाग के द्वारा Facilitation Centre/ Special Facilitation Centre/ Postal Voting Centre(PVC) पर विडियोग्राफर की प्रतिनियुक्ति, पोस्टल मतदान कराने हेतु आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था किया जायेगा।
4. प्रत्येक Facilitation Centre/ Special Facilitation Centre/ Postal Voting Centre(PVC) पर मतदान की प्रक्रिया का अनुश्रवण सहायक निर्वाची पदाधिकारी, पोस्टल बैलेट द्वारा किया जायेगा।
5. प्रत्येक Facilitation Centre/ Special Facilitation Centre/ Postal Voting Centre(PVC) पर सुरक्षा हेतु पुलिस पदाधिकारी/कर्मी की प्रतिनियुक्ति पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग द्वारा की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–
उपायुक्त, हजारीबाग

PR 324528 Election(24-25)#D

# जंगलों में निर्णायक युद्ध

***हाल*** ही में छत्तीसगढ़ के जंगलों में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में हैरतअंगेज दृश्य सामने आया। कांकेर जिले में जबर्दस्त गोलीबारी में कुल 29 माओवादी मारे गए, जिनमें उनका सबसे बड़ा नेता 25 लाख रुपये का इनामी शंकर राव भी शामिल था। इस मुठभेड़ में माओवादी आधुनिक हथियारों जैसे, असॉल्ट राइफलों तथा ग्रेनेड लॉन्चरों से लैस थे। फिर भी सुरक्षा बलों ने बेहद आक्रामक ढंग से मुकाबला करते हुए उनका खात्मा किया। छत्तीसगढ़, झारखंड के जंगलों के बड़े हिस्से में एक तरह से माओवादियों का राज था और वहां उनसे लड़ना आसान नहीं था। जिन लोगों ने छत्तीसगढ़ के घने और विस्तृत जंगल नहीं देखे हैं, उन्हें यह बताना जरूरी है कि वहां माओवादियों की चप्पे-चप्पे पर नजर रहती है और उनके कैडर हर जगह पहुंचे रहते हैं। उन्हें हथियारों का भी बेहतर प्रशिक्षण दिया जाता है और घात लगाकर हमला करने में उन्हें महारत हासिल है। पिछले कुछ वर्षों से केंद्र सरकार ने माओवादियों पर लगाम कसनी शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय ने इनसे निपटने के लिए सुरक्षा बलों को न केवल आधुनिकतम हथियार देना शुरू किया है, बल्कि अन्य संसाधन भी। माओवादियों से निपटने में सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि राज्य सरकारें पर्याप्त मदद नहीं करतीं। उन्हें लगता है कि ऐसी मुठभेड़ों से आम जनता भी चपेट में आ जाएगी, जो पूरी तरह से गलत भी नहीं है। लेकिन अब स्थिति बदलने लगी है और नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण पर ध्यान दिया जाने लगा है। इससे सरकार के प्रति जनता में अब कटता का भाव नहीं रहा है। उनकी सहानुभूति अब माओवादियों के साथ न होकर सुरक्षा बलों के साथ है। ताजा मामले में गृह मंत्रालय ने इन उग्रवादियों की गतिविधियों पर अपने स्त्रोतों से नजर रखी और जब सूचना बिल्कुल पक्की हो गई, तो राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर बीनागुंडा और आसपास के इलाकों में ऑपरेशन चलाया। दिन में चलाए गए इस ऑपरेशन का लाभ यह हुआ कि सुरक्षा बलों को सभी कुछ साफ दिख रहा था और वे उन पर हावी हो गये। और बड़ी संख्या में माओवादियों को जान से हाथ धोना पड़ा। सुरक्षा बलों की आक्रामकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक चार महीने में लगभग 80 माओवादी मारे गए हैं और 125 से अधिक गिरफ्तार हुए हैं तथा 150 से अधिक ने आत्मसमर्पण किया है। यह केंद्र तथा राज्य सरकार के बीच सामंजस्य से संभव हुआ है। गृह मंत्रालय इस मामले में दृढ़ संकल्पित है कि माओवादियों से सख्ती से निपटना है, लेकिन बातचीत के रास्ते खुले हुए हैं। माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में 2019 के बाद से 250 से भी ज्यादा सुरक्षा शिविर स्थापित किए गए हैं। इन माओवादियों के कारण राज्य का विकास रुक रहा है और जन जीवन प्रभावित हो रहा है। बस्तर जिले के सीधे-सादे आदिवासियों को डराकर ये माओवादी उनके बच्चों तक को अपने साथ ले जाते हैं और उन्हें कम उम्र से ही हथियारों की ट्रेनिंग देते हैं। साठ के दशक के उत्तरार्ध में बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से नक्सलवाद आंदोलन की शुरूआत हुई, जहां माओवादियों ने भूमिहीन किसानों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर सशस्त्र आंदोलन किया, जिसका वहां की सरकार भी ठीक से जवाब नहीं दे पाई। इसी आंदोलन की तर्ज पर कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिन) ने छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, ओडिशा आदि में हिंसक आंदोलन किया। बंगाल के आंदोलन के विपरीत यहां सिद्धांतों की लड़ाई नहीं थी, बल्कि अपना वर्चस्व स्थापित करने की जिद है। इन माओवादियों के कैडर पैसे की वसूली करते हैं। खनन कार्य में लगी कंपनियों से मोटी रकम वसूली जा रही है। लेकिन अब समय बदलने लगा है और केंद्र सरकार माओवादियों से निपटने के लिए कमर कस चुकी है। छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र के साथ मिलकर नक्सल प्रभावित जिलों के लिए नई योजनाएं भी बनाई हैं। इसके तहत उन्हें 25 से अधिक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीणों को आवास उपलब्ध कराने की बड़ी योजना पर काम हो रहा है। इस तरह के कल्याणकारी कार्यों के कारण ग्रामीण माओवादियों से दूरी बनाने लगे हैं। हालांकि इस तरह के प्रयासों के कार्यान्वयन में समय लगेगा, लेकिन इस दिशा में यह एक बड़ी पहल है।

चिंता

# मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिये जहर


ललित गर्ग



***भारतीय*** मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पदार्पाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देश भर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता? कह तो सभी यही रहे हैं--'बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है।' लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी। मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है। मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा। कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है? मिलावट के कारण हम एक बीमार समाज का निर्माण कर रहे हैं। शरीर से रुग्ण, जीर्ण-शीर्ण मनुष्य क्या सोच सकता है और क्या कर सकता है? क्या मिलावटखोर परोक्ष रूप से जनजीवन की सामूहिक हत्या का षड्यंत्र नहीं कर रहे? हत्यारों की तरह उन्हें भी अपराधी मानकर दंड देना अनिवार्य होना चाहिए। मिलावट एक ऐसा खलनायक है, हत्यारी प्रवृत्ति है, जिसकी अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। चाहे प्रचलित खाद्य सामग्रियों की निम्न गुणवत्ता या उनके जहरीले होने का मततब इंसानों की मौत भले ही हो, पर कुछ व्यापारियों एवं सरकारी अधिकारियों के लिए शायद यह अपनी थैली भर लेने का एक मौका भर है। त्यौहारों पर मिलावटी मिठाइयां खाने से अपच, उलटी, दस्त, सिरदर्द, कमजोरी और बेचैनी की शिकायते सुनने में आती रही है। इससे किडनी पर बुरा असर पड़ता है। पेट और खाने की नली में कैंसर की आशंका भी रहती है। खाद्य उत्पाद विनियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 2006 के खाद्य सुरक्षा और मानक कानून में कड़े प्रावधान की सिफारिश की थी। कानून को सिंगापुर के सेल्स आफ फूड एक्ट कानून की तर्ज पर बनाया गया जो मिलावट को गम्भीर अपराध मानता है। फूड इंस्पैक्टरों का दायित्व है कि वह बाजार में समय-समय पर सैम्पल एकत्रित कर जांच करवाएं लेकिन जब सबकी 'मंथली इन्कम' तय हो तो फिर जांच कौन करे? हालत यह है कि बाजारों में धूल-धक्कड़ के बीच घोर अस्वास्थ्यकर माहौल में खाद्य सामग्रियां बेची जा रही है। सीएजी ऑडिट के दौरान जो तथ्य उजागर हुए हैं, वे भ्रष्टाचार को तो सामने लाते ही है साथ-ही-साथ प्रशासनिक लापरवाही को भी प्रस्तुत करते हैं। देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने का काम करने वाली सरकारी एजेन्सी की दशा कितनी दयनीय है और वहां कितनी लापरवाही बरती जा रही है, सहज अनुमान लगाया जा सकता है। हमें सोचना चाहिए कि शुद्ध खाद्य पदार्थ हासिल करना हमारा मौलिक हक है और यह सरकार का फर्ज है कि वह इसे उपलब्ध कराने में बरती जा रही कोताही को सख्ती से ले।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### तालाब पर और ध्यान देने की आवश्यकता

मेदिनीनगर शहर के बड़ा तालाब में पार्क में बन जाने के कारण यहां लोगों को आना-जाना काफी बढ़ गया है। यहां लोग सुबह और शाम घुमने के लिए आते हैं। लेकिन,शहर की आबादी को देखते हुए इसके विस्तार की जरूरत महूसूस की जा रही है। मोहन सिनेमा हॉल तक तालाब की सीमा है। वहां पर गंदगी का अम्बार लगा होता है। वहां तक अगर पार्क का विस्तार कर दिया जाये तो ज्यादा अच्छा होगा। साथ ही पानी का स्तर भी बना रहेगा। इसके अलावे पानी की स्तर और ऊंचा करना आवश्यक है। फव्वारे के सिस्टम को भी कम से कम पांच-छह फीट ऊंचा करना भी जरूरी है। पानी का स्तर ऊंचा करने से शहर का जल स्तर भी बना रहेगा। वही यहां पर कुछ लोगों के द्वारा पानी का बोतल तालाब में डाल दिया जाता है, जिसके कारण तालाब में गंदगी बढ़ जाती है। आस-पास के लोग भी कभी-कभी पार्क की बाउड्री लांघकर अंदर प्रवेश कर जाते हैं। साथ ही पार्क में बने व्यायाम के उपकरणों को क्षति भी पहुंचाते हैं। इनकी सुरक्षा आवश्यक है। अभी गरमी के दिनों में यहां सुबह में लोगों की भीड़ कम हो गई है। कई लोग यहां से नीम की पत्ती भी तोड़ लेते हैं। उन वृक्षों को बड़ा होने के बाद पत्तियां तोड़ना उचित होगा। कई जगहों पर और पेड़-पौधे लगाने की आवश्यकता है। साथ ही तालाब के अन्य किनारों पर सीढ़िया बनायी जाये तो अति उत्तम होगा। फिर यह हमारे शहर की एक धरोहर है। पहले यहां नगर पालिका पार्क हुआ करता था, जो शायद ही कभी खुला करता था। बाद में यह अतिक्रमण के कारण सिकुड़ गया है। फिलहाल जो भी स्थान बचा हुआ है उसे बचाने की जरूरत है। इसे सुन्दर बनाने में यहां के नागरिकों के सहयोग की आवश्यकता है। यहां हमारे और आनेवाली पीढ़ियों के लिए एक धरोहर है। जिस प्रकार पटना का गांधी मैदान वहां के लोगों के लिए उपयोगी है उसी तरह यह अम्बेडकर पार्क हम लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा। पार्क में आने वाले बुजुर्गों की बात करें तो उनका कहना है कि हमलोगों के लिए सुबह और शाम को बैठने की एक अच्छी जगह मिल गई है। जहां हमलोग घर और शहर शोर गुल से दूर इस पार्क में कुछ पल आराम से गुजारते हैं। साथ ही हम उम्र लोगों के साथ बैठकर पुरानी बातों को याद करते हैं।

**प्रदीप कुमार, कुण्ड मुहल्ला, मेदिनीनगर।**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# फाइव आइज का मोदी और भाजपा को लेकर अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***हम*** सभी जानते हैं, भारत में इस वक्त लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। तीसरे चरण के बाद अब चौथे चरण की वोटिंग की तैयारी है। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है, जिसमें कि भारत विरोधी यही चाहते हैं कि भाजपा की सत्ता केंद्र में न आए, मोदी फिर से भारत के प्रधानमंत्री न बनें। भारत पहले की तरह ही कई मोर्चों पर संघर्ष करता हुआ कमजोर दिखाई दे। अब इसके लिए भाजपा एवं मोदी से विरोध करनेवाली शक्तियां तो देश के अंदर काम कर ही रही हैं, किंतु इन दिनों ऐसी शक्तियों को विदेशों में भी पुख्ता माहौल बनाते हुए देखा जा सकता है। वस्तुतः पाकिस्तान, चीन, समेत कई देश जो भारत को सहन नहीं कर पा रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते ही थे, लेकिन अब यूरोप समेत विशेष तौर पर इंग्लैण्ड और अमेरिका जैसे विकसित देशों ने भी लगातार केंद्र की मोदी सरकार को घेरना जारी रखा है, जिसमें कि उसके सामने आज का सबसे बड़ा कोई विषय है तो वह है भारत का अल्पसंख्यक वर्ग, विशेकर यहां की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या यानी कि मुलसमान। इस संदर्भ में यह तथ्य सामने आया है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने मोदी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोलकर रखा है। इन पांच देशों की सरकार समर्थक मीडिया हर दिन भारत विरोधी कोई नई रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इन रिपोर्टों में तथा कथित सूत्रों के आधार पर मोदी सरकार को निशाना बनाया जा रहा है। वह मोदी सरकार पर लगाम कसने के लिए वामपंथी मीडिया और अपने स्वयं के वित्त पोषित ब्रॉडकास्टर को खुफिया जानकारी लीक कर रहे हैं तथा भ्रम फैलान वाली झूठी रिपोर्ट बड़े स्तर पर स्वयं से तैयार करने के साथ ही करवा रहे हैं, जिसमें से एक नैरेटिव यह गढ़ा जा सके कि भारत में मुसलमान मोदी राज में बहुत कमजोर पड़े हैं। वे खतरे में हैं और उन पर हिन्दू नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए भयंकर अत्याचार हो रहे हैं। इस बात को समर्थन देने एवं जोर देते हुए आप ऑस्ट्रेलिया के अखबार ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू, अमेरिकी अखबार 'द वाशिंगटन पोस्ट', 'द न्यूयॉर्क टाइम्स', सीएनएन, टाइम मैगजीन, ब्रिटेन के अखबार 'द गार्जियन', बीबीसी, फ्रांस के प्रसिद्ध समाचार पत्र ले मोंड समेत अन्य कई को आप देख भी रहे थे, जिनमें कि इस प्रकार कि रिपोर्ट्स लगातार प्रकाशित की जा रही हैं।

> **इन पांच देशों की सरकार समर्थक मीडिया हर दिन भारत विरोधी कोई नई रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इन रिपोर्टों में तथा कथित सूत्रों के आधार पर मोदी सरकार को निशाना बनाया जा रहा है।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

**Mystery of Travel** · Follow
3 d ·
Beautiful view of Ama Dablam , everest - chola pass - gokyo Trekking

picture: yula_urban

#trekkinginnepal



29 · 5 shares
Like · Comment · Send · Share

## X - से

**Akhilesh Singh** @akhileshsi1 · 5h
ये घी का नया खेप है। ग्रामीण विकास विभाग के ठेकेदार राजीव कुमार सिंह के यहां से मिला है। 10 करोड़ से अधिक की राउटिंग इन्होंने की है। आलमगीर जी की मुसीबत।



4 · 30 · 118 · 3.3K

# चुनाव में सिर्फ हिन्दू जातियों पर चर्चा करने वाले कौन?


आर.के. सिन्हा

***हर*** बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है, इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां ( उस संसदीय क्षेत्र में ) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है। पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के कोढ़ के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे। अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इस्लाम जाति के कोढ को ललकारता भी है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्रायः अपने अलग-अलग कब्रिस्तान तो होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बार-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिन्दू पंडित थे। खैर, अपने को बाबा साहब आंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, 'जाति तो राष्ट्र विरोधी है। ...पर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है।' भारत के कई राज्यों में ईसाई बहुमत में हैं और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी ईसाई हैं। पर इसका यह कतई मतलब नहीं है कि वहां जातियां नहीं हैं। ईसाई धर्म अनेक संप्रदायों में बिखरा हुआ है। ईसाई कैथोलिक, सीरियन, ओथोडोक्स, प्रोटेस्टेंट्स और अनेक असंगठित समूहों में फैला है। भारत में ईसाइयों का पहला प्रभावकारी स्वरूप कैथोलिक देश पुर्तगाल से 1498 ई. में पुर्तगालियों के आने से हुआ और ब्रिटिश, मूलतः एंग्लीकन या प्रोटेस्टेंट, का प्रभाव ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन 1757 से हुआ। उपर्युक्त सभी समूह स्वतंत्र हैं, परंतु अधिकांश लोगों द्वारा एक आस्था रखने वाले समूह के रूप में देखे जाते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## बोधि वृक्ष

# हनुमानगढ़ी के इतिहास की 5 खास रोचक बातें

अयोध्या में बनने वाले भव्य राम मंदिर से जुड़े 10 रोचक तथ्य




**5. हनुमान मंदिर परिचय :** हनुमान गढ़ी, वास्तव में एक गुफा मंदिर है। यहां तक पहुंचने के लिए लगभग 76 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं। यहां पर स्थापित हनुमानजी की प्रतिमा केवल छः (6) इंच लंबी है, जो हमेशा फूलमालाओं से सुशोभित रहती है। इस मंदिर परिसर के चारों कोनो में परिपत्र गढ़ हैं। मंदिर परिसर में मां अंजनी व बाल (बच्चे) हनुमान की मूर्ति है जिसमें हनुमानजी, अपनी मां अंजनी की गोदी में बालक रूप में लेटे हैं। हनुमानगढ़ी में ही अयोध्या की सबसे ऊंची इमारत भी है जो चारों तरफ से नजर आती है। इस विशाल मंदिर व उसका आवासीय परिसर करीब 52 बीघे में फैला है। वृंदावन, नासिक, उज्जैन, जगन्नाथपुरी समेत देश के कई नगरों में इस मंदिर की संपत्तियां, अखाड़े व बैठक हैं।

## टेक वर्ल्ड

# व्हाट्सएप्प के नए फीचर का टेस्टिंग जारी

***व्हाट्सएप्प*** एक नई सुविधा का परीक्षण कर रहा है जो यूजर्स फोटो और वीडियो पर लंबे समय तक प्रेस किए बिना तुरंत उत्तर देने और प्रतिक्रिया देने की सुविधा देता है। किसी फोटो या वीडियो पर प्रतिक्रिया करने का एकमात्र तरीका उस पर लंबे समय तक टैप करना और दिखाई देने वाली बार से अपनी प्रतिक्रिया चुनना है। व्हाट्सएप, दुनिया भर में अरबों लोगों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, यह एक नई कार्यक्षमता का परीक्षण कर रहा है जो उपयोगकर्ताओं को प्लेटफॉर्म पर साझा की गई फोटो और वीडियो पर तुरंत प्रतिक्रिया देने की सुविधा देता है। वर्तमान में, किसी फोटो या वीडियो पर प्रतिक्रिया करने का एकमात्र तरीका उस पर लंबे समय तक टैप करना और दिखाई देने वाली बार से अपनी प्रतिक्रिया चुनना है। हालांकि, व्हाट्सएप्प एक नई कार्यक्षमता का परीक्षण कर रहा है जो उपयोगकर्ताओं को मीडिया पर तुरंत उत्तर देने और प्रतिक्रिया देने की सुविधा देता है। पिछले साल सितंबर में, डेवलपर्स ने ऐप के मीडिया व्यूअर के लिए एक नया रिप्लाई बार पेश किया था, लेकिन नवीनतम बीटा मीडिया व्यूअर में एक रिएक्ट बार जोड़कर इसे एक कदम आगे ले जाता है।



व्हाट्सएप्प में कोई फोटो देखते समय या वीडियो देखते समय, उपयोगकताओं के पास अब सीधे इसका उत्तर देने का विकल्प होता है।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## खरगे ने गठबंधन नेताओं को चिट्ठी लिख आयोग पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद डेटा जारी करने में देरी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव आयोग के काम करने के तौर-तरीके पर संदेह व्यक्त किया है। चुनाव आयोग को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए खड़गे ने इंडी गठबंधन के नेताओं से अपील की है कि इस तरह की गड़बड़ियों के लिए एक साथ मिलकर आवाज उठाएं। खरगे ने पत्र में कहा है कि पहले और दूसरे चरण के मतदान के अंतिम प्रतिशत आने में देरी हुई। उन्होंने मीडिया रिपोर्ट हवाला देते हुए यह भी लिखा है कि तीसरे चरण के लिए वोटरों की लिस्ट भी जारी नहीं की गई है।

## कर्नाटक में एकाध सीटों को छोड़ बाकी सभी पर जीतेगी भाजपा



शिवमोग्गा (कर्नाटक)। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येदियुरप्पा ने मंगलवार को दावा किया कि कर्नाटक की 28 सीटों में से एकाध को छोड़कर, सभी पर पार्टी की जीत होगी। येदियुरप्पा ने यहां अपना वोट डालने के बाद पत्रकारों से कहा, "मेरे हिसाब से हम 25-26 सीटें जीतने जा रहे हैं। माहौल बहुत अच्छा है। हम जहां भी जाते हैं लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जय-जयकार कर रहे हैं। उस आधार पर मैं बता रहा हूं कि हम 25-26 सीटें जीतेंगे।" पूरे राज्य में एक अनुकूल माहौल है और मैं राज्यव्यापी दौरा करने के बाद आपको यह बता रहा हूं।"

## कांग्रेस को वोट दें, मजबूत और एकजुट भारत बनाएं : सोनिया गांधी



नई दिल्ली । कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने देश की जनता से एक भावुक अपील की है। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर देश की जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। इस दौरान वह भाजपा पर भी हमलावर नजर आईं। उन्होंने कहा, आज देश के हर कोने में युवाओं में बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार, दलित, आदिवासी, पिछड़े और माइनॉरिटी भयंकर भेदभाव झेल रहे हैं। सोनिया ने आगे कहा, ऐसा माहौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीयत की वजह से है। उनका ध्यान किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करने पर है।

## बसपा ने सर्व समाज को उचित भागीदारी दी : मायावती



लखीमपुर खीरी । बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को लखीमपुर में कहा कि यहां के सांसद ने किसानों का उत्पीड़न किया है, उनकी जमानत जब्त करानी है। मुझे मालूम है कि यहां सिख समाज के लोग काफी संख्या में हैं। जब भी किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन हुआ है तब भाजपा के लोगों ने ज्यादती की। किसानों को जुल्म-ज्यादती का शिकार होना पड़ा है। यहां भाजपा के जो सांसद उम्मीदवार हैं, उन्होंने किसानों का शोषण किया है। मायावती ने आगे कहा कि बहुजन समाज पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है और उसका किसी भी दल से कोई गठबंधन नहीं है।

# कांग्रेस को पाकिस्तान से मोहब्बत और सेना से है नफरत : पीएम मोदी

### देश के लिए इनके इरादे खतरनाक' इनमें देश विरोधी बातें करने की लगी होड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश के खरगोन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। कहा, कांग्रेस के एक पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि हमारी सेना आतंकी हमले करती है, पाकिस्तान तो निर्दोष है, क्या देश का नागरिक ऐसी बात सुन सकता है। कांग्रेस के एक और बड़े नेता ने कहा मुंबई आतंकी हमले में भी पाकिस्तान का हाथ नहीं था। कांग्रेस के एक और साथी दल के नेता फारूक अब्दुल्ला भारत को धमकी देते हैं और कहते हैं पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हुई है। मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछना चाहता हूं कि आपके साथी ये सब बोल रहे हैं आखिर इनकी मंशा क्या है। पाकिस्तान से इतनी मोहब्बत और हमारी सेना से इतनी नफरत।

पीएम मोदी ने आगे कहा, "कांग्रेस के इरादे कितने भयानक हैं, उसकी साजिशें कितनी खतरनाक है, ये समझने के लिए आपको उन लोगों की बातें सुननी होगी, जो 20-25 साल कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता रहे हैं और ये लोग अब धड़ाधड़ कांग्रेस छोड़ रहे हैं। कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद खुली हवा में सांस लेते हुए कहते हैं, बस अब और नहीं।




**इनकी एक महिला प्रवक्ता ने कहा**– कि मैं राम मंदिर गई, तो उसको इतना टॉर्चर किया गया कि उन्हें कांग्रेस ही छोड़नी पड़ गई। यहां तक की उनकी शिकायत पर किसी भी वरिष्ठ नेता ने संज्ञान तक नहीं लिया।

**दूसरे व्यक्ति ने कहा**– कि कांग्रेस पर मुस्लिम लीगि और माओवादियों ने कब्जा कर लिया है। इसलिए इनके मेनिफेस्टो में मुस्लिम लीग की सोच और वादे हैं। संपत्ति पुनर्वितरण की मंशा नक्सली अराजकता से भरी है।

**तीसरे ने कहा**– कि 'कांग्रेस के शहजादे का इरादा राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का है। जैसे शहजादे के पिताजी ने शाहबानो प्रकरण में फैसला बदला था। वैसे ही कांग्रेस राम मंदिर का फैसला पलटने की सोच रही है।

**चौथे व्यक्ति ने कहा**– कांग्रेस में चर्चा हुई है कि मोदी को झूठे आरोप में फंसाओ, इसलिए आज कल संविधान को लेकर झूठ फैलाया जा रहा है। जबकि ये खुद संविधान के खिलाफ धार्मिक आरक्षण देने की बात कर रहे हैं।

### देश में आग लगाने की करते हैं बात

पीएम मोदी ने कहा, ये लोग (कांग्रेस) देश में आग लगाने की बातें कर रहे हैं। कांग्रेस-इंडी गठबंधन को आस्था और देशहित की परवाह नहीं है। राष्ट्र विरोधी बातें करने में कांग्रेस के लोगों में होड़ लगी है। चुनाव के हर चरण के बाद कांग्रेस का पाकिस्तान प्यार चरम पर पहुंच रहा है। इन लोगों के बयान हैरान करने वाले हैं।

रैली में पीएम मोदी ने कहा, पाकिस्तान में आतंकी भारत के खिलाफ जिहाद की धमकी दे रहे हैं और यहां कांग्रेस के लोगों ने भी घोषणा कर दी है। मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो यानी मोदी के खिलाफ एक खास धर्म के लोगों को एकजुट होकर वोट करने को कहा जा रहा है। कांग्रेस किस स्तर पर उतर आई है। हताशा निराशा ने कांग्रेस को कहां ले जाकर पटका है। क्या वोट जिहाद आपको मंजूर है? क्या लोकतंत्र में यह बात चल सकती है? क्या भारत का संविधान ऐसी जिहाद की अनुमति देता है।

## मुसलमानों को आरक्षण देने के बयान से कुछ ही घंटों में पलटे लालू यादव

**एजेंसी। पटना**



राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने 'मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए' वाले बयान से कुछ ही घंटों में पलटी मार दी। मालूम हो कि बिहार विधान परिषद में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को मुसलमानों को आरक्षण देने की वकालत करते हुए कहा कि मुस्लिमों को आरक्षण मिलना ही चाहिए। लालू यादव ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, आरक्षण का आधार धर्म नहीं बल्कि सामाजिक पिछड़ापन होता है। प्रधानमंत्री को इतनी सी भी समझ नहीं है।

मंडल कमीशन हमने लागू करवाया है। क्या नरेंद्र मोदी ने कभी मंडल कमीशन और उसकी सिफारिशें पढ़ी है? मंडल कमीशन में 3, 500 से अधिक पिछड़ी जातियों को आरक्षण मिलता है, जिसमें अन्य धर्मों की भी सैंकड़ों जातियों को आरक्षण मिलता है। उन्होंने आगे भाजपा को निशाने पर लेते हुए लिखा कि ये हमसे बड़े और असली ओबीसी नहीं हैं ना हमसे ज्यादा गरीबों, पिछड़ों और दलितों की इनको समझ नहीं है। ये लोग बस एक-दूसरे को लड़ाते हैं।

## नक्शा विवाद पर आर्मी चीफ की सरकार को नसीहत, पड़ोसी देश को चिढ़ाना बन्द हो

**काठमांडू।** नेपाल सरकार के नोट पर विवादित नक्शा छापने के निर्णय का सेना की तरफ से विरोध किया गया। सेना ने सरकार को नसीहत दी है कि वो अपने पड़ोसी देश को चिढ़ाना बन्द करे। नेपाली सेना के प्रधान सेनापति जनरल प्रभुराम शर्मा ने कहा कि सरकार को कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे पड़ोसी देश चिढ़ जाए। हाल ही में सरकार द्वारा सौ के नोट पर विवादित नक्शे को प्रकाशित करने की तरफ इंगित करते हुए प्रधान सेनापति ने कहा कि जिन समस्याओं का समाधान कूटनीतिक तरीके से होना चाहिए उसके लिए गैर कूटनीतिक रास्ता अख्तियार करना गलत है। प्रधान सेनापति ने कहा कि हमारी भूराजनीतिक अवस्था को ध्यान में रखते हुए अपने किसी भी पड़ोसी को नहीं चिढ़ाना चाहिए।

## पाकिस्तान का दावा, देश में टारगेटेट हत्याओं के पीछे भारत का हाथ

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक (डीजी) मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने मंगलवार को कहा कि हाल में देश में हुई टारगेटेड हत्याओं में पाकिस्तान के पास भारत की संलिप्तता के 'अकाट्य सबूत' हैं। चौधरी ने रावलपिंडी में जनरल मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, भारत की हत्या का सिलसिला अब विभिन्न देशों में फैल गया है। दूसरे देश में सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से लेकर, भारत पाकिस्तान में लोगों की हत्याओं में शामिल रहा है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के पास हत्याओं के पीछे भारत की संलिप्तता के अकाट्य सबूत हैं। मेजर जनरल ने कहा कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां सीमा पर आक्रामकता दिखाकर और साथ ही पाकिस्तान विरोधी चुनावी कहानी बनाकर अपने आंतरिक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की भारत की योजना से अवगत हैं। डीजी आईएसपीआर ने दावा किया कि मौजूदा लोकसभा चुनावों के दौरान जम्मू-कश्मीर में लोगों की राय को दबाने की भारत की योजना भी स्पष्ट है।

## आज का राशिफल

- **मेष** – मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।
- **वृषभ** – समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।
- **मिथुन** – एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6
- **कर्क** – कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-4-6-8
- **सिंह** – मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।
- **कन्या** – आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।
- **तुला** – अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।
- **वृश्चिक** – पर-प्रपंच में ना पडकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।
- **धनु** – कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ।
- **मकर** – पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।
- **कुम्भ** – शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है।
- **मीन** – जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

# धर्म के आधार पर कहीं भी आरक्षण नहीं दिया जा सकता है : अली अनवर

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** पसमांदा शब्द व पसमांदा आंदोलन के जनक , दो टर्म राज्य सभा सांसद रहे , पसमांदा मुस्लिम महाज के अध्यक्ष अलीअनवर अंसारी मुस्लिम आरक्षण मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के कहे को लेकर पूछने पर कहा - मोदी जी तो ङ्घ सही नहीं बोल रहे हैं ,मुस्लिम आरक्षण, धर्म के आधार पर आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। लालू जी बोले या मोदी जी बोले, अब क्या लालू जी बोले हैं ठीक-ठीक हमको नहीं पता है। मोदी जी ने तो जो बोला है, वह हम जानते हैं, उसको सुना है।धर्म के आधार पर कहीं भी आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। आरक्षण देने के लिए पहली शर्त है सोशली या एजुकेशनली, सामाजिक रूप से पिछड़ा होना और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा होना। यह दो उसके पैरामीटर हैं। मुस्लिम में जो पिछड़े हैं, जिनको हम पसमांदा मुस्लिम कहते हैं, उनको तो ऑलरेडी आरक्षण मिल रहा है। हां यह है कि पसमांदा में भी जो पसमांदा तरीन हैं , माने उससे भी नीचे हैं जैसे शुद्र कहिए और शूद्र में अति शूद्र शब्द है, तो बाद में जाकर इस अति शुद्र को दलित कहा गया। तो मुसलमानों में भी दलित हैं, जो पसमांदा दलित हैं जिनको रजिल भी कहा जाता है, गाली का शब्द है, इसलिए हम लोग मुस्लिम दलित शब्द का इस्तेमाल करते हैं। उसके आरक्षण की बात है। मामला सुप्रीम कोर्ट में अभी चल रहा है और उस मामले पर खुद मोदी जी ने एक कमिशन बनाया है, इस मामले की जांच करने के लिए केजीवाला कृष्णन कमेटी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने लिखकर भी दे दिया है कि नहीं होगा, तो भाई नहीं होगा तो आपने कमीशन क्यों बनाया, कमिशन बनाया तो लिख करके क्यों दिया, तो यह तो भरमाने की बात है लोगों को। झांसे में लाकर इस इलेक्शन को कम्युनल लाइन पर ले जाने का बात है। मोदी जी छटपटा रहे हैं। उनको 10 साल में कोई उपलब्धि तो है नहीं, हर मोर्चे पर फेल हुए हैं, बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार में तो उनकी पार्टी और सरकार आपात मस्तक डूबी हुई है, तो इसी तरह से भटकाने का काम हो रहा है। कोई भी - चाहे कोई भी नेता धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दे सकता है । धर्म के आधार पर नहीं दिया जा सकता है।

- **आरक्षण देने के लिए पहली शर्त है- सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़ा होना**
- **किसी राज्य में .. सभी मुसलमानों को आरक्षण नहीं है**

**आरक्षण देने के लिए हर राज्य में एक बैकवर्ड कमिशन है और केंद्र में एक सेंट्रल बैकवर्ड कमीशन है।**

मैं खुद बिहार में बैकवर्ड कमिशन का मेंबर रहा हूं। तो मैं जानता हूं सरकार सीधे आरक्षण नहीं देती है। बैकवर्ड कमिशन सिफारिश करता है ।सरकार उसको मान लेती है, एक तरह से मैंडेटरी है उसको मान लेना। तो कई जगह यह होता है। हो सकता है कर्नाटक में ऐसा हो, हमारे बिहार में भी ऐसे हुआ है। कई लोग जो जिनको ओबीसी में नहीं आना चाहिए, तो उसमें से एक आध लोग आ गए हैं। इस तरह से हो सकता है कर्नाटक में कोई चला गया हो। तो यह हिंदू मुस्लिम और सभी मुस्लिम को आरक्षण नहीं कहा जा सकता है। अगर बीजेपी को इतनी ही चिंता है, तो नेशनल कमीशन को भेज करके जांच कर जो गलती से उसमें गए हैं उनको निकाल दे, निकलवा दे। राज्य सरकार के देने से क्या होता है। यदि कोई गलती से चला गया है तो नेशनल बैकवर्ड कमिशन उसको निकाल देगा। इस तरह से बिहार में जो गलती से चले गए हैं बिहार सरकार चाहे या सेंट्रल बैकवर्ड कमिशन चाहे, तो उसको निकलवा सकता है। जैसे बिहार में मलिक पहले जनरल कैटेगरी में थे, मुसलमान में भी होता है, बाद में नीतीश जी के शासनकाल में उसको बैकवर्ड कैटेगरी में ला दिया गया, कर दिया गया। नीतीश जी के साथ तो यह मोदी जी भी थे, तो इन्होंने किया। तो यह नरेंद्र मोदी जी ने किया क्यों नहीं कहते हैं? नीतीश कुमार की बात कह नहीं सकते हैं?

**खान भी कई जगह पहले से–**

कर्नाटक में खान को दिया गया(आरक्षण) है तो वही बात कहते हैं हम, नहीं जानते हैं कि वहाँ की स्थिति क्या है। कई राज्यों में, देखिए बिहार में मोदी जो हैं,सुशील मोदी, आरक्षण वाले कैटेगरी में हैं, ओबीसी में हैं, लेकिन वही उत्तर प्रदेश में नहीं हैं। कई जगह दूसरी जातियों के , राजपूत भी कुछ राज्यों में कुछ इलाकों में उनको ओबीसी में रखा गया है, जैसे राजस्थान में हैं। तो इसलिए कहने का मतलब यह है, कुछ राज्यों में या राज्यों के कुछ इलाकों में कुछ लोगों को पिछड़ा घोषित कर सकता है। वह कमिशन करता है। काका कालेलकर आयोग बना, पहले उसने कोई सिफारिश की, लागू नहीं हुई। फिर मंडल कमीशन ने सिफारिश की, तो उसमें से जो गलती हुई, उसमें उसको सुधारने के लिए ही हर राज्यों में और केंद्र में एक बैकवर्ड कमिशन बना है।

## नौसेना के तीन जहाजों की दक्षिण चीन सागर में तैनाती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े को दक्षिण चीन सागर में तैनात किया गया है। भारतीय जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन इसी तैनाती के हिस्से के रूप में सिंगापुर पहुंच गए हैं, जहां सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत के इन जहाजों की इस यात्रा से कई कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से दोनों समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूती मिलेगी।

कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि नौसेना के पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में तीनों जहाज 06 मई को सिंगापुर पहुंच गए हैं। इन तीनों जहाजों का सिंगापुर पहुंचना दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है। सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।




बंदरगाह में इन जहाजों के प्रवास के दौरान विभिन्न गतिविधियों को शुरू करने की योजना बनाई गई है, जिसमें भारतीय उच्चायोग के साथ बातचीत, सिंगापुर की नौसेना के साथ पेशेवर बातचीत के साथ-साथ अकादमिक और सामुदायिक आउटरीच सहित अन्य गतिविधियां होंगी। भारतीय और सिंगापुर की नौसेना के बीच तीन दशकों के सहयोग, समन्वय और नियमित यात्राओं, सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक प्रशिक्षण व्यवस्थाओं के साथ मजबूत संबंध रहे हैं। वर्तमान तैनाती दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।

## न्यूज बॉक्स

### कुलगाम मुठभेड़ में तीन आतंकी ढ़ेर, तलाशी अभियान जारी



**कुलगाम।** कुलगाम जिले के रेडवानी पाईन इलाके में मंगलवार सुबह एक बार फिर शुरू हुई मुठभेड़ में अब तक सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादी मार गिराए हैं। अधिकारियों ने कहा कि मुठभेड़ स्थल से तीन आतंकवादियों के शव बरामद किए गए हैं जबकि तलाशी अभियान अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान अभियान पूरा होने के बाद की जाएगी। इससे पहले इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद सोमवार शाम को पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने रेडवानी पाईन में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। जैसे ही सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

### पंजाब के फिरोजपुर से शेर सिंह घुबाया होंगे कांग्रेस उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** पंजाब के फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र से शेर सिंह घुबाया कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा चुनाव के लिए फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार के रूप में शेर सिंह घुबाया की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी। कांग्रेस पार्टी ने आज (मंगलवार) इनके नाम की विधिवत घोषणा भी कर दी।

### इजराइली सेना रफाह पर कर सकती है हमला फलस्तीनियों से सुरक्षित स्थान पर जाने को कहा

**यरुशलम।** इजराइली सेना रफाह पर आने वाले समय में संगठित तरीके से बड़ा हमला कर सकती है, इसी के मद्देनजर रफाह में शरण लिए फलस्तीनियों से ठिकाना छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा है। काहिरा में हमास के साथ युद्धविराम के लिए वार्ता विफल होने के बाद इजराइल ने रफाह में जल्द जमीनी सैन्य कार्रवाई के संकेत दिए हैं। वहीं इजराइल ने रफाह पर सोमवार को हवाई हमले किए। इन हमलों में 20 लोग मारे गए और कई के घायल हुए हैं। हमास ने कहा है कि रफाह पर इजराइल की कार्रवाई का विपरीत असर भविष्य में गाजा में युद्धविराम के लिए होने वाली वार्ता पर पड़ेगा। वैसे हमास फलस्तीनियों की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। गाजा के दक्षिणी शहर रफाह में इस समय लगभग 14 लाख बेघर लोग शरण लिए हुए हैं।

### राधिका खेड़ा और शेखर सुमन भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक राधिका खेड़ा और अभिनेता शेखर सुमन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में राधिका खेड़ा और अभिनेता शेखर सुमन ने पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल होने के बाद राधिका खेड़ा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि रामभक्त होने के नाते रामलला के दर्शन करने के कारण कांग्रेस पार्टी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। मोदी सरकार का संरक्षण नहीं मिला होता तो यहां तक नहीं पहुंच पाती।

### बारामूला में जब्त हुई पाकिस्तानी आतंकियों की भारतीय संपत्ति



**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान में रहने वाले सात आतंकियों की मंगलवार को संपत्तियां कुर्क कीं हैं। बारामूला की अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने आतंकियों की संपत्ति की कुर्की आदेश दिया था, इसके बाद पुलिस ने पाकिस्तान स्थित आतंकियों की भारतीय संपत्तियों को कुर्क कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायालय बारामूला से पारित कुर्की आदेश पर पाकिस्तान स्थित आतंकी संचालकों की संपत्तियां (13 कनाल) कुर्क की गईं। पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई 88 सीआरपीसी की धाराओं के तहत की गई है। यह कार्यवाही पुलिस स्टेशन क्रेरी में विभिन्न एक्ट के तहत दर्ज मामले से जुड़ी हुई है।

### सलमान के आवास पर फायरिंग मामले में पांचवां आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार



**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई के बांद्रा स्थित आवास पर फायरिंग मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने मंगलवार को राजस्थान से पांचवें आरोपित को गिरफ्तार किया। महाराष्ट्र पुलिस के सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मोहम्मद चौधरी को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मुंबई लाकर कोर्ट में पेश किया जाएगा। मोहम्मद चौधरी ने 14 अप्रैल को गैलेक्सी अपार्टमेंट में गोलीबारी की घटना में दो शूटरों की मदद की थी। दोनों शूटर पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अब तक की जांच में पता चला है कि पांचवें आरोपित चौधरी ने दोनों शूटरों को अपराध स्थल की रेकी करने में मदद की और उन्हें पैसे मुहैया कराए। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल को बाइक सवार दो हमलावरों ने सलमान के आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर गोलीबारी की और फरार हो गए थे।

### पश्चिम बंगाल में भारी बारिश और आंधी-तूफान से छह लोगों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भीषण गर्मी के बीच सोमवार शाम बाद हुई भारी बारिश और आंधी-तूफान से छह लोगों की मौत हो गई। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने आज बताया कि सोमवार को दक्षिण बंगाल में भारी बारिश हुई है। इस दौरान आंधी-तूफान के बीच छह लोग काल-कलवित हो गए। उधर, मौसम के बदलाव से कोलकाता और कुछ जिलों के लोगों को चिलचिलाती धूप से राहत मिली है। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक नादिया, पुरुलिया और पूर्व बर्दवान जिले सहित दक्षिण बंगाल के विभिन्न जिलों में एक विवाहित जोड़े सहित छह लोगों की मौत हो गई। बारिश की वजह से पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन की सियालदह-कैनिंग लाइन पर उपनगरीय ट्रेन सेवाएं एक घंटे से अधिक समय तक प्रभावित रहीं।आंधी-तूफान के दौरान केले के पत्ते ओवरहेड इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन वायर पर गिर गए। रेलवे ने बताया कि रात आठ बजे से 9.15 बजे तक ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अनुसार खराब मौसम के कारण कोलकाता आने वाली तीन उड़ानों का डायवर्ट करना पड़ा।

# प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए लखनऊ को हराने उतरेगी सनराइजर्स

**एजेंसी। हैदराबाद**

अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0.065) लखनऊ (माइनस 0.371) से बेहतर है। अंक तालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं।




सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए।

ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है।

दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।

## टी 20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी होंगे ये दो खिलाड़ी : शास्त्री

**दुबई ।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। शास्त्री ने आईसीसी से कहा, ह्यदोनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। एक यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह युवा है और बेखौफ खेलता है।' चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं। शास्त्री ने कहा, मध्यक्रम में उसे देखिएगा। वह आक्रामक है और मैच विनर है। वह मजे के लिये छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को बखूबी खेलता है।'

# 'हमें वास्तव में एक अच्छे कप्तान की जरूरत है'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के पूर्व स्टार ऑलराउंडर और आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के एमबेस्डर युवराज सिंह ने कप्तान रोहित शर्मा के समर्थन में सामने आए और अमेरिका और वेस्ट इंडीज में खिताब में उनके नेतृत्व करने के लिए समर्थन किया।

युवराज ने मौजूदा कप्तान के साथ भारतीय ड्रेसिंग रूम साझा किया है और उन्हें एक बेहद प्रतिभाशाली युवा से भारतीय क्रिकेट के अग्रणी सितारों में से एक और आधुनिक समय की महान बल्लेबाज बनते हुए देखा है। युवराज ने कहा कि रोहित का नेतृत्व कौशल और दबाव में शांत रहने की क्षमता उन्हें प्रभावित करेगी। यह आईसीसी आयोजनों में भारत के लंबे समय से चले आ रहे सूखे को समाप्त करने की संभावनाओं की कुंजी होगी।

युवराज ने कहा, 'रोहित की उपस्थिति बहुत महत्वपूर्ण होने वाली है। मुझे लगता है कि हमें वास्तव में एक अच्छे कप्तान की जरूरत है, एक समझदार कप्तान जो दबाव में अच्छी तरह से निर्णय लेता है।

वह निर्णय लेने वाला व्यक्ति है। जब हम (क्रिकेट विश्व कप) हारे थे तो वह कप्तान थे ) 50 ओवर का फाइनल (2023 में)। उन्होंने एक कप्तान के रूप में पांच आईपीएल ट्रॉफी जीती हैं। मुझे लगता है कि हमें भारत की कप्तानी के लिए उनके जैसे व्यक्ति की जरूरत है।'

आईसीसी आयोजनों में भारत की ट्रॉफी का सूखा 2011 वनडे विश्व कप के बाद से चला आ रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी आयोजनों में भारत के लिए यह बहुत करीबी मामला रहा है, पिछले साल के दिवसीय विश्व कप में इसका उदाहरण सामने आया। चाहे वह 2022 पुरुष टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार हो, आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का फाइनल और पिछले साल का 50 ओवर का विश्व कप, भारतीय क्रिकेट को पिछले कुछ वर्षों में विश्व आयोजनों में कई दुखों का सामना करना पड़ा है। 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में जाने के लिए, प्रशंसक अंतिम बाधा में हारने के बजाय रोहित और उनके लड़कों पर भरोसा कर रहे हैं कि वे जीत हासिल करेंगे।

## रोहित शर्मा को टी20 विश्व कप से पहले ब्रेक की जरूरत : क्लार्क

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने रोहित शर्मा के लगातार खराब स्कोर को तूल नहीं दिया लेकिन कहा कि थके हुए' भारतीय कप्तान को टी20 विश्व कप से पहले तरोताजा होने के लिए ब्रेक की जरूरत है। अगले महीने टी20 विश्व कप में भारत की कप्तानी करने जा रहे रोहित पिछली पांच पारियों में चार बार दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। इस साल आईपीएल से पहले रोहित ने पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली थी। क्लार्क ने कहा, रोहित अपने प्रदर्शन का खुद बेहतर आकलन कर सकता है। वह निराश होगा खासकर उसने जितनी शानदार शुरूआत की थी। मेरे ख्याल से वह थका हुआ भी है।' उन्होंने कहा, ऐसे में तरोताजा होने के लिये एक ब्रेक बहुत जरूरी है। लेकिन वह मुंबई इंडियंस का भी अहम खिलाड़ी है। उसे ब्रेक मिलना मुश्किल है। उसे फॉर्म में लौटना होगा। रोहित जैसे खिलाड़ी के लिये यह मुश्किल नहीं है। वह इतना प्रतिभाशाली है कि ज्यादा दिन फॉर्म का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## ड्रेसिंग रूम में रोते हुए नजर आए रोहित शर्मा देखें वायरल क्लिप

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ धर्मशाला में खेले गए आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस ने जीत दर्ज की। इस जीत में जहां सूर्यकुमार यादव का शतक और हार्दिक पांड्या की गेंदबाजी के चर्चे हुए। वहीं इस जीत के बाद मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें हिटमैन रोते हुए नजर आ रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले में रोहित शर्मा 5 गेंदों पर सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए। रोहित स्क्वायर के ऊपर से गेंद को हिट करना चाहते थे, लेकिन गेंद आसमान में ऊंची चली गई और कीपिंग कर रहे क्लासेन ने आसानी से उसे लपक लिया। एक बार फिर सस्ते में आउट होने के बाद निराश होकर पवेलियन लौटे जिसके बाद ड्रेसिंग रूम में भी वह हताश नजर आए। रोहित शर्मा ड्रेसिंग रूम वह रोते और आंसू पोछते भी देखे गए, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

## 'मेरा वोट, मेरा अधिकार': जामनगर में जडेजा ने किया मतदान



**जामनगर।** स्टार भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और उनकी पत्नी रीवाबा जडेजा ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के दौरान यहां अपना वोट डाला। वोट डालने के बाद जडेजा ने इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी के साथ एक तस्वीर साझा की और इसे कैप्शन दिया, मेरा वोट, मेरा अधिकार। रवींद्र जडेजा ने बल्ले से नाबाद 43 रन बनाए और चेन्नई सुपर किंग्स की पंजाब किंग्स पर 28 रन की जीत में निर्णायक मध्य ओवरों में 3-20 विकेट लिए और उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जडेजा भी अमेरिका जाने वाली 15 सदस्यीय भारतीय टी20 टीम में हैं। भारत को ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है। टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से शुरू हो रहा है।

## मुझे शैफाली के साथ ओपनिंग करने में मजा आता है : स्मृति मंधाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि शैफाली वर्मा के साथ अच्छी ओपनिंग साझेदारी करना मजेदार है और इससे पिछले ढाई वर्षों के दौरान उनके प्रदर्शन में सुधार हुआ है क्योंकि अब वे जानते हैं कि एक-दूसरे का पूरक कैसे बनना है। यह सब 2019 में शुरू हुआ जब मंधाना और वर्मा को टी20 में सलामी बल्लेबाज के रूप में जोड़ा गया। प्रत्येक मैच के साथ, उन्होंने एक-दूसरे के खेल की बारीकियों को समझा, ताकत को पूरक करना और कमजोरियों को कवर करना सीखा। परिणाम? 66 टी20 में चौंका देने वाले 2079 रन - सबसे छोटे प्रारूप में भारतीय महिलाओं के लिए सबसे सफल सलामी जोड़ी। उनकी साझेदारी यहीं नहीं रुकी, 2021 में, उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में एकदिवसीय क्रिकेट के क्षेत्र में कदम रखा और केवल 19 मैचों में 34.86 की औसत के साथ 767 रन बनाए और इस प्रारूप में भी देश की सबसे सफल सलामी जोड़ी बनने की राह पर हैं। बांग्लादेश के खिलाफ चल रही टी20 श्रृंखला में, मंधाना और वर्मा ने एक बार फिर अपना कौशल दिखाया और केवल चार मैचों में 118 रन जोड़े। अपनी यात्रा पर विचार करते हुए, मंधाना ने उनके आपसी विकास और समझ पर खुशी व्यक्त की। मंधाना ने टी-स्पोर्ट्स को बताया, मैं वास्तव में खुश हूं और शैफाली के साथ बल्लेबाजी करना हमेशा मजेदार होता है।

# वायुसेना और यूनाइटेड भारत का विजय अभियान आगे बढ़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय वायुसेना पालम ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए आज यहां डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में गढ़वाल डायमंड को जिको के गोल से परास्त कर पूरे अंक अर्जित किए। विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान पर खेले गए मैच में जिको को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। दिन के दूसरे मैच में यूनाइटेड भारत एफसी ने शास्त्री एफसी को 3 -1 से हरा कर सुपर सिक्स का दावा मजबूत किया। विजेता टीम के लिए प्लेयर ऑफ द मैच एन गुलगोलाल ने दो मिनट में दो गोल जमाए। एक गोल सानीक मुर्मू ने किया । पराजित टीम का गोल ब्लास्को के नाम रहा। आज के नतीजों के अनुसार यूनाइटेड भारत 8 मैचों में 17 अंक लेकर सुपर सिक्स में पहुंच गई है। भारतीय वायुसेना के नौ मैचों में 16 , शास्त्री के 14 और गढ़वाल डायमंड के 13 अंक हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### पंजाब नेशनल बैंक पिछले तीन साल से निष्क्रिय खातों को करेगा बंद

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने पिछले तीन साल से निष्क्रिय बचत खातों को बंद करने का फैसला लिया है। बैंक ने यह फैसला खातों को दुरुपयोग से बचाने के लिए लिया है, जिसकी 30 अप्रैल, 2024 गणना की जाएगी। दरअसल, पंजाब नेशनल बैंक के हजारों खातों में पिछले 3 वर्षों से ग्राहक की ओर से कोई परिचालन नहीं किया जा रहा है तथा इन अकाउंट में कोई बैलेंस नहीं है। बैंक ने कहा कि पिछले तीन साल से 30 अप्रैल तक परिचालन न किये जाने वाले खाते एक माह के बाद बिना किसी अन्य सूचना के बंद कर दिए जाएंगे।

### जापान ने तैयार की दुनिया की पहली 6जी डिवाइस, स्पीड 5जी से 20 गुना ज्यादा



**नई दिल्ली।** भारत में अभी तक 5जी ही ठीक से नहीं पहुंचा है और उधर जापान ने दुनिया की पहली 6जी डिवाइस तैयार की है, हालांकि फिलहाल यह एक प्रोटोटाइप डिवाइस ही है लेकिन इसकी स्पीड 300 फीट से ज्यादा तक की रेंज में भी 100Gbps से अधिक है। दावा किया जा रहा है कि इसकी स्पीड मौजूदा 5जी तकनीक से 20 गुना अधिक है। इस डिवाइस को जापान की डोकोमो, एनटीटी कॉर्पोरेशन, एनईसी कॉर्पोरेशन और फुजित्सु समेत टेलीकॉम कंपनियों ने मिलकर तैयार किया। रिपोर्ट के मुताबिक यह 6जी प्रोटोटाइप डिवाइस 100 गीगाहर्ट्ज बैंड पर घर के अंदर 100Gbps स्पीड हासिल कर सकता है। वहीं घर के बाहर इसी स्पीड को हासिल करने के लिए यह 300 गीगाहर्ट्ज बैंड को इस्तेमाल करता है।

# यूट्यूब पेड यूजर्स को मिलेगी एआई संचालित सुविधा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूट्यूब अपने अकसंचालित 'जंप अहेड' फीचर का टेस्टिंग कर रहा है। 9 to 5 Google के अनुसार, कंपनी मार्च से इस सुविधा का परीक्षण कर रही है और अब यह सभी प्रीमियम ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। यह नई सुविधा उपयोगकताओं को वीडियो के सबसे अच्छे हिस्से पर जाने की अनुमति देती है जिसे अधिकांश दर्शक आमतौर पर आगे छोड़ देते हैं। यह फीचर उपयोगकर्ता के डेटा और एआई तकनीक को मिलाकर वीडियो के सर्वोत्तम बिंदुओं की भविष्यवाणी करता है।

रिपोर्ट में कहा गया है, इस नई सुविधा का उपयोग करने के लिए, प्रीमियम ग्राहकों को आगे बढ़ने के लिए डबल-टैप करने के बाद, आपकी स्क्रीन के दाईं ओर नीचे एक नया गोली के आकार का 'जंप अहेड' टैब दिखाई देगा, जो गायब होने से पहले कुछ सेकंड के लिए दिखाई देगा यदि यूजर्स चाहें तो 10 सेकंड आगे बढ़ने के लिए।

## एआई के जरिए वीडियो को बेहतर देख सकेंगे

बटन पर टैप करने के बाद यूजर्स को डिस्प्ले पर जंपिंग ओवर कॉमनली स्किप्ड सेक्शन लिखा हुआ दिखाई देगा। फिर कई यूजर के डेटा का उपयोग करके और एआई की मदद से यह फीचर यूजर को वीडियो का सबसे अच्छा हिस्सा देखने में मदद करेगा। अभी तक, यह सुविधा केवल यूएस में एंड्रॉइड ऐप उपयोगकताओं के लिए उपलब्ध है और केवल अंग्रेजी भाषा के वीडियो तक ही सीमित है। यू-टीयूब प्रीमियम उपयोगकर्ता इस प्रायोगिक सुविधा को 1 जून तक आजमा सकते हैं। समय सीमा के बाद, प्लेटफॉर्म औपचारिक रूप से इसे सभी प्रीमियम उपयोगकताओं के लिए एक स्थायी सुविधा के रूप में लॉन्च कर सकता है, या प्रयोग को आगे भी बढ़ा सकता है। 'जंप-अहेड' फीचर पहले लॉन्च किए गए डबल-टैप स्किप फीचर का बेहतर संस्करण है। लेकिन केवल कुछ सेकंड आगे बढ़ने के बजाय, यह नया प्रयोगात्मक फीचर सीधे वीडियो के सबसे पसंदीदा हिस्से पर पहुंच जाता है। कुछ हफ्ते पहले, प्लेटफॉर्म ने नई सुविधा का परीक्षण किया और इसे एक बहुत छोटा प्रयोग कहा, जिसमें कुछ उपयोगकताओं ने स्वचालित रूप से नामांकन किया।

### यह सुविधा मोबाइल और डेस्कटॉप दोनों के लिए है

उपयोगकर्ता इस सुविधा को मोबाइल ऐप और डेस्कटॉप दोनों पर आजमा सकते हैं। इस सुविधा को मोबाइल एप्लिकेशन पर नामांकित करने के लिए, उपयोगकताओं को सेटिंग्स में जाना होगा और फिर 'प्रायोगिक सुविधाओं का प्रयास करें' अनुभाग तक स्क्रॉल करना होगा और उस पर क्लिक करना होगा। यूजर्स को इन फीचर्स को एक्टिवेट करने का विकल्प दिखेगा। याद रखें कि ये सुविधाएं केवल थोड़े समय के लिए उपलब्ध हैं।


## इस महीने मारुति सुजुकी की नेक्सा शोरूम में कारों में मिल रही है बंपर छूट

मारुति सुजुकी भारत में सबसे ज्यादा कारें बेचती हैं और इनमें कंपनी की प्रीमियम डीलरशिप नेक्सा पर इग्निस, फ्रॉन्क्स, बलेनो, जिम्नी, सिआज और ग्रैंड विटारा समेत और भी गाड़ियां बिकती हैं। अच्छी बात यह है कि बाकी महीनों की तरह ही इस महीने भी मारुति सुजुकी अपनी कई कारों पर डिस्काउंट और ऑफर्स के रूप में ग्राहकों को लाभ दे रही है। ऐसे में आप भी अगर इन दिनों अपने लिए मारुति सुजुकी नेक्सा शोरूम में बिक रही गाड़ियों में से कोई एक खरीदना चाहते हैं तो पहले यहां ऑफर्स के बारे में सारी जानकारी हासिल कर लें, जिससे कि आप छूट का लाभ उठा सकें।

### मारुति सुजुकी बलेनो



मारुति सुजुकी की प्रीमियम हैचबैक बलेनो के मैनुअल वेरिएंट पर 45000 रुपये तक, ऑटोमैटिक वेरिएंट्स पर 50 हजार रुपये तक और सीएनजी वेरिएंट्स पर 30 हजार रुपये तक का लाभ ग्राहकों को इस महीने मिल सकता है।

### मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स



मारुति सुजुकी की क्रॉसओवर एसयूवी फ्रॉन्क्स के नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल वेरिएंट्स पर ग्राहकों को 13000 रुपये तक और फ्रॉन्क्स टर्बो वेरिएंट्स पर 32 हजार रुपये के फायदों के साथ ही 43 हजार रुपये तक के ऐक्सेसरीज का लाभ मिल सकता है।

### मारुति सुजुकी जिम्नी



मारुति सुजुकी की कॉम्पैक्ट ऑफ-रोड एसयूवी जिम्नी के 2023 मॉडल पर इस महीने डेढ़ लाख रुपये तक का और 2024 मॉडल पर 50 हजार रुपये तक का फायदा मिल सकता है।

### मारुति सुजुकी सिआज



मारुति सुजुकी की मिडसाइज सेडान सिआज खरीदने वालों को इस महीने 55 हजार रुपये तक का फायदा मिल सकता है।


### आनंद महिंद्रा ने रोल बेचने वाले 10 वर्षीय लड़के को की मदद की पेशकश

**नई दिल्ली।** महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा सोमवार को दिल्ली के एक 10 वर्षीय लड़के की मदद के लिए आगे आए। लड़का अपने पिता के निधन के बाद रोल बेच रहा है। उन्होंने कहा कि लड़के की शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए और उनका फाउंडेशन उसकी मदद करेगा। एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए, महिंद्रा ने लड़के को अपना समर्थन दिया और परिवार के लिए उसके प्रयासों की सराहना की।

# ऑटो बाजार में पुरानी कारों की मांग में हुआ जबरदस्त इजाफा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में कोरोना महामारी के बाद से यात्री वाहनों की बिक्री में काफी तेजी दर्ज की गई है। हालांकि, इस दौरान नई कारों के मुकाबले पुरानी कारों की बिक्री में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। लोग अपने पर्सनल कामों के लिए यात्री वाहनों को खरीद तो रहे हैं, मगर पुरानी कारों को ज्यादा तवज्जों दे रहे हैं। लगातार बढ़ती महंगाई, कच्चे माल की कीमतों में इजाफा, नौकरी की असुरक्षा, आर्थिक संकट जैसे कारण हो सकते हैं। इन सभी चुनौतियों की वजह से लोग नई कारों के बजाय पुरानी या पहले

### अब सुविधाजनक हो गया है ये काम

आजकल वाहन निमार्ता कारों में ऐसी तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो काफी लंबे समय तक आसानी से चल जाती है। ऐसे में अगर कोई साल या दो साल बाद भी पुरानी कार खरीदता है तो उसकी तकनीक में कोई कमी नहीं आती है। इसके अलावा पुरानी कार को खरीदना अब काफी आसान हो गया है।

### पुरानी कार की बिक्री में अचानक से आया उछाल

भारतीय वाहन बाजार में भले ही नई कारों की बिक्री काफी तेजी से ऊपर की जा रही है। मगर इसके बाद कई तरह की चुनौतियां हैं। जैसे फ्यूल के आसमानी दाम, नए मॉडलों के अधिक दाम आदि। इस तरह से जब कार खरीदने की बात आती है तो अफोर्डेबिलिटी की वजह से लोग पुरानी कार पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

### पुरानी कार की बिक्री में तेजी का कारण

देश में बीते कुछ सालों में पुरानी कारों की बिक्री में आई तेजी के पीछे एक बड़ा कारण है कि बाजार में कई वैध ओईएम पेश किए गए हैं। ये सेलर पुरानी कारों को एक संगठित तरीके से तैयार करके उन्हें बेचते हैं। ऐसे में लोगों को कम दाम पर एक बढ़िया पुरानी कार मिल जाती है। यही वजह है कि देश में पुरानी कार का बाजार लगातार तेजी से ऊपर की ओर जा रहा है।

## एक नजर

### चुनाव का पर्व, देश का गर्व : शर्मिला वर्मा

**मेदिनीनगर।** लोकतंत्र के महापर्व चुनाव के मद्देनजर जनहित में सदैव सक्रिय संस्था वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार गांव गांव जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहा है ! इसी क्रम में सोमवार की शाम टीम वरदान कौड़िया पंचायत के लहसूनिया गांव पहुंची और वहां उपस्थित महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि मतदान के लिए दिया गया आपका थोड़ा सा समय हमारे देश की दशा और दिशा तय करेगा । लक्ष्य श्रेष्ठ और मयूरेश द्विवेदी ने सभी युवाओं से अपील की अआपके सुनहरे भविष्य और मजबूत भारत के लिए आपका एक एक वोट कीमती है इसलिए मतदान अवश्य करें। शर्मा सर ने अपने मताधिकार को सबसे बड़ा अधिकार समझते हुए सभी से वोटिंग करने की अपील की।

### प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक ने किया ऑनलाइन संबोधन

**हुसैनाबाद।** एनडीए के घटक दल एनसीपी अजीत गुट के कार्यकताओं की बैठक हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में पार्टी द्वारा प्रतिनयुक्त पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह हुए शामिल। बैठक को एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें खुद भी बैठक में रहना था। मगर चुनावी कार्यक्रमों में व्यस्तता की वजह से वह शामिल नहीं हो सके। इसका उन्हें काफी मलाल भी है। उन्होंने कार्यकताओं को आह्वान किया कि घर घर पहुंचकर एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में वोट मांगे। देश की मजबूती व लोकतंत्र को कायन रखने के लिए नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी होगा। इसके लिए हमें अपना अपना बूथ जीतना जरूरी है। एनसीपी के पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह ने कहा कि पार्टी तन मन धन से तैयार है। एक एक कार्यकर्ता अपने अपने गांव के एक एक घर में केंद्र सरकार की उपलब्धियां पहुंचने के साथ उनका वोट मांगने का काम करेंगे।

### न्याय रथ पहुंचा पोलपोल, लोगों ने रखीं अपनी समस्याएं

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में मंगलवार को सदर प्रखंड के पोलपोल बाजार में चलन्त लोक अदालत सह न्याय रथ पहुँचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक ,आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने आवास, वृद्धावस्था पेंशन ,राशन कार्ड, चापानल, व मुवावजा भुगतान नही किए जाने से सम्बंधित समस्याएं को रखा। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट पुष्कर राज ने कहा कि चलन्त लोक अदालत का आयोजन एक मई से आरंभ किया गया है।जिसके तहत गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं।

# सामान्य प्रेक्षक पहुंचे लातेहार अधिकारियों संग की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक निखिल निर्मल लातेहार पहुंचे। उन्होने समाहरणालय के सभागार में लोकसभा चुनाव को ले कर गठित सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी व माइक्रो आब्जर्वर के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने सामान्य प्रेक्षक को लातेहार तथा मनिका विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के निमित्त सभी कोषांगों द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी दी। सामान्य प्रेक्षक निखिल निर्मल ने कोषांगो द्वारा किये जा रहे कार्यों की क्रमवार समीक्षा की और सुनियोजित तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होने स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन को लेकर अधिकारियों को कई बिंदुओं पर निर्देश दिये। कहा कि सभी कोषांग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की दरकार है।

### प्रेक्षक ने तैयारियों की जानकारी ली

उन्होंने उपलब्ध इवीएम व वीवीपैट की संख्या, सी- विजिल, इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम, एफएसटी, वीएसटी व वीवीटी की संख्या की जानकारी ली। उन्होने मतदान केंद्रों पर एएमएफ व व्हीलचेयर की उपलब्धता, प्रशिक्षण व वाहनों की पर्याप्त उपलब्धता, सामग्री व आइटी कोषांग की गयी तैयारियों की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने आदर्श आचार संहिता की निगरानी, मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा व्यय पर सतर्कता आदि पर भी चर्चा की। ब्रैठक के बाद उन्होने सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई समेंत कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## राहगीरों से लूटपाट करने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार

**लातेहार ।** पुलिस ने सड़क पर लूटपाट करने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि लूट की नीयत से कई हथियार घर में छुपा कर रखे गये हैं। इस सूचना की सत्यापन के बाद बरवाडीह अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी वेंकटेस प्रसाद के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम ने छिपादोहर थाना क्षेत्र के बगई टोला में प्राप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गयी। छापामारी में पप्पू कुमार सिंह (23) सिंह पिता सरजू सिंह ग्राम गाड़ी (बगई टोला) के घर से तीन भरठुआ बंदूक बरामद किया गया। जबकि सोनल सिंह उर्फ बसंत सिंह (22) के घर से एक देसी पिस्टल बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि दोनों आरोपी हथियार का भय दिखा कर डालटेनगंज-महुआडांड़ मुख्य पथ पर राहगीरों से लूटपाट करते थे।

## आदिवासी नायक झारखंडी आवाम के अरमान हेमंत दा से मिला : अविनाश





नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विदित हो दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के भाई राजाराम सोरेन जी के आज श्राद्धकर्म था जिसमे उनके पैतृक गांव नेमरा पहुंचे जहां पूर्व सी एम हेमंत दा पैरोल पर जेल से आए और अपने महान आंदोलनकारी चाचा जी के श्रद्धकर्म में शामिल हुए।आज पूर्व सी एम हेमंत दा से मिले और कुशल छेम जाने। दिवंगत राजाराम सोरेन जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किए और हेमंत दा को अंगवस्त्र मिठाई देकर स्वागत किए। मामूली आरोप में सलाखों के पीछे कैद से जब हेमंत दा घर आए मानो झारखंडी अरमानों का जन शैलाब उमड़ गया। इस क्षण को शब्दो में व्यक्त नहीं कर सकते है। मेरे लिए यह भावुक क्षण रहा। कैदखाने की ओर जब पुनर्वापसी किए सिपाही लेकर चला जाते जाते हाथ जोड़ कर जनता को अभिवादन किए सब का दिल फफक गया। आज मेरा नायक जल जंगल जमीन लूट दामन के खिलाफ आदिवासियत स्मिता के लिए जेल में है। हम सभी को ऐसे दमनकारी लोगों को वोट से चोट करें और करारा जवाब दें। चाचा जी के यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नमन, विनम्र श्रद्धांजलि ! पूरे यात्रा का मतलब प्रस्थान से पहुंच तक मिलन से विदाई तक का को - ऑर्डिनेट पलामू झामुमो जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र सिन्हा जी ने किया।

### सास और देवर ने पीट कर किया महिला को घायल, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सतेंद्र पासवान की पत्नी उर्मिला देवी उम्र 25 वर्ष को सास सुसीला कुंवर और देवर विशाल पासवान ने सोमवार की सुबह पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।इस घटना के बारे में घायल उर्मिला देवी ने बताया की सोमवार की सुबह किसी बात को लेकर उसे अपने सास सुशीला कुंवर से बहस हो गया। इसी बहस को लेकर सुशीला कुंवर और देवर विशाल पासवान उसे पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए।इसके पास परिजनों के द्वारा घायल उर्मिला देवी को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। महिला ने यह भी बताया कि पिछले बार भी सास के द्वारा मेरे साथ मारपीट किया गया था। उस समय मेरे सिर में 14 टांके लगे थे, परंतु मामला आपस में सुलझा लिया गया था। वही घटना की जानकारी मिलने पर उर्मिला देवी के माता-पिता सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में उर्मिला का इलाज करवा रहे है।

# चतरा लोस क्षेत्र : 22 में 10 प्रत्याशियों पर दर्ज हैं आपराधिक मामले

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार ।** चतरा संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में छह मई को नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन था। अंतिम दिन जय प्रकाश सिंह भोगता ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इस प्रकार अब चतरा संसदीय क्षेत्र के चुनावी समर में कुल 22 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। बता दें कि कुल 31 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। इनमें से आठ प्रत्याशियों का नामांकन तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया था और आज एक प्रत्याशी ने नामांकन वापस ले लिया। बता दें कि इन 22 प्रत्याशियों में कुल दस प्रत्याशियों पर अपराधिक मामला दर्ज है। इन प्रत्याशियों ने अपने शपथ पत्र में इन मामलों का जिक्र किया है और यह चुनाव आयोग के नो योर केंडिडेट में जारी किया गया है।

### कई दलों के नेताओं पर दर्ज हैं अपराध के मामले




भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी पर भी दर्ज हैं आपराधिक मामले

भाजपा व कांग्रेस समेत कई निर्दलीय प्रत्याशियों के उपर अपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस के केएन त्रिपाठी पर सरकारी आदेशों का उल्लघंन करने व आदेश के बिना संपति का प्रयोग में लाने के आरोप में मामला दर्ज हैं। जबकि भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह पर अवैध खनिज परिवहन के आरोप में मामला दर्ज है। इसी प्रकार सीपीआई के प्रत्याशी अर्जुन कुमार पर दुर्व्यहार व मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज है। बसपा के नागमणि पर धारा 144 का उल्लघंन करने के आरोप मे मामला दर्ज है। निर्दलीय प्रत्याशी श्रीराम सिंह पर नाजायज मजमा लगाने व पत्थरबाजी करने के आरोप में मामला दर्ज है। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी दीपक कुमार गुप्ता, मो अबुजर खान व दर्शन गंझू पर अपराधिक मामले दर्ज हैं।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अधिसंख्य पंखे खराब, मरीज परेशान

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों के साथ आए परिजनों को ठहरने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। वह बरामदे में अपना किसी तरह समय गुजारते हैं। लेकिन यहां का पंखा खराब होने से वह गर्मी में उबल रहे हैं। और तो और जो पंखे चल रहे हैं, उसमें अधिकांश की रफ्तार इतनी सुस्त है कि हवा लोगों तक पहुंच ही नहीं पा रही है।जिसके वजह से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों व उनके साथ मौजूद परिजनों की मुश्किलें ज्यादा बढ़ रही हैं।अस्पताल के वार्डों में लगे ज्यादातर पंखे लंबे समय से रिपेयरिंग न होने से महज हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। किसी के कंडेंसर खराब हैं, तो किसी में अन्य प्रकार की गड़बड़ी है। नतीजा यह है कि बिजली रहने के बाद भी यहां के पंखे ठीक ढंग से नहीं चल पा रहे। ऐसे में समुचित हवा मरीजों तक नहीं पहुंच पा रही है।

## इंटरसिटी ट्रेन में एक यात्री हथियारों के साथ गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बीती रात आरपीएफ के जवानों ने बरकाकाना से चलकर वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से एक यात्री को गैरकानी कानूनी हथियारों के साथ पकड़ा इस व्यक्ति के पास से आरपीएफ ने 1 देशी पिस्टल के साथ 2 जिंदा कारतूस व 3 मिस फायर कारतूस बरामद किया गया। जब रांची बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन गाड़ी संख्या 18611, को डाल्टनगंज स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची और सभी कर्मी ट्रेन कोच के अंदर निगरानी कर रहे थे। रेलवे सुरक्षा बल बरकाकाना से प्रधान आरक्षी बबलू कुमार , शंभू कुमार, उदय कुमार व आरक्षी अजय कुमार गाड़ी संख्या 18611 अप रांची-बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस का मार्गरक्षण बरकाकाना से गढ़वा रोड तक कर रहे थे।

## अबकी बार 400 पार, फिर एक बार भाजपा सरकार : पांडेय

नवीन मेल संवाददाता

**मेदनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पथ सभा में भाजयुमो जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा कि झारखंड की जनता आदरणीय प्रधानमंत्री को लोकसभा की सभी 14 सीटों पर विजय का आशीर्वाद देने का मन बना चुकी है।अबकी बार 400 पार, फिर एक बार भाजपा सरकार। केंद्र की मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की योजनाओं के साथ ही भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचेंगे नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका, विकास सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम किया। जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना, धारा 370 खत्म करना 500 वर्ष की प्रतीक्षा को खत्म कर राम मंदिर निर्माण, कोराना काल में पालक की तरह देश की जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण करना जैसी तमाम योजनाएं मूलतः प्रमुख है। श्री पांडे ने कार्यकर्ता से प्रत्येक बूथ से भाजपा के प्रत्याशी को जिताने का आह्वान किया। उन्होंने ने कहा कि कुछ समय के बाद सभी राम मय हो जाएंगे और जो राम विरोधी होंगे उनको जनता नहीं बख्शेगी। हम पलामू लोकसभा में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। आज मोदी सरकार ने जिस तरह देश को विश्व पटल पर ला दिया है वो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। लोकसभा चुनाव के नियमित पथरा मंडल के नगवा और मझगवां गांव में सिकंदर चौधरी जी के अध्यक्षता में पथ सभा का आयोजन किया गया अपने संबोधन के माध्यम से आदरणीय विष्णु दयाल राम जी को पुनः भारी मतों से जीताकर केंद्र में फिर एक बार मोदी जी की सरकार बनाने के लिए आग्रह किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी श्री रघुराज पांडे जी अमलेश दुबे सूरज गुप्ता जीजी संतु चौरसिया जी आशीष चौरसिया जी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।



## कांग्रेसियों ने बैठक कर केएन त्रिपाठी को जिताने का लिया संकल्प



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के अध्यक्ष राज किशोर सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी को जिताने का संकल्प लिया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित वरिष्ठ नेता प्रमोद प्रसाद सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए हम सभी राजनीतिक दल के लोगों को निस्वार्थ भाव से काम करने की जरुरत है, ताकि केएन त्रिपाठी को भारी मतों से विजयी बनाया जा सके। केएन त्रिपाठी की तारीफ करते हुए कहा कि वो बहुत ही सरल विचार के व्यक्ति हैं।

### धर्म के नाम पर राजनीति कर रहे हैं पीएम मोदी व प्रमोद सिंह

**प्रमोद प्रसाद सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वो 400 पार के नारे लगाते फिर रहे हैं। 10 साल के शासनकाल में मोदी जी एक भी नयी योजना धरातल पर नहीं उतार सके। उन्होंन सिर्फ कांग्रेस द्वारा संचालित योजनाओं का नामकरण किया है। प्रधानमंत्री मोदी बेरोजगारी कैसे खत्म हो, इसके बारे में कहीं कुछ नहीं बोल रहे हैं। वो सिर्फ धर्म के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान दरोगी प्रसाद यादव, विश्वनाथ पासवान, संजय सिंह, सत्येंद्र यादव, अरुण सिंह, उपेंद्र यादव, मनोज यादव, गणेश यादव, पवन कुमार, सूर्य देव यादव, नवल सिंह, तस्लीम अंसारी, विजय सिंह, भिखारी सिंह व अजय यादव समेत कई कांग्रेसी मौजूद रहे।**

## पेज एक के शेष

### काले धनकुबेरों के ...

राजनीतिक गलियारे और प्रशासनिक खेमे में खलबली मच गई है। पैरवी वाली पर्ची जहांगीर आलम के ठिकाने से बरामद रुपयों के ढेर में मिला था, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने तत्कालीन हजारीबाग जिले के कटकमदाग की बीडीओ शालिनी खलखो को हटाकर हजारीबाग से कहीं दूर करने के बारे में लिखा है। 23 जून 2023 लिखा हुआ है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि इन्हें हटाना जरूरी है।

### हमारी चुनावी प्रक्रिया...

अच्छी चीज है उसे चुनावी व्यवस्था में विकसित किया है, चुनाव आयोग इसके लिए अभिनंदन का अधिकारी है। प्रधानमंत्री मोदी ने दो चरणों की चुनाव प्रक्रिया के शांतिपूर्ण होने, हिंसा की घटना नगण्य होने पर चुनाव आयोग समेत, सुरक्षा बल और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी प्रशासनिक अधिकारियों को बधाई दी।

**राणीप का रेगुलर मतदाता हूं :** प्रधानमंत्री ने कहा कि वे अहमदाबाद के राणीप में रेगुलर मतदाता हैं और यहां वे आकर मतदान करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं देशवासियों से विशेष आग्रह करूंगा कि लोकतंत्र में मतदान सामान्य दान नहीं है, हमारे देश में दान का एक महात्म्य है और उसी भाव से देशवासी ज्यादा से ज्यादा मतदान करें।

**पीएम ने जमकर की चुनाव आयोग की तारीफ :** प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव आयोग के वोटर फ्रेंडली अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि आनंद की बात है कि पहले दो चरण में जो मतदान हुआ है उसमें नगण्य हिंसा हुई है। पीएम ने कहा कि पहले हिंसा का दौर चलता था। चुनाव आयोग, देश के सुरक्षा बलों और चुनाव की व्यवस्था से जुड़े प्रशासनिक अधिकारियों का अभिनंदन करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार चुनाव आयोग ने कई तरह की व्यवस्था की। चुनाव आयोग का पूरा अभियान वोटर फ्रेंडली मैनेजमेंट में ध्यान केन्द्रित किया। आज उन्होंने एक घड़ी देखी जो मतदाता को लगातार अलर्ट करती है कि आपका मतदान हुआ? सभी के मोबाइल में यह घड़ी उपलब्ध है। चुनाव आयोग ने तकनीक का भरपूर उपयोग किया।

### गोपनीय पत्र मिलने की...

मुझे विश्वास है कि आप भी यह देखकर आश्चर्य चकित होंगे। लिखा है कि प्रवर्तन निदेशालय, रांची द्वारा 08 मई, 2023 को मुख्य सचिव, झारखंड को पत्र लिखा जाता है और दूसरे दिन नौ मई को मुख्य सचिव द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को कार्रवाई का आदेश दिया जाता है। आश्चर्य है कि सचिव ने इस संवेदनशील मामले में कार्रवाई करने में कोई रूचि नहीं दिखाई। गंभीर मामला यह भी है कि ईडी द्वारा लिखा गया गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के कर्मचारी जहांगीर आलम के घर से ईडी की छापेमारी में नोटों के बंडल में मिलता है, जिस पत्र के आधार पर सचिव को भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करनी थी। इसे ही दबाकर भ्रष्टाचार के जरिए अकूत सम्पत्ति अर्जित करने का धंधा चलता रहा। एक तो भ्रष्टाचार करना और दूसरी ओर गोपनीय पत्र नौकर के आवास में नोटों के बंडल में मिलना अति गंभीर मामला है। बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री से पूछा है कि आखिर यह गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के आवास में कैसे पहुंचा। इसमें किस पदाधिकारी की भूमिका है। जांच कराना आवश्यक है। साथ ही इस पत्र के संज्ञान पर भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होनी थी, उन्हें बचाया गया। इस षड्यंत्र में किसकी-किसकी भूमिका है? झारखंड की जनता को इसे जानने का अधिकार है। मुझे उम्मीद है कि आप इस मामले को गंभीरता से लेंगे।

### तीसरे चरण में ...

बहिष्कार भी किया। बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग वोटर की मौत हो गई। वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडिडेट और भाजपा समर्थक के बीच झड़प हुई है। यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए।

### झारखंड में छठे चरण के...

26 उम्मीदवार बचे हैं। इस चरण में नाम वापसी की अंतिम तारीख नौ मई है। रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के चुनाव में नामांकन के पहले दिन कुल तीन प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। इसमें राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से एक नामांकन दाखिल किया गया है। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दो लोगों ने नामांकन पत्र भरा है जबकि दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पहले दिन एक भी नामांकन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से झारखंड में सामान और नकदी की जब्ती का आंकड़ा एक अरब से ऊपर जाकर 01 अरब 10 करोड़ 36 लाख हो गया है।

# कोटाम में घर की बाड़ी में बाघ छिपा मिला



स्पष्ट पद चिह्न मिले लेकिन चार से पांच किलोमीटर की दूरी पर बाघ की मौजूदगी थी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के गारु पूर्वी रेंज में एक अजीबोगरीब घटना घाटी। बीते रात गारु पूर्वी रेंज के गांव कोटाम से एक ग्रामीण संतोष सिंह ने गारु पूर्वी के रेंजर उमेश दुबे को रात के लगभग 10:00 बजे फोन किया। फोन करने वाले ने रेंजर उमेश दुबे को बताया एक कोटाम गांव के एक ग्रामीण कमरुद्दीन मियां के घर के बाड़ी में एक बाघ आ कर छुप गया है। इस खबर ने पलामू टाइगर रिजर्व के रेंजर की नींद उड़ा दी। रेंजर ने तत्काल पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक कुमार आशीष को सूचना दी। यह सूचना बहुत ही घबरा देने वाली थी। कुमार आशीष ने प्रेस को बताया की सूचना के बाद सबसे पहला काम यह किया गया की कोटाम के ग्रामीण जो बाहर थे उन्हे सख्त हिदायत दी गई कि जितना जल्द हो सके अपने-अपने घरों में दुबक जाए दरवाजे और खिड़की लगा ले। कोटाम से वंरक्षकों के टिम कैमरा ट्रैप लेकर कमरुद्दीन मियां के घर के पास भेजो गया। किसी की हिम्मत नहीं थी कि उनके बाड़ी में जा कर पता लगा सके कि क्या उसके बारी के अंदर चुप कर बैठा है। उमेश कुमार दुबे ने बताया कि ग्रामीण बाड़ी में बाघ होने से चिंतित भी थे और उत्सुक भी थे की क्या होता है आगे जो की खतरनाक सिद्ध हो सकता था। पलामू टाइगर रिजर्व के गारु पूर्वी एक अधिकारी और कर्मी और डाल्टनगंज में स्थित पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष मिनट मिनट सेल फोन से कोटाम के हाल पर नजर बनाए रखा। सुबह जब हुई तो पाया गया कि कमरुद्दीन मियां के घर के बारी में सचमुच एक वन्य प्राणी आकर छुपा हुआ था और यह प्राणी बाघ नहीं बल्कि लकड़बग्घा था। उसके स्पष्ट पद चिन्ह मिले लेकिन चार से पांच किलोमीटर की दूरी पर बाघ की मौजूदगी थी क्योंकि उसने एक काले भेस को अपना शिकार बना रखा था। वहां पर पलामू टाइगर रिजर्व के कर्मियों ने कैमरा ट्रैप लगा दिया इस कैमरा ट्रैप में बाघ की तस्वीर भी आ गई और भैंस जिसका शिकार किया था उसे खाते हुए भी पाया गया। कुमार आशीष ने लोगों से अपील की है कि वह सतर्क रहे रात में इस बात का ख्याल रखें कि वह अकेले ना निकले क्योंकि वन्य प्राणी चाहे वह बाघ, हाथी, भालू , लकड़बग्घा कभी भी कहीं भी हो सकता है।

## शहर में खुला भारतीय परिषद पलामू इकाई का जिला कार्यालय



नवीन मेल संवाददाता

**मेदनीनगर।** शहर के सुदना में एल्युमिनियम फैक्ट्री के निकट भारतीय मानवाधिकार परिषद पलामू इकाई का जिला कार्यालय का उद्घाटन परिषद के अध्यक्ष संध्या देवी ने किया। मौके पर परिषद के जिला महासचिव महेंद्र नाथ शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ सीमा कुमारी, सचिव चंचला कुमारी व सह सचिव किरण कुमारी एवं अविनाश कुमार राजा, जिला समन्वयक शिला कुजूर व संजीव कुजूर एवं सक्रिय सदस्य असतोरा देवी सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत अध्यक्ष संध्या देवी ने वहां उपस्थित लोगों को मानवाधिकार के कर्तव्यों एवं दायित्वों के विषय में जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समाज के पीड़ित वैसे लोगों को जिन्हें न्याय नहीं मिल रहा हो या फिर बिलम्ब हो रहा है उसमें यथोचित सहयोग उन्हें न्याय दिलाने का कार्य करने की प्रतिबद्धता दुहरायी। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग हैं जिन्हें उचित न्याय नहीं मिल पाता है वैसे लोग कार्यालय में पहुँचकर अपनी समस्या बताएं उन्हें हर सम्भव सहयोग कर न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि कार्यालय खोलने की जानकारी जिले के तमाम अधिकारियों को दे दी गयी है। सभी लोगों ने सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिया है।




# तीसरे चरण का मतदान : शाह, दिग्विजय, ज्योतिरादित्य डिंपल यादव और शिवराज सिंह की किस्मत ईवीएम में कैद



टीएमसी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा ने नैदा में लोस चुनाव के तीसरे चरण में वोट डालने के बाद स्याही लगी अपनी उंगली दिखाई।



अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी और उनकी पत्नी प्रीति अदाणी ने लोस चुनाव के तीसरे चरण के दौरान एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगलियां दिखाईं।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के लिए वोटिंग मंगलवार सुबह 7 बजे से शुरू हुई और शाम छह बजे तक चली। इस चरण में 11 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर मतदान हुआ। तीसरे चरण में कुल 1.85 लाख पोलिंग स्टेशन पर 17.24 करोड़ मतदाता वोटर थे। इसमें 8.85 करोड़ पुरुष मतदाता और 8.39 करोड़ महिलाएं शामिल थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला समेत कई केंद्रीय मंत्रियों के भाग्य का फैसला इस चरण में होना है। वहीं डिंपल यादव, सुप्रिया सुले, दिग्विजय सिंह जैसे विपक्षी नेताओं की किस्मत भी ईवीएम में कैद हो गई है। जब लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीखों का ऐलान हुआ था, उस वक्त तीसरे चरण में 12 राज्यों की 94 सीटों पर मतदान होना था। लेकिन गुजरात के सूरत में बीजेपी प्रत्याशी को निर्विरोध चुन लिया गया। मध्य प्रदेश के बैतूल में चुनाव की तारीख बदलकर 7 मई कर दी गई। यहां दूसरे चरण में चुनाव होना था। साथ ही जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर मतदान की तारीख बदल दी गई। यहां तीसरे चरण में चुनाव होना था लेकिन अब यहां छठे चरण में यानी 25 मई को मतदान होगा।



## कामेश्वर महादेव का दर्शन कर अमित शाह ने किया मतदान

**एजेंसी। अहमदाबाद**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नाराणपुरा स्थित कामेश्वर महादेव मंदिर के समीप सब जोन ऑफिस के रूम नंबर 1 में सपरिवार मतदान किया। मतदान से पहले शाह ने कामेश्वर महादेव के दर्शन किये। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सुबह 9.08 बजे अहमदाबाद में कामेश्वर महादेव मंदिर के समीप सब जोन ऑफिस में बने बूथ पर पहुंचे। शाह के साथ उनकी पत्नी, पुत्र जय शाह साथ थे। शाह ने सपरिवार के साथ सब जोन ऑफिस के रूम नंबर 1 में बने बूथ पर मतदान किया। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री शाह ने कामेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन किये। मतदान केन्द्र को हेरिटेज थीम पर तैयार किया गया था और केन्द्र पर हेल्थ टीम, पानी, व्हील चेयर समेत तमाम व्यवस्था की गई थी। मतदान करने के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मीडिया से बातचीत में देशवासियों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। शाह ने कहा कि सभी लोकतंत्र के महोत्सव में भाग लें। देश में स्थिर सरकार, सुरक्षित सरकार, सुरक्षित देश, समृद्ध देश और समर्पित सरकार को चुनें। आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में प्रयत्नशील सरकार को चुनें। विश्व में भारत को नंबर 1 बनाने वाली सरकार को चुने। मतदान केन्द्र के बाहर सुरक्षा से लेकर स्वास्थ्य संबंधी तमाम सुविधाओं को उपलब्ध कराया गया था।

**शाह ने सुरक्षित व समृद्ध देश के लिए स्थिर और समर्पित सरकार चुनने का किया आह्वान**



● कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह अपनी पत्नी अमृता सिंह के साथ भोपाल में मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए वोट डालने के बाद स्याही लगी अपनी उंगली दिखाते हुए।



● समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश और मैनपुरी से पार्टी की उम्मीदवार उनकी पत्नी डिंपल ने इटावा जिले के सैफई में लोस चुनाव के लिए अपना वोट डालने से पहले अपनी उंगलियों पर अमिट स्याही लगवाई।

## वोट डालने पहुंची 103 वर्षीय बुजुर्ग महिला को हाथ पकड़कर बूथ तक ले गए सिंधिया



गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में वोटिंग के दौरान एक बुजुर्ग महिला वोट डालने पहुंची। इस दौरान यहां के बीजेपी उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया का अलग अंदाज देखने को मिला। दरअसल, बामोर कलां ग्राम पंचायत में 103 वर्षीय एक महिला वोट डालने आई। उन पर सिंधिया की नजर पड़ी। इसके बाद सिंधिया ने वृद्ध महिला का हाथ पकड़कर उन्हें वोट दिलाने बूथ तक ले गए।




● पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने अपने परिवार के साथ गृह ग्राम जैत के मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट डाला। शिवराज सिंह चौहान विदिशा लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं।



● केंद्रीय मंत्री मनसुख एल मंडाविया अपनी पत्नी नीता के साथ भावनगर में मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के दौरान वोट डालने के बाद स्याही लगी अपनी उंगली दिखाते हुए।





# मतदान से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने बच्ची को दिया ऑटोग्राफ

**एजेंसी। अहमदाबाद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राणीप के निशाल स्कूल में मंगलवार सुबह 7.45 बजे मतदान किया। इससे चार मिनट पहले मतदान केन्द्र के बाहर खड़ी बालिका सिया पटेल को ऑटोग्राफ दिया। यह बच्ची उनका पोर्ट्रेट लेकर खड़ी थी। प्रधानमंत्री ने पोर्ट्रेट पर अपना हस्ताक्षर किया। प्रधानमंत्री मोदी हल्के मूड में नजर आए। उन्होंने केसरिया रंग की कोटी पहन रखी थी। मतदान करने के बाद वे प्रसन्न दिखे और बच्चों को हाथ हिलाकर उनके ऊपर अपना दुलार दिखाया। कुछ लोगों ने उनसे ऑटोग्राफ मांगे तो प्रधानमंत्री ने उन्हें भी ऑटोग्राफ दिए। प्रधानमंत्री मोदी को वोटिंग करते देखने के लिए सड़क के दोनों और बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। भारी सुरक्षा के बीच प्रधानमंत्री मतदान केन्द्र से थोड़ी दूरी काफिले के साथ आए अपने वाहन से बाहर आए। इसके बाद पैदल चलते हुए मतदान केन्द्र पहुंचे।

## मतदान केंद्र के बाहर बुजुर्ग महिला ने पीएम को बांधी राखी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद के रानिप स्थित निशान स्कूल में वोट डाला। इस दौरान उत्साही भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मतदान केंद्र के बाहर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। समर्थकों और शुभचिंतकों की भीड़ के बीच, एक बूढ़ी महिला ने पीएम मोदी को राखी बांधी। बदले में उन्होंने हाथ जोड़कर आशीर्वाद मांगा। पीएम मोदी ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर और ऑटोग्राफ देकर इस गर्मजोशी का जवाब दिया। एक स्थानीय व्यक्ति ने पीएम को एक पेंटिंग भेंट की, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।



गुवाहाटी में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के दौरान एक मतदान केंद्र पर बारिश के बीच वोट डालने के लिए कतारों में इंतजार करते लोग।



गोवा के डोना पाउला में आम चुनाव के तीसरे चरण के दौरान एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डालने के बाद अमिट स्याही का निशान और पहचान पत्र दिखाती एक बुजुर्ग महिला।



## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पत्नी के साथ कलबुर्गी में किया मतदान

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज कर्नाटक में सपत्नीक कलबुर्गी के गुंडुगुर्थी गांव के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला। कांग्रेस ने कलबुर्गी से राधाकृष्ण डोड्डामणि और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने डॉ. उमेश जाधव को मैदान में उतारा है। कलबुर्गी,मल्लिकार्जुन खड़गे का गृह जिला है। राधाकृष्ण डोड्डामणि मल्लिकार्जुन खड़गे के दामाद हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए यह मौका डॉ. उमेश जाधव से पिछली हार का हिसाब बराबर करने और कड़े मुकाबले में फंसे दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि को जिताकर परदे के पीछे की सियासत से मुख्यधारा में लाने का है।



अभिनेता रितेश देशमुख अपनी मां वैशाली देशमुख और पत्नी जेनेलिया डिसूजा के साथ लातूर में वोट डालने के बाद स्याही लगी अपनी उंगली दिखाते हुए।



अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी ने भोपाल में अपना वोट डालने के बाद स्याही लगी अपनी उंगली दिखाई।

## मधेपुरा में दो बूथों पर लोगों ने किया मतदान का बहिष्कार

**एजेंसी। मधेपुरा**

एक तरफ जहां लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के बीच पूरे देश के मतदाताओं में उत्साह देखा जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ मधेपुरा में दो मतदान केंद्रों पर सन्नाटा पसरा है। पीठासीन अधिकारी मतदान केंद्रों में धूल फांकते नजर आ रहे हैं। अधिकारी बस यही गुहार लगा रहे हैं कि कोई तो मतदान करने आ जाए, लेकिन शायद इस बार यहां की जनता ने खोखले वादे करने वाले नेताओं को कड़ा सबक सिखाने की कसम खा ली है। जनता का कहना है कि हर नेता चुनाव के समय अपनी आमद दर्ज कराकर लुभावने वादे कर हमारा वोट ले लेता है, लेकिन जब मसला हमारी समस्याओं का निवारण करने का होता है, तो वो अपना पल्ला झाड़ लेता है। चुनाव प्रचार के दौरान चोली-दामन का साथ निभाने का दावा करने वाले इन नेताओं के पास जब हम चुनाव खत्म होने के बाद फरियाद लेकर पहुंचते हैं तो ये लोग 'हम आपके हैं कौन' वाली मुद्रा में जाते हैं। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए हमने इस बार मतदान के बहिष्कार का फैसला किया है।

मधेपुरा सदर प्रखंड के मदनपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 11 कन्या मध्य विद्यालय मैनिरही बूथ संख्या 187 और मुरलीगंज प्रखंड के दिना पट्टी सखुआ पंचायत स्थित बूथ पर एक या दो नहीं, बल्कि 73 लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। तदाताओं ने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 3 किलोमीटर पर स्थित सड़क अभी तक खराब है। कई दफा अधिकारियों से इसे दुरूस्त करने की मांग की जा चुकी है, लेकिन आज तक किसी ने भी हमारी फरियाद नहीं सुनी। मतदान केंद्रों में तैनात पीठासीन अधिकारियों ने कहा कि महज 5 लोग ही वोट करने आए, जबकि बूथ संख्या 187 पर मतदाताओं की संख्या एक हजार 62 है। वहीं, बीडीओ सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया और उनसे मतदान करने की अपील की।




KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com